६१.१५
१०.३.६

'पतिता' में आचार्य चतुरसेन की कला, कल्पना और चित्रण की दृष्टि से अत्यन्त मार्मिक कहानियाँ ली गई हैं। इनमें कुछ तो क्लासिक का स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। आचार्यजी ने सैकड़ों सुन्दर कहानियाँ लिखी हैं; पर ये कहानियाँ सुन्दरतम हैं। विषय और शिल्प की दृष्टि से भी इन कहानियों में पर्याप्त विविधता है।

स्वर्गीय आचार्य चतुरसेनजी का पुरानी पीढ़ी के कथाकारों में प्रमुख स्थान है। उनकी प्रतिभा बहुमुखी है। कहानी, उपन्यास, नाटक—सभी कुछ आपने लिखा है और बहुत सुन्दर लिखा है। आपकी एक सौ से ऊपर रचनाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं।

महान कथाकार स्वर्गीय आचार्य चतुरसेन की रसवंती भावधारा से पूर्ण सुन्दरतम कहानियां! आचार्यजी की सशक्त शैली, अपूर्व वातावरण-सृष्टि और जीवन्त चित्रण की बेजोड़ कृतियां!

आचार्य चतुरसेन

आचार्यजी की आठ उत्कृष्ट कहानियां

२०१६
१०-३-६८

पतिता

क्रम

१. पतिता ... ५
२. दुखवा मैं कासे कहूं मोरी सजनी २८
३. प्यार ... ३७
४. दे खुदा की राह पर ... ५७
५. पुरुषत्व ... ६६
६. मास्टर साहब ... ८१
७. नवाब ननकू ... १०४
८. खूनी ... १२१

पतिता

मेरा नाम आनन्दी है। जब मेरी उम्र ग्यारह वर्ष की थी, तब मैं अपनी मौसी के साथ दिल्ली आई। मैंने कभी दिल्ली देखी न थी, सुनी थी। बहुत तारीफ सुनी थी। बिजली की रोशनी, ट्राम, पंखे, मोटर—सब कुछ मेरे लिए स्वप्न-सा था। अब तक मैं देहात में रही, पहाड़ में किसी ओर पड़ी हुई थी। मेरे मा-बाप जमींदार थे, नाम जबान पर लाना नहीं चाहती, मैं कलंकित हुई, उन्हें क्यों धब्बा लगाऊं? मैं उनकी इकलौती बेटी थी, गोदों में पली और प्यार में नहाई। मेरे बराबर सुखी कौन था! जब मैं सुनहरी धूप में तितली की तरह *उछलती-कूदती सामने की हरी-भरी पर्वत-श्रेणियों* पर दौड़-धूप करती थी, मेरी पड़ोसिनें गीत गाती, घास का गट्ठर पीठ पर लादे मेरे सामने से निकल आती। झरने का मोती के समान उज्ज्वल और बर्फ के समान ठंडा पानी इठला-इठलाकर पीती, उसमें पत्थर मार-कर उसे उछालती, कभी पत्ते की नाव बनाकर बहाती।

ओह! मैं कितनी हंसती थी! हंसते-हंसते आंसू निकल आते थे। आज तो रोने पर भी नहीं निकलते। मालूम होता है, कलेजे का सारा रस सूख गया है। लड़कियों को मैं खूब मारती, पर पीछे उन्हें पुचकार-पुचकारकर राजी भी कर लेती। मुझमें अक्खड़पन खूब था, पर मैं भोली भी एक ही थी। जो कोई मुझसे प्यार से बोलता, मैं उसकी चाकर; जो जरा टेढ़ा हुआ और बस मैं भी टेढ़ी।

जीवन क्या होता है, मैंने कभी नहीं जाना; मैं बड़ी हो जाऊंगी, यह मैंने नहीं सोचा, मुझपर दुनिया की कोई जिम्मेदारी पड़ेगी, इसका ध्यान भी न था। भविष्य की आनेवाली सारी आंधियों और

तूफानों के भय से दूर मैंने हिमालय की पवित्र और सुनहरी गोद में अपने हीरे-मोती-से ग्यारह साल व्यतीत किए।

दिल्ली देखकर मैं मन-ही-मन घबरा गई थी और मौसी के घर में घुसते तो भय लगता था। वह घर था?—देदीप्यमान इन्द्रभवन था। वह सजावट देखकर मेरी आंखें बन्द होने लगीं। बढ़िया रंग-बिरंगे कालीन, दूध के समान उज्ज्वल चांदनी, बड़े-बड़े मसनद, मख-मली गद्दे, मसहरियां, तस्वीर, सिगारदान, आईने और न जाने क्या-क्या? मेरे पद-स्पर्श से छू लेने से कहीं कोई वस्तु मैली न हो जाए, बिगड़ न जाए—इस भय से मैं सिकुड़कर एक कोने में खड़ी हो गई। मैं मैली-कुचैली गांव की अल्हड़ बच्ची इस घर में कहां रहूंगी? रह-रहकर भाग जाने की इच्छा होती थी।

मौसी ने मेरी द्विविधा को भांप लिया। उसने पास आकर दुलार से कहा, "जा बेटा! ऊपर हीरा है और भी कई जनी हैं, तू भी वहीं जाकर बैठ।"

मैं ऊपर चल दी। क्या देखा—कह ही दूं? रूप वहां बिखरा पड़ा था, मानो किसीने चांद को जोर से जमीन पर दे मारा हो और उसके टुकड़े बिखरे पड़े हों। सब दस-पन्द्रह थीं; सभी एक से एक बढ़कर। सभी अलबेली-मस्तानी थीं और चुहलबाजी में लगी थीं। किसीकी कंघी-चोटी हो रही थी, किसीका उबटन; कोई धोती चुन रही थी, कोई गजरा गूथ रही थी। सभी नवेलियां थीं। यौवन उनके अंगों से फूट रहा था। यौवन और सौन्दर्य के ऊपर एक और उन्मादिनी वस्तु थी, जिसे तब न समझा था; बहुत दिन बाद, जब मैं भी उनमें मिल गई, समझा—वह थी वेश्यापन की धृष्टता। और उसने उन्हें आफत बना रखा था।

वे लड़कियां न थीं, स्त्रियां भी न थीं, वे थीं आग के छोटे-छोटे अंगारे। पड़े दहक रहे थे, छूते ही छाला उत्पन्न कर दें। इन सबके बीच में हीरा थी। उसका भी कुछ वर्णन तो करना ही पड़ेगा। वैसा रूप तब से आज तक, यद्यपि मैंने जीवन-भर रूप के सौदे किए—पर देखा ही सुना भी नहीं। इटली के कारीगर की बनाई संगमरमर की प्रतिमा

की भांति, हंस की सी सुराहीदार और सफेद गर्दन उठाए वह बैठी बाल सुखा रही थी। एक धानी दुपट्टा उसके वक्षस्थल पर अस्त-व्यस्त पड़ा था, पर उस अनिन्द्य वक्षस्थल को शृंगार करने के लिए और किसी परिधान की आवश्यकता ही न थी। प्रभातकालीन नवविकसित कमल-पुष्प के समान उसकी बड़ी-बड़ी आंखें और फूले हुए लाल-लाल होठ! हल्के पारदर्शी रंग से प्रतिबिम्बित-से गाल उसकी मुखमुद्रा को लोकोत्तर बना रहे थे। उसके दांत किस कारीगर ने बनाए थे, यह मैं मूर्ख क्या बताऊं? पर उनकी चमक से चौंध लगती थी। हीरा ने अनायास ही मुझे देखा, सभी ने देखा। मैं सहमकर ठिठक गई। उसने मुस्कराकर पास बुलाया, गोद में बिठाकर पुचकारा, प्यार किया, मेरे देहाती वस्त्रों को देखा और हंस दी। उसने प्यार से मेरे गालों पर चुटकी ली और मेरे शृंगार में लग गई। उबटन किया, चोटी में तेल दिया, कपड़े बदले और न जाने क्या-क्या किया। इसके बाद मेज पर उचकाकर मुझे रख दिया और सहेलियों से बोली, "देखो री, हमारी छोटी रानी कितनी सुन्दर है!" उसने मुझे चूमा, फिर तो मुझपर इतने चुम्मे पड़े कि मैं घबरा गई। उन चुम्मों में, उस प्यार में, उस शृंगार में मैं भूल गई—अपना बचपन, वे पवित्र खेल कूद, वे पर्वत-श्रेणी, उपत्यकाएं, माता-पिता, सहेली—सभीको। मेरे मन में एक रंगीन भाव की रेखा उठी और धीरे-धीरे मैं मदमाती हो चली।

परन्तु, उस भीषण ऐश्वर्य और ज्वलन्त रूप की जड़ में जो पाप था, उसे मैं कैसे समझती? पाप कहते किसे हैं, यही मैं कैसे जानती? जीवन के सुख और ऐश्वर्य के पीछे एक धर्मनीति छिपी रहती है, यह मुझे उस घर में बताता कौन? फिर भी मेरी आत्मा ही ने मुझे बताया, वही आत्मा अन्त तक कर्मों का नियन्ता रही।

मैं उस घर में सब कुछ देखती थी। मैं कह चुकी हूं कि मुझ-सी दस-पन्द्रह थीं, पर मैं सबसे छोटी थी, नई आई थी। सबके पृथक्-पृथक् सजे हुए कमरे थे; सबके पास बढ़िया गहने, कपड़े, इत्र और न जाने क्या-क्या था। सबकी खातिर खूब होती थी, चोचले भी चलते थे; पर मैं मौसी के पास सोती और रहती थी। सबके उतरे गजरे पहनना

इस साज-शृंगार में एक रहस्य है, पर मैं उमंग में थी।

देखते-देखते मेरा रंग बदल गया। जितने छैले घर में आए, मुझ-पर टूटे। पर मौसी का बड़ा भय था, क्या मजाल जो ज़रा कोई बढ़कर बातें करता! मायकालियों पर मुझे डाह थी, पर अब वे मुझपर जलती थीं। भेद तो अभी खुला न था, पर मुझे इसमें मज़ा आता था ज़रूर।

उस दिन से छठे दिन की बात है। मैं सो रही थी; दिन ढल चुका था; मौसी ने बुलाकर कहा, "बेटी, नहा-धोकर नई साड़ी पहन ले, बालों का अंग्रेज़ी जूड़ा बांध ले, पेरिस की ज़रीकट साड़ी पहन ले और ज़रा सलीके का ध्यान रख। खबरदार, नादानी न करना।" मैं कुछ समझी, कुछ नहीं—चली आई। मन में उथल-पुथल मच गई, नहीं कह सकती—भय से या आनन्द से।

रात घिर आ गई और मेरा शृंगार खत्म ही न होता था। दस बजे एक अल्पवयस्क सुन्दर कुमार ने मेरे कमरे में प्रवेश किया। मैंने इन्हें कभी न देखा था। एकान्त में मेरे पास किसी पुरुष का आना प्रथम बात थी, पर बहुत-सी बातें तो मैं देख-भालकर ही समझ गई थी। फिर भी मैं डर गई। मैंने सहमकर उनसे कहा, "मौसी उधर है, आप वहां जाइए।"

उन्होंने हंसकर कहा, "जल्दी क्या है? ज़रा देर आपसे भी बात कर लूं!" अब मैं क्या कहती? चुप बैठ गई!

उन्होंने कहा, "क्या आप नाराज़ हो गईं?"

"जी नहीं।"

"फिर चुप्पी क्यों?"

"आप कुछ दरयाफ्त करें तो जवाब दूं।"

बस बातों का सिलसिला चल गया, और क्या-क्या हुआ, यह अब कहने से फायदा? सबका अभिप्राय यही है कि अन्त में मैं उस युवक के हाथ बिकी, उसने मुझे सब कुछ दिया और मैंने उसे दी! मैं वेश्या थी भी नहीं, और उसकी वृत्ति को समझती भी न थी। मेरा जीवन था, उम्र थी, समय था और उसका प्रभाव था। मैं क्या करती? मैंने अपना तन-मन उसे दिया—और उसने, मैंने जो आज तक न पाया था, वह दिया। उस दान के सम्मुख अब तक के सभी ठाट तुच्छ थे।

मैं नारी-जीवन का रहस्य समझी। पर यहीं तक होता तो मेरे बराबर सुखी कौन था ! पर मेरी तकदीर में वेश्या-जीवन का रहस्य समझना लिखा था।

एक महीना स्वप्न की तरह बीत गया। ज्यों-ज्यों महीना बीतता था, वे चिंतित और उदास होते थे। मैं पूछती, पर वे बताते नहीं, टाल जाते। एक दिन मैंने उन्हें घेर लिया। उन्होंने कह दिया, "सिर्फ तीन दिन और मुझे तुमपर अधिकार है आनन्दी। इसके बाद तुम मेरे लिए गैर हो जाओगी।"

"यह क्या बात है ?"

"मैं तुम्हारे लिए अगले महीने की तनख्वाह नहीं जुटा सकता।"

"तनख्वाह कैसी ?"

"तीन हजार रुपये महीने पर मैंने तुम्हें तुम्हारी मां से ले लिया था।"

"आह ! क्या मैं गाय-भैंस की तरह बेची गई हूं ?"

"ऐसा होता तो फिर क्या बात थी ? मैं तुम्हें ऐसी जगह ले जाता, जहां किसीकी दृष्टि न जाती। पर तुम किराये पर उठाई गई हो। मैंने एक महीने का किराया दिया· अब जो देगा वह मेरे स्थान पर होगा।"

मैं तड़प उठी, "यह कैसे संभव है ? मैं तुम्हें प्यार करती हूं ! क्या तुम नहीं करते ?"

"जान से बढ़कर।"

'फिर हमारे बीच में कौन है ?"

"रुपया।"

"मैं उसपर लात मारती हूं।"

"पर तुम्हारी मौसी तो उसपर मरती हैं।"

"मैं उससे कहूंगी।"

"बेसूद है।"

"क्या तुमने कहा था ?"

'मैं एक हजार देने को तैयार हूं।"

"वे क्या थोड़े है ?"

"वे कहती है, 'एक हजार माहवारी आमदनी की जूतियों का सच है।' "

"पर मै तो अपना शरीर और जान तुम्हे दे चुकी !"

"इसका तुम्हें अधिकार नही।"

"मैं रोने लगी, वे चले गए।

मैं रात-भर रोती रही, मेरी आंखें फूल गई और छाती फटने लगी। सुबह होते ही मौसी ने कहा, "बेटी, आज तुझे एक मुजरे पर जाना है, सब सामान तैयार करके लैस हो जाना।"

जो कहना चाहती थी, कह न सकी। सोचा—लौटकर कहूंगी।

मेरा नाम हीरा है, बस इतना ही समझ लीजिए। मैं और कुछ नही बता सकती। समझ लीजिए, मैं धरती फोड़कर पैदा हुई और धरती में समा जाने की इच्छा से जी रही हूं। हजारों मनुष्यों ने मेरे शरीर को देखा, बलात्कार किया और होनी-अनहोनी सब हुई। इनमें राजा-महाराजाओं से लेकर घृणास्पद कलकी और रोगी भी थे—सभीने एक ठीकरे में खाया। लोग कहते हैं कि मैंने रूप पाया और यह भी कहते हैं कि उसे खूब बेचा। पर मुझे सब कुछ बेच-खरीदकर मिला क्या ? इस अभागिनी के मन की बात कौन सुनेगा ? कौन इसपर आंसू बहाएगा ? जगत् में मेरा सगा है कौन ?

फन के कीड़े का नाम बहुतों ने सुना होगा, पर उस जहरीले कीड़े ने खाया मुझे ! हाय दुनिया कैसी प्यारी थी ! कैसा साज-शृंगार, वस्त्र, सुगन्ध, मौज-बहार हास्य—उन स्वप्नों अब याद करती हूं—वे सब कहां चली गईं, स्वप्न की माया की तरह !

स्त्री क्या वस्तु है, यह मुझे आज मालूम हुआ, जब मैंने स्त्रीत्व खो दिया। धर्म मेरा साक्षी है। मैंने रूप को बेचा नहीं। मैंने उसका मोल कभी न जाना, न लिया। अभागिनी भोली-भाली बालिका अपने रूप को कितना देखती—देखनेवाले देखते हैं, यही कैसे समझती, यही तो मरने की बात हो गई। मै जब तक बच्ची रही, तब तक की तो बात ही जाने दीजिए; पर दिल्ली आने पर ? न मां थी, न बाप

था; भाई था—वह भी मारा गया। पर जो भी, वह मां से भी ज्याद लगी। स्वयं हाथों से नहलाती, उबटन लगाती, सुगन्ध लगाती, गजरे से सजाती और मोटर में बैठाकर सैर कराती; तब कौन मेरे बराब सुखी था! मुझे कुछ काम न था। उस्तादजी आते, उनकी सफे दाढ़ी, भट्टी-सी मोटी ऐनक और मीठी-मीठी बोली, कैसी प्यारी थी वे गाना सिखाते, मैं विनोद से उनके गाने की नकल करती। वह इत ठीक उतरती कि सब हंसते खड़े हो जाते। मैं इतराती थी, उत्त से उत्तम भोजन-वस्त्र बिना मांगे हाजिर थे। मैं बड़ी हुई, तीस पहर से ही उबटन-शृंगार, केश-विन्यास और नई साड़ियों को पस और पहनने का जो उपक्रम चलता तो दीये जल जाते। इत्र से महक हुए उस कमरे में नर्म कालीन पर मैं इठलाकर बैठती। बड़े-बड़े से के जवान आते, मेरी स्वर-लहरी पर लोट जाते, रुपयों की बौछ करते। जब आधी रात बीतने पर झोली-भर रुपये ले मैं नई मां देती, तो वह छाती से लगा लेती। बारम्बार 'बेटी' कहती। मैं ज भी थकान न मानती, पड़कर जो सोती तो प्रभात था।

हाय! मैं समझती थी—यह सब मेरा आदर है, गायन-व मेरा गुण है, उनपर सैकड़ों गुणज्ञ रीझ रहे हैं, पर यह भेद तो ' खुला। वह मेरा नहीं, मेरे शरीर का, रूप का आदर था। वह गा तो एक बहाना, एक छल था, एक तीर था, जिससे शिकार मारे थे। मेरी अज्ञानावस्था में कितने शिकार मारे गए, यह मैं अब बताऊं!

उस दिन कोई त्योहार था, शायद तीज थी। मैं नहाकर बैठी मेरी एक सहेली ने मुझे बुला भेजा था। मैं जाने की तैयारी में थ मां ने बुलाया, कहा, "बेटी, वह जो नई बनारसी साड़ी आई है, ले। आज तेरी तकदीर का सितारा बुलन्द हुआ। महाराज ने नौकर रख लिया है। तुझे वहां जाना है, अभी मोटर आ रही है चाहा था कि तुझे रानी बना दूंगी। वह इच्छा पूरी हुई; अब
।"

ख़ाक-पत्थर कुछ भी न समझी। रानी बनने की बात क रानी बनने में मुझे क्या उज्र था; पर नौकरी का

मतलब ? मैंने पूछा, "नौकर रखने से क्या मतलब ? मैं किसीकी नौकरी करूंगी ? वाह ! अब मैं झाड़ू लगाऊंगी और किसीकी नौकरी करूंगी ?"

बुढ़िया हंस पड़ी, हंसते-हंसते लोट गई। उसने मुझे गोद में छिपाकर कहा, "मेरी प्यारी बेटी कैसी नादान है ! धीरे-धीरे सब समझेगी। झाड़ू तू लगावेगी ? वहां बीस दासी तेरी खिदमत करेंगी।"

मैं समझ तो न सकी, पर मुझे आनन्द न आया। मैं भय और चिन्ता में पड़ गई। वहां मेरा है कौन ? मुझे कौन प्यार करेगा, कौन दया करेगा ? मैं बेचैन हो गई। मैं मूर्खा इस बुढ़िया को ही अपना सबसे बड़ा हित् समझती थी।

जहां गई वहां फाटक पर पहुंचते ही मेरे होश उड़ गए। ऐसी बड़ी कोठी, ऐसा सुन्दर बगीचा जन्म में भी न देखा था। गाड़ी पहुंचते ही संगीनधारी सिपाही ने गाड़ी रोककर पूछा, "गाड़ी में कौन है ?"

मौसी ने कुछ कान में कह दिया, वह रास्ता छोड़कर खड़ा हो गया।

गाड़ी धड़धड़ाती चली। फव्वारे उछल रहे थे, रौंसें अत्यन्त सुघड़ाई से कटी थीं और उनमें कटोरे के बराबर गुलाब खिल रहे थे। सुन्दर, साफ, सुर्ख सड़कें और सामने वह महासुन्दर धवल प्रासाद ! वहां पहुंचने ही दो सन्तरियों ने हमें उतारा। तमाम मकान संगमरमर से मढ़ा था, मक्खी के भी पैर रपटें। मैं डरती-डरती पैर रखती, दीवारों और तस्वीरों को देखती, अचल खड़े सन्तरियों को घूरती चली जा रही थी। चलने तक की आहट न होती थी। सोच रही थी, 'हे ईश्वर ! इस महल में रहनेवाला कौन भाग्यवान है !'

एक सजे हुए कमरे में हमें बिठाकर सन्तरी चला गया। उसमें मखमल का हाथ-भर मोटा गद्दा पड़ा था और साटन के पर्दे दरवाजों पर थे। गद्देदार कुर्सियां, कौच और एक से एक बढ़कर सजावट और तस्वीरें। क्या-क्या बयान करूं ? मैं पागल-सी बैठी देख रही थी; हृदय धक्-धक् कर रहा था। बोलना चाहा, पर मौसी ने होंठ पर उंगली रखकर संकेत कर दिया।

थोड़ी देर में एक [illegible] ने [illegible] उठाकर हमें आगे पीछे-पीछे आने का संकेत किया। कई बड़े-बड़े आंगन, कमरे पार करती हुई अन्त में एक [illegible] सजे कमरे में पहुंची [illegible] देखा, एक [illegible] और तेज [illegible] एक पुरुष [illegible] बैठे हैं। मौसी ने जमीन तक झुककर सलाम किया और मैंने भी। [illegible] उठ खड़े हुए। उन्होंने बड़ी बेतकल्लुफी से मौसी का हाथ पकड़कर बैठाया, फिर मुस्कराकर मेरा मिजाज पूछा।

मैं तो [illegible] की हालत में थी। मौसी ने [illegible] कहा, "बेटी, सरकार मिजाज पूछते हैं और तू चुप है!"

वे हंस दिए और बोले, "गूंगी तो नहीं है न?"

"नहीं हुजूर की कनीज है!"

"तब, पर बोलना [illegible] तो नहीं सीखी?"

"अय-हय हुजूर, मेरी जबान टूट जाए!"

"अच्छा मिस हीरा, क्या तुम सिगरेट पीती हो?"

"जी नहीं, सरकार!"

"अच्छा, तब कुछ खाओ-पिओ?" इतना कहकर उन्होंने घण्टी बजा दी। नौकर दस्तबस्ता आ हाजिर हुआ। उसे कुछ इशारा करके उन्होंने मौसी का हाथ पकड़कर कहा, "जब तक वह कुछ खाए-पिए, हम लोग काम की बातें कर लें।"

वे दोनों दूसरे कमरे में चले गए और नौकरों ने फल, बिस्कुट, मेवा मेरे सामने ला रखे। पर मैंने छुआ भी नहीं। मैं भयभीत हो गई थी। मैं समझ गई कि यहां फंसी। हाय! हृदय के एक कोने में नवांकुरित प्रेम विकल हो उठा। पर करती क्या? मैंने निश्चय किया—मैं अवश्य मौसी के साथ जाऊंगी। हठात् महाराज ने कमरे में प्रवेश करके कहा, "अरे, तुमने तो कुछ खाया ही नहीं।"

"जी, मेरी तबीयत नहीं है। क्या मौसी अन्दर हैं?"

"वे गईं।"

"और मैं?"

"तुम्हें यहीं आराम करना है।" वे मुस्कराकर बोले, "क्या तुम्हें

र लगता है ?"

"जी नहीं।"

"यह जगह पसन्द नहीं ?"

"जगह के क्या कहने हैं !"

"मैं पसन्द नहीं ?"

"सरकार क्या फर्माते हैं !" मैं शरमा गई।

एक आदमी शराब, प्यालियां, और कुछ खाने की चीज़ें चुन गया। महाराज ने प्याला भरकर कहा, "लिम हीरा, परहेज़ तो नहीं करतीं ? करोगी, तो भी पीना तो पड़ेगा !"

"हुज़ूर, मैं नहीं पीती।"

"मगर मेरा हुक्म है।"

"मैं मुआफी चाहती हूं।"

"क्या हुक्मउदूली करती हो ?"

"मेरी इतनी मजाल !"

"बेवकूफ औरत, पी !" क्षण-भर में उनकी आंखें लाल हो गईं और त्योरियां चढ़ गईं।

"मैं न पी सकूंगी !"

खूंटी से चाबुक उठाकर उस निर्दयी ने मार उछालना शुरू कर दिया। मेरे चिल्लाने से कमरा गूंज उठा। मैं तड़पकर धरती में लोटने लगी। पर वहां बचानेवाला कौन था ?

वे चाबुक फेंककर बैठ गए। मैं ज्योंही उठी, उन्होंने प्याला भरकर कहा, "पिओ !"

मैं गटगट पी गई।

मेरे हाथ से प्याला लेकर उन्होंने मेरे पास आकर कहा, "हीरा, मेरी दोस्त ! आइन्दा कभी हुक्मउदूली की हिम्मत न करना। अरे, क्या तुम्हारी साड़ी भी खराब हो गई !" इतना कह उन्होंने घण्टी बजाई। एक लड़का आ हाज़िर हुआ। उसे हुक्म दिया, "जाओ, कपोड़ियों से एक उम्दा साड़ी ले आओ।"

साड़ी आई। उसकी कीमत दो हज़ार से कम न होगी। वैसी साड़ी मैंने कभी न देखी थी। मैं अवाक् रह गई। ऐसा बेदर्द आदमी

तो देखा न सुना। मैं साड़ी बदलकर चुपचाप उनके हुक्म की इन्तजारी करने लगी। मेरा गर्व और सारी चंचलता न जाने कहां चली गई।

उन्होंने निकट आकर प्यार के स्वर में कहा, "जाओ, उस कमरे में सो रहो, मैं भी जरा सोऊंगा। किसी चीज की जरूरत हो तो घण्टी देना, नौकर हुक्म बजा लायेगा।"

हाय! क्या मैं सोई! वह पुरुष सो गया और मैं उसके पैर पकड़ बैठी रही। रात बीतने लगी, निस्तब्धता छा गई। हां, मैं पैर पकड़े बैठी थी, उस पुरुष के, जो इतना कठोर और इतना उदार, ऐसा मस्त और ऐसा जिद्दी था, और तस्वीर देख रही हूं किसी और की, जिसे मैंने कुछ दिन पूर्व शरीर अर्पण किया था। मेरा हृदय और प्रेम आवारागर्द बेघरबार पुरुष की तरह भटक रहा था। वेश्यावृत्ति का जटिल रहस्य अब मेरी समझ में आया।

कई घण्टे व्यतीत हो गए। वे एकाएक उठ बैठे। उन्होंने कहा, "बेवकूफ लड़की! क्या तू सचमुच वेश्या नहीं है? तेरे पास हृदय है? तू प्रेम करना जानती है?"

मेरे जवाब से प्रथम ही उन्होंने मुझे उठाकर हृदय से लगा लिया। हाय! यह पापिष्ठ शरीर यहां भी अर्पण करना पड़ा! पर मैं लज्जा से अपने-आपको भी नहीं देख सकती थी।

कह ही दूं, बिना कहे तो चलेगा नहीं; वैसा सुन्दर आदमी नहीं देखा था। रंग गुलाब के समान, दांत जैसे मोती की लड़ी, हास्य जैसे चांदनी की बहार—मैं देखती रह गई, यही महाराज थे। उन्होंने पास बुलाया, प्यार से बगल में बैठाया, क्या-क्या किया, क्या-क्या कहा, वह सब बड़ी कठिनाई से भुलाया है, अब याद क्यों करूं?

मैंने समझा था, मैं नौकर हूं; पर मैं थी रानी! नौकर थे राजा साहब! वे कितना प्यार करते थे, कितना लाड़ करते थे—मैं क्या होश में थी जो समझ सकती! पुरुष स्त्री-जाति को कब क्या देता है, पुरुष स्त्री-जाति को किस तरह सुख देता है, यह केवल वह स्त्री ही जान सकती है, जिसने वैसा सुन्दर, उदार, दाता, दयालु पुरुष पाया हो। मैं कृतार्थ हो गई, मैं धन्य हुई, मुझे अब कुछ न चाहिए था। मेरे पास रूप था, यौवन था, शरीर था, मन था, आत्मा थी, प्रेम था,

हृदय था- -सभी मैंने उन्हें दे दिया; और उन्होंने जो देना चाहा—रुपया-पैसा, वस्त्र, रत्न—सभी मैंने तुच्छ समझा। मैंने एक बार तो निर्लज्ज होकर कह दिया था, "यह सब क्यो करते हो ? तुम्हीं जब मुझे प्राप्त हो, फिर और कुछ मुझे क्या चाहिए !" वे हसते थे। मेरे ये दिन हवा की तरह उड गए। मुझ मूर्ख ने यह समझा ही नही कि यह सब कुछ मेरे लिए नहीं, मेरे रूप के लिए है; और मैं स्त्री नही वेश्या हूं। इस वेश्यापन और रूप ही ने तो मुझे चौपट किया।

यह विधाता की भूल है कि वह वेश्या है। अगर महारानी रूप और गुण में इससे शताश भी होतीं तो कदाचित् जगत् की जूठी पत्तल चाटने की ज़िल्लत में न पड़ता। लाखों मनुष्यो के सामने मैं राजा और महाराज हूं, पर इस औरत के सामने आज एक कुत्ता, जो अपनी नीच स्वाद-वृत्तियो की तृप्ति के लिए सदा उन्मत्त रहता हो। वह जिस दिन आई तभी से मैने उसे समझा। एक अफसोस तो यह है कि वह वेश्या है, दूसरा अफसोस यह कि वह यह बात अभी तक नहीं जानती। नारी-हृदय का नैसर्गिक प्रेम उसके पास अछूता था, वह उसने राई-रत्ती मुझे दिया; पर इससे फायदा ? वह मुझे वही समझती है, जो लाखों-करोड़ों स्त्रियां पुरुष प्राप्त करके समझती रही हैं। पर मैं तो यह जानता हूं कि वह वेश्या है। उसकी मा ने मासिक वेतन लेकर उस काल के लिए उसके शरीर पर मुझे अधिकार करने दिया है, जब तक मैं वेतन देता रहूं। वह आत्मदान कर चुकी, यह तो सत्य है; पर इससे होता क्या है ? इस अधिकार और पद्धतिशून्य असामाजिक आत्मदान को मैं क्या करूं ? क्या मैं खुल्लमखुल्ला उसे पत्नी कहने का साहस करूं ? सारे अखबार हाय-तोबा मचाकर धरती-आसमान उठा लेंगे। सरकार की आखें नीली-पीली अलग हो जावेंगी और सरदार, अफसर परिजन दम निकाल देंगे। वह रानी बनने योग्य है। उसके रानी बनने से उसकी नहीं, महल की शोभा है। परन्तु इस बात को तो देखिए कि यह व्यभिचार और रूप का क्रय-विक्रय तो सब अन्धे और बहरों की तरह देख-सुन रहे हैं, पर इस पाप को नीति और नियम के रूप में संसार नहीं देखना चाहता। फिर मैं क्यो इल्लत लू ? मैं राजा हूं, युवा

हूं, सुन्दर हूं, धनी हूं, मैं भोग-लिप्त होकर भी निरस्त करने में समर्थ हूं। मैं अपना मन इस वासना-अधिकार क्यों त्यागूं ? कठोरता, हां, यह कठोरता और निष्ठुरता तो है, परन्तु राजा बनकर मनुष्य को कितना कठोर बनना पड़ता है ! शासन-व्यवस्था कायम करने के लिए कठोरता जरूरी है। यदि मैं आत्मसुख और शरीर-भोग के लिए भी ज़रा निष्ठुर बनूं तो कुछ हर्ज है ? मैं उसे धन नहीं देता, मुआवजा दे रहा हूं। उसका और उसे मिलेगा क्या ? वह वेश्या है, जब तक उसमें रस है, मैं गन्ना मोल देकर चूसूंगा, पीऊंगा, बरतूंगा ; जब जी भर जाएगा, फेंक दूंगा। अजी ! यह स्त्री-जाति ही ऐसी है। नदी की धार की तरह यह स्त्री-यौवन बहता है। पुरुष होकर सुयोग पाकर मैं क्यों सुप्राप्त यौवन को छोड़ूं ? यह धन, राजसत्ता फिर किस काम आएगी ? अन्ततः हमारा राजपन किस योग्य होगा ? पूर्वकाल के राजागण युद्ध करते थे ; जीवन, मृत्यु सदा उनके सम्मुख थी , देश के चुने हुए विद्वान, उनके मंत्री, सदा उनके पास रहते थे। अब यह सब काम तो प्रबल प्रतापी हमारी दयालु सरकार कर रही है ; हमें छुट्टी है। इस जीवन-भर के अवकाश में यदि हम जी भरकर यौवन और भोग को, जो धन से प्राप्त हो सकता है, न भोगें, तो हमारे बराबर अहमक कौन ?

वह वेश्या है, वेश्या रहे—यह बात उसे समझ रखनी चाहिए ; वह स्त्री नहीं बनी रह सकती। पुरुष से स्त्री को जो प्रतिदान वास्तव में मिलना चाहिए, वह उसे नहीं मिलेगा। जब तक वह यौवन के उभार पर है, वह मेरी है, मेरा सारा राज्य उसके पैरों में है। इसके बाद ? इसके बाद भी चिन्ता क्या है ! वह इतना संचित कर लेगी कि जन्म-भर को काफी होगा।

नख-शिख से शृंगार किए वेश्या के सामने आंख के अन्धे और गांठ के पूरे वेवकूफ और बेग़ैरत नौजवान कुत्ते दुम हिला-हिलाकर जो प्रेम और आदर प्रकट करते हैं, वही क्या वेश्या का सम्मान है ? वेश्या की असलियत तो उनके 'वेश्या' शब्द में ही है। वह रज़ील, अछूत और भले घर की बहू-बेटियों के देखने की वस्तु भी तो नहीं। वे शरीफज़ादे-रईस और राजा, जो समय पर जूतियां उठाते और

जूतियां खाते हैं—यह तो सहन ही नहीं कर सकते कि कभी सामना होने पर भी अपनी घरवालियों से हमारा परिचय तक तो करा दें। अपनी ज़लील हैसियत हम समझती हैं, हमारे हीरे-मोती, महल-पलंग, मसहरी, मोटर, धन—कोई भी हमारी इस ज़लील हैसियत से हमारी रक्षा नहीं कर सकता। हाय! वेश्या के हृदय को छोड़कर और कौन स्त्री-हृदय इस भयानक अपमान की धधकती आग को हंसकर सह सकता है!

उस दिन मेह बरस रहा था। भयानक अंधेरा था। राजमहल स्टेशन से दूर न था, परन्तु महाराज शिकार खेलने वहां से अठारह मील के फासले पर गए थे। उनके अंगरेज़ दोस्त आए थे। वहीं उनकी दावत और जशन का नाच-रंग था। दर्जन-भर वेश्याएं उसमें बुलाई गई थीं। मैं अभागिनी भी उनमें एक थी। मेरे नाच और गाने की ख्याति ने ही मुझे इस विपत्ति में डाला था। पर मैं करती भी क्या! वेश्या पर उसकी कुटनी मां का असाध्य अधिकार होता है। मेरा शरीर अच्छा न था। मैं दो साइयां बजाकर आई थी, थकी थी' सर्दी-जुकाम भी था, पर मुझे आना ही पड़ा। चार सौ रुपये रोज़ की फीस छोड़ी भी कैसे जाती? सारी नवाबी तो उसीके पीछे थी। अंधेरी रात और दस मील का सफर! दस-बारह हम बदनसीब औरतें और हमारे मिरासी नौकर; साथ के लिए चार प्यादे सिपाही और सामान लादने को एक बेगार में पकड़ी हुई बैलगाड़ी और दो लद्दू टट्टू; बस, यह हमारे स्वागत का प्रबन्ध उपस्थित था। क्या ये कमीने राजा अपनी रानियों के लिए भी ऐसा ही स्वागत करने की हिम्मत कर सकते हैं? पर रानियों से हमारी निस्बत ही क्या?

सिपाहियों ने कहा, "बेगार में और कुछ मिला ही नहीं, सामान गाड़ी और टट्टू पर लदा; हमें पैदल चलना होगा।" मैं तो धम्-से बैठ गई। इस अंधेरी रात में, बरसात के समय दस मील पैदल चलने से मैंने मरना ठीक समझा। मैंने साफ इन्कार कर दिया। सिपाहियों ने फबतियां उड़ाईं। अन्त में एक टट्टू पहले मुझे दे दिया गया। मैंने उसे ही गनीमत समझा।

हम भाग्यहीनों की इस ठाट की सवारी चली, जिन्हें वहां पहुंचते

ही अपनी चमक-दमक, रूप और नखरों से उन भेड़िये रईसों को
उनके कमीने मेहमानों को पागल बनाना था। मैं नागनाथ टट्टू प
कम्बल ओढ़े बैठी थी। कमर टूटी जाती थी और मैं गिरी जाती
थी। पानी का छींटा बीच-बीच में गिर जाता था, पर मैं जानती थी
कि वहां पहुंचकर मुझे बहुत मेहनत करनी है, आराम इस नसीब में
कहां ?

तीन घंटे सफर करके हम वहां पहुंचे। पहुंचते ही पता लगा महाराज और पार्टी कभी प्रतीक्षा कर रहे हैं। हमें तत्काल ही पेशवाज पहनकर महफिल में पहुंचना चाहिए। मैंने अधमरी-सी होकर साथ की वेश्या से कहा, "अब इस समय तो मुझसे एक पग भी न उठाया जाएगा।" उसने कहा, "बेवकूफ हुई है! जल्दी कर, ऐसा कहीं होता है!" उसने जल्दी-जल्दी दो-तीन पेग शराब पिलाई।

ओह! मुझे सजना पड़ा। मेरा अंग-अंग टूट रहा था, मैं मरी जाती थी, मुझे ज्वर चढ़ रहा था, पर मेरे पास मिनट-मिनट पर सन्देश आ रहे थे। हीरा प्रथम ही से महाराज के पास थी। उसने कहला भेजा—आनन्दी, जल्दी कर, सभी लोग तेरा नाम रट रहे हैं। मेरा शृंगार हुआ। जड़ाऊ गहने, जरी की पेशवाज, मोतियों के दस्तबन्द और जड़ाऊ पेटी कसकर, इत्र और सेण्ट से तर-बतर हो, पाउडर से लैस हो, दो पेग चढ़ाकर मैं छमाछम करती महफिल में पहुंची; मैं क्या पहुंची, बिजली गिरी—लोग तड़प गए। हाय-हाय से महफिल गूंज गई, महाराज पागल हो रहे थे और दोस्त लोग उछल रहे थे। फूलों के गुलदस्ते मुझपर बरस रहे थे, वाह-वाह का तार बंधा था। क्षण-क्षण पर हरी, लाल, नीली बिजली की रोशनी पड़कर मुझे अमूर्त मूर्ति बना रही थी। पर मेरा सिर दर्द से फटा जाता था और जी मिचला रहा था, पर मैं मुस्कराकर छमाछम नाच रही थी। कहरवे की ठुमकी लेकर मैंने विहाग का एक टप्पा छेड़ा, साज़िन्दे उसे ले उड़े। महफिल में सकते की हालत हो रही थी, तालियों की गड़गड़ाहट की हद न थी, नोट और गिन्नियों का मेंह बरस गया, पर मैं मानो मूर्छित होने लगी। मुझे कै आने लगी थी और मैं अपने को अब काबू न कर सकती थी। मैंने रोशनीवाले को आंख से एक संकेत

गया। एक बार झुककर महफिल को सलाम किया और भागी। महफिल में तालियां गड़गड़ा रही थीं, 'वन्स मोर' का शोर आसमान को चीरे डालता था। उधर मैं एक ओर की के करके बेहोश हो गई थी।

मैं कब तक उस दशा में पड़ी रही, नहीं कह सकती। किसीने झकझोरकर जगाया। आंख खोलकर देखा, हीरा है। मैं उसे देखते ही उससे लिपट गई। ध्यान से देखते ही मुझे मालूम हुआ, हीरा का वह रूप-रंग उड़ गया है। वह पीली पड़ गई है और उसकी उन सुन्दर आंखों के चारों ओर नीले दाग पड़ गए हैं, गले की हड्डियां निकल आई हैं; उसे मैं देखती ही रह गई। वह मुझे इस प्रकार अपनी ओर देखते देखकर हंस पड़ी। हाय! वह हास्य भी कितना रूखा था! कौन हीरा के उस हास्य से सुखी होता? पर मेरे मुह से बात न निकली। मैं नीची दृष्टि किए कुछ सोचने लगी।

हीरा ने कहा, "उठ, उठ आनन्दी! जल्दी कर, तुझे महाराज ने याद फरमाया है।"

उसके होंठ कांप गए, स्वर भी विकृत हो गया, मैं भी डर गई। मैंने कहा, "यह किसी तरह सम्भव नहीं हो सकता। क्या मैं इस समय महाराज के पास जाने योग्य हू?"

"इस बात से क्या बहस? तुझे चलना तो पड़ेगा ही!"

"मैं हरगिज न जाऊंगी।"

उसने प्यार से मेरे सिर पर हाथ फेरा, पुचकारा और कहा, "बेवकूफी न कर, यह रियासत है, अपना घर नहीं। महाराज की हुक्मउदूली की सजा तुझे मालूम है?"

"क्या मार डालेंगे?"

"यह तो कुछ सजा ही नहीं।"

"तब?" मैंने शंकित स्वर में पूछा।

"ईश्वर न करे कि तुझे फजीहत उठानी पड़े। मेरी प्रार्थना यही है कि उनकी इच्छा में दखल न देना। इसीमें खैर है।"

इतना कहकर उसने मुझे उठाया। पर मैं उठ सकती ही न थी।

किसी तरह उसने उठाया । अपनी एक बढ़िया साड़ी मुझे पहना दी बालों का शृंगार कर दिया और कुछ अदब-कायदे की बातें समझा कर ड्योढ़ियों तक पहुंचा आई । मैंने देखा, उसने मुंह फेरकर आं पोंछ लिए ।

मेरा शरीर मानस के काबू में न था । मैं संभल ही न सकी, बर तूफान की तरह महाराज के सामने गिर गई । वहां क्या हो रहा था वह सब मैं देख न सकी । मेरे होश-हवास दुरुस्त न थे, पर वहां सब लुच्चे-लफंगे, नीच-शराबी इकट्ठे थे । वे नर-राक्षस और पिशा थे । वे शराब पी-पीकर पशु हो गए थे । उन्होंने नग्ना बेबस गाई सी मुझपर जैसी बीती, वह मैं वेश्या होकर भी वर्णन नहीं कर सकती जगत् का कोई भी खूंखार पशु किसी अबला स्त्री पर इतना अत्याचा न कर सकेगा । ज्वर में जलती हुई, थकी हुई, मुझ बदहवास, गरी असहाय स्त्री के साथ उन कुत्तों ने क्या-क्या करने और न करने यो किया ? सारा संसार यह कल्पना भी नहीं कर सकता कि मुझ जो बीती और मैंने जो देखा, वह सम्भव भी हो सकता है, पर मे साथ तो वह हुआ । जब तक मैं होश में रही और मेरे शरीर में ब रहा, मैंने उन भेड़ियों को रोका, प्रतिकार किया; परन्तु मैं शीघ्र बदहवास हो गई और मैं उसी अवस्था में डोली पर लादकर दि निकलने से पूर्व ही दिल्ली को रवाना कर दी गई ।

सेकण्ड क्लास के जनाने डब्बे में मैं अकेली थी । मैंने सब खि कियां खुलवा दी थीं । सुबह की ठण्डी-ठण्डी हवा से मेरी तबी हल्की हुई, पर रात जो मुझपर अत्याचार हुआ था वह असाधा था । पर मैं जानती हूं कि जगत् के मर्द उससे क्षुभित न होंगे । वेश के बाहरी स्वरूप को सभी देखते हैं, वह भीतरी रूप तो हम स ही देखती हैं । मैं जरा उठकर देखने लगी, रेल की पटरी के बरा ही बराबर सड़क थी । उसपर एक मोटर तेजी से दौड़ी चली आ र थी । मोटर गाड़ी से दौड़ लगा रही थी । मुझे कौतूहल हुआ । एकटक उसे देखने लगी । मैंने देखा, एक स्त्री उसमें बैठी बड़ी बेचै से गाड़ी को देख रही है । स्टेशन आया, गाड़ी खड़ी हुई और

स्त्री घबराई हुई स्टेशन में घुस आई। एक कर्मचारी उसे मेरे डब्बे में बैठा गया। डब्बे में बैठते ही वह हांफने लगी और दोनों हाथों से मुंह ढककर बैठ गई। गाडी के चलते ही मैंने उसके पास जाकर कहा, "आपको कुछ तकलीफ है क्या ?" उसने चौंककर देखा, और मुझे देखकर जोर से मेरा हाथ पकडकर कहा, "कुछ नहीं, ईश्वर का धन्यवाद है कि मेरी इज्जत बच गई। तुम कहां जा रही हो ?"

मैंने कहा, "दिल्ली।"

"मैं भी वहीं जा रही हूं। तुम्हारा घर किस मुहल्ले में है और तुम्हारे पति क्या काम करते हैं ?"

मैं क्या जवाब देती, मैं चुपचाप खडी रही। कुछ देर बाद सम्भलकर मैंने कहा, "आपको कुछ मदद चाहिए, वह मैं कर सकूंगी: आप कहिए।"

"मैं तुम्हारे यहां कुछ घण्टे ठहरना चाहती हूं और अपने पति को तार द्वारा सूचना देना चाहती हूं। क्या तुम मेरे लिए इतना कष्ट करोगी ?"

"जरूर, परन्तु···" मैं फिर चुप हो गई।

"परन्तु क्या ?" उसने घबराकर कहा।

मेरा

रहा, आत्मग्लानि के मारे मैं मर रही थी।

उस स्त्री ने पूछा, "कहां से आ रही हो ?"

"महाराज की महफिल से।"

उसने घृणा और क्रोध से मेरी ओर देखा। उसने होंठ काटकर कहा, "उस हरामजादे को मैं मच्छर की तरह मसल डालूंगी, उसने मुझे भी तुम जैसी ही रण्डी समझा होगा।"

मेरे कलेजे में तीर लगा। मैंने धीरज धरकर कहा, "मैं उससे घृणा करती हूं, रात उसने मुझपर बड़ा जुल्म किया है। हम अभागिन स्त्रियों की तो सर्वत्र एक ही दशा है। मैं जो हूं वही रहूंगी, यह तो किस्मत है। पर आपकी कोई भी सेवा मैं खुशी से करूंगी, यदि आप

चाहें।"

उसने मेरी तरफ देखा और कहा, "मेरे स्वामी इस स्टेट में इंजीनियर हैं। हम लोग पारसी हैं, पर्दा नहीं करतीं। इस पापी ने मुझे और मेरे पति को एकाध बार खाने-पीने के लिए बुलाया था। वे कल से ही कहीं बाहर भेज दिए गए। उसने आज सुबह मुझे बुला भेजा कि साहब आए हैं, यहां बैठे हैं। मैं सीधे स्वभाव चली गई। पर यहां धोखा था। मेरी इज्जत बचनी थी, मैं गुसलखाने की राह निकलकर मोटर में भागी हूं। मैं सीधी वायसराय के पास जाना चाहती हूं। मैं दिखा दूंगी कि किसी महिला की आबरू उतारने की कोशिश करना किसी गुण्डे के लिए कैसा कठिन है, फिर चाहे वह गुण्डा महाराज ही क्यों न हो।"

इतना कहकर वह लाल-लाल आंखों से मुझे घूरने लगी। मैं अपराधिनी की भांति थर-थर कांपने लगी। क्या यह आश्चर्य की बात न थी? एक ऐसी वीर महिला के सामने, जो अपनी इज्जत बचाने को जान पर खेल गई है, मेरी जैसी जन्म-अभागिनी, जो उसी इज्जत को बेचकर पेट ही नहीं भरती, शान से रहना भी चाहती है—क्या खड़ी रह सकती थी! मैं खिड़की में मुह डालकर रोने लगी।

वह उठकर आई, कहा, "रोती क्यों हो? क्या कोई कड़ी बात मेरे मुख से निकल गई? ऐसा हो तो माफ करना, मैं आपे में नहीं हूं।"

मैंने उसका आंचल उठाकर आंखों से लगाया, उसे चूमा और फिर मैं भरपेट रोई। मैंने अपना पाप स्वीकार किया। मैंने मुह फाड़कर कह दिया, "ईश्वर ने जीवन में मुझे सच्चो स्त्री-रत्न के दर्शन करा दिए। ओह! हम लाखों बेबस नारियां इस पवित्र जीवन से वंचित हैं, कोई भी माई का लाल इसका उपाय नहीं सोचता।"

उसने मुझे छाती से लगाया, प्यार किया। वह पवित्र वीरांगना मुझ पतिता वेश्या, अधम अभागिनी को बेटी की तरह दुलार करती दिल्ली तक आई। किसी तरह मेरी कोई सहायता स्वीकार न की। बहुत कहने पर कहा, "मेरे पास रुपये नहीं हैं। तुम्हारे पास हों तो सौ रुपये दे दो। ये कड़े रख लो, छः सौ रुपये के हैं।" मैंने रुपये दे दिए। कड़े

मेती न थी, पर वह बिना दिए कब रहती ! वह मेरी आखों से ओझल हो गई।

कृमिकीट से भी अधम और घृणास्पद वेश्या होकर भी जो मैंने रानी का गौरवास्पद पद छीनना चाहा, उस धृष्टता का जो दण्ड मिलना उचित था, वह मुझे मिला।

मैं जिस रूप पर इतराती थी और जिसकी सर्वत्र प्रशंसा थी, महाराज भी जिसे देखकर थकते न थे, वह रूप अब निस्तेज हो गया। महाराज पर उसका नशा नहीं होता। वे और नवीनताओं की खोज में लगे और मुझे अनुचरों के सुपुर्द कर दिया। हाय री लाञ्छना! वह सब बड़ी-बड़ी आशाएं मृग-मरीचिका हो गई। जिनसे कल मैं, खुशामद, पीकदान उठवाती थी, वे महाराज के संकेत से मेरे शरीर और आत्मा के अधिकारी हो गए। जैसे पवित्र पाठशाला में विविध स्वादिष्ट खाद्य-पदार्थों से भरा हुआ थाल महाराज के छक-कर भोग चुकने पर जूठन भंगी को मिलती है, मेरी दशा भी उसी पत्तल के समान थी। मुझे अब महाराज के आदेश से उन्हीं के सम्मुख, उनके विनोदार्थ उनके नीच पशुसम पार्षदों से जघन्य कुकर्म बिना उज्र कराना और महाराज के लिए आई हुई नवीनाओं के बीच कुटनी का काम करना होता था।

क्या किसी स्त्री का हृदय बिना फटे रह जाए ? परन्तु मेरा हृदय फटकर भी न फटा। मैंने वह सब किया, जो मुझे आदेश दिया गया। उस दिन महफिल में आनन्दी के रूप को देखकर महाराज और उनके कामुक कुत्ते उसपर लट्टू हो गए, और उस गरीब असहाय बालिका को उनके पास लाने का कार्य करना पड़ा मुझे। इच्छा हुई कि अभी विष खा लूं; फिर सोचा, क्या मेरे मर जाने पर आज कोई रोएगा ? इस रंग-रंग में ज़रा भी विघ्न पड़ेगा ? आनन्दी को भी क्या कोई बचा सकेगा ?

यह तो सम्भव नहीं है। मैं उसे पुचकार-पुचकारकर ले गई। वही हुआ जो भय था। वह उस दिन से शय्या पर पड़ी है। उसके शरीर का बूंद-बूंद रक्त निकल गया, पर रक्त-प्रवाह बन्द होता ही

गई। डाक्टर कहते हैं कि वह बचेगी नहीं, उसे खांसी और ज्वर भी हो गया है, और वह मृत्यु के द्वार पर खड़ी है। मैं उसे देखने गई थी। कैसा दुःख! हाय, सभी खत्म? वह अब उठ-बैठ भी नहीं सकती। अभी उसकी उम्र भी बालिका-जैसी है और वह सभी कुछ मांग सकती, सभी सुख पा सकती, साथ ही परलोक के सभी अधिकार पा सकती। आज यही भोग कर, वह जाएगी उस सर्वशक्तिमान पिता के पास। वह दयालु ईश्वर क्या अब भी उसे और दण्ड देगा! उसने पाप किया, पाप अपना जीवन बनाया, पाप में वह जी और मरी; पर पाप को उसने पाप समझा कब! नारी-जीवन पाकर, नारी-शरीर, नारी के सभी गुण पाकर वह अभागी नारी-गरिमा से बिलकुल वंचित रही!

हां, मैं इसपर विचार करूंगी कि यह वेश्यावृत्ति क्या वस्तु है और इसका दायित्व किसपर है? इसके नाश का क्या कोई उपाय नहीं है? उन पुरुषों को धिक्कार है, जो स्त्रियों के रक्षक होकर भी स्त्री-जाति के इस कलंक को नाश करने का जरा भी उद्योग नहीं करते। आह, आनन्दी! तेरी जैसी कितनी प्यार की पुतलियां इसी तरह कुचली गईं! ये कमीने पापी, धन के बदले हमें प्रलोभनों में फंसाते हैं और हमारा यह लोक और परलोक नष्ट करते हैं। और खेद तो यह है कि इसका ज्ञान हमें तब होता है, जब हमारे बचने के सभी मार्ग बन्द हो जाते हैं। मैं क्या कर सकती थी! मैं उसके लिए अच्छी तरह रोकर चली आई।

मुझे मरने में बड़ा सुख है। रेलवाली उस महिला का हाथ मेरे मस्तक पर है। वह मुझे मृत्यु के बाद मार्ग बताएगी। अब जितना जल्द यह घृणित शरीर छूटे, अच्छा है। मैंने वे पलंग, साड़ी, शाल, आभूषण—सब त्याग दिए। मैं महादरिद्र की तरह मर रही हूं, पर मुझे गर्व है कि इस शरीर को छोड़ अब कोई अपवित्र वस्तु मेरे पास नहीं; और जिस स्वेच्छा से मैंने वे सब सामान त्यागे हैं, उसी तरह मैं इस शरीर को त्यागने को उत्सुक हूं। इसमें मुझे जरा भी दुःख नहीं, पर खेद तो यह है कि अब स्नेहशील हीरा के दर्शन न होंगे। ऐसी प्रेम और त्याग की अप्रतिम मूर्ति, सौन्दर्य की राशि पृथ्वी में कितनी

उत्पन्न होती है? सुना है कि वह पागल हो गई है और उस दिन आत्मघात की इच्छा से छत से कूद पड़ी थी। आखिर कहाँ तक सहन करती? जिसे उसने मन, धन, शरीर दिया, उसीने उसे यहाँ तक गिराया! मैं कहती हूँ, पर पुरुष-जाति को शाप देती हूँ कि इस जाति का नाश हो, इसका वंश नष्ट हो, इसकी मिट्टी ख्वार हो, जो अनजान अबलाओं की पवित्रता और जीवन को अपनी वासनाओं पर कुर्बान करते हैं! यह पुरुष-जाति सदा रोग, शोक, दुःख, दारिद्र्य, पाप, यन्त्रणा में अनन्तकाल तक पड़ी रहे'!

दुखवा में कासे कहूं मोरी सजनी

गर्मी के दिन थे। बादशाह ने उसी फागुन में सलीमा से नई शादी की थी। सल्तनत के झंझटों से दूर रहकर नई दुलहिन के साथ प्रेम और आनन्द की कलोलें करने वे सलीमा को लेकर कश्मीर के दौलतखाने में चले आए थे।

रात दूध में नहा रही थी। दूर के पहाड़ों की चोटियां, बर्फ से सफेद होकर, चांदनी में बहार दिखा रही थी। आरामबाग के महलों के नीचे पहाड़ी नदी बल खाकर बह रही थी।

मोतीमहल के एक कमरे में शमादान जल रहा था और उसकी खुली खिड़की के पास बैठी सलीमा रात का सौन्दर्य निहार रही थी। खुले हुए बाल उसकी फीरोज़ी रंग की ओढ़नी पर खेल रहे थे। चिकन के काम से सजी और मोतियों से गुंथी हुई उस फीरोज़ी रंग की ओढ़नी पर, कसी हुई कमख्वाब की कुरती और पन्नों की कमर-पेटी पर अंगूर के बराबर बड़े मोतियों की माला झूम रही थी। सलीमा का रंग भी मोती के समान था। उसकी देह की गठन निराली थी। संगमरमर के समान पैरों में ज़री के काम के जूते पड़े थे, जिन-पर दो हीरे धक्-धक् चमक रहे थे।

कमरे में एक कीमती ईरानी कालीन का फर्श बिछा हुआ था, जो पैर रखते ही हाथ-भर नीचे धंस जाता था। सुगन्धित मसालों से बने शमादान जल रहे थे। कमरे में चार पूरे कद के आईने लगे थे। संगमरमर के आधारों पर, सोने-चांदी के फूलदानों में ताज़े फूलों के गुलदस्ते रखे थे। दीवारों और दरवाज़ों पर चतुराई से गुंथी हुई नागकेसर और चंपे की मालाएं झूल रही थीं, जिनकी सुगन्ध से

कमरा महक रहा था। कमरे में अनगिनत बहुमूल्य कारीगरी की देश-विदेश की वस्तुएं करीने से सजी हुई थी।

बादशाह दो दिन से शिकार को गए थे। इतनी रात होने पर भी नहीं आए थे। सलीमा खिड़की में बैठी प्रतीक्षा कर रही थी। सलीमा ने उकताकर दस्तक दी। एक बांदी दस्तबस्ता हाजिर हुई।

बांदी सुन्दर और कमसिन थी। उसे पास बैठने का हुक्म देकर सलीमा ने कहा :

"साकी, तुझे बीन अच्छी लगती है या बांसुरी?"

बांदी ने नम्रता से कहा, "हुजूर जिसमें खुश हों।"

सलीमा ने कहा, "पर तू किसमें खुश है?"

बांदी ने कंपित स्वर में कहा, "सरकार! बांदियों की खुशी ही क्या!"

सलीमा हंसते-हंसते लोट गई। बांदी ने वंशी लेकर कहा, "क्या सुनाऊं?"

बेगम ने कहा, "ठहर, कमरा बहुत गरम मालूम देता है, इसके तमाम दरवाजे और खिड़कियां खोल दे, चिरागों को बुझा दे, चटखती चांदनी का लुत्फ उठाने दे और वे फूलमालाएं मेरे पास रख दे।"

बांदी उठी। सलीमा बोली, "सुन, पहले एक गिलास शरबत दे, बहुत प्यासी हूं।"

बांदी ने सोने के गिलास में खुशबूदार शरबत बेगम के सामने ला धरा। बेगम ने कहा, "उफ्! यह तो बहुत गरम है। क्या इसमें गुलाब नहीं दिया?"

बांदी ने नम्रता से कहा, "दिया तो है सरकार!"

"अच्छा, इसमें थोड़ा-सा इस्तबोल और मिला।"

साकी गिलास लेकर दूसरे कमरे में चली गई। इस्तबोल मिलाया, और भी एक चीज मिलाई। फिर वह सुवासित मदिरा का पात्र बेगम के सामने ला धरा।

एक ही सांस में उसे पीकर बेगम ने कहा, "अच्छा, अब सुना। तूने कहा था कि तू मुझे प्यार करती है; कोई प्यार का गाना सुना।"

इतना कह और गिलास को गलीचे पर लुढ़काकर मदमाती सलीमा उस कोमल मखमली मसनद पर खुद भी लुढ़क गई और रस-भरे नेत्रों से साकी की ओर देखने लगी। साकी ने बंसी का सुर मिलाकर गाना शुरू किया :

'दुखवा मैं कासे कहूं मोरी सजनी...'

बहुत देर तक साकी की बंसी और कंठ-ध्वनि कमरे में घूम-घूमकर रोती रही। धीरे-धीरे साकी खुद भी रोने लगी। साकी मदिरा और यौवन के नशे में चूर होकर झूमने लगी।

गीत खतम करके साकी ने देखा—सलीमा बेसुध पड़ी है। शराब की तेजी से उसके गाल एकदम सुर्ख हो गए हैं, और तांबूल-राग-रंजित होंठ रह-रहकर फड़क रहे हैं। सांस की सुगंध से कमरा महक रहा है। जैसे मंद पवन से कोमल पत्ती कांपने लगती है, उसी प्रकार सलीमा का वक्षस्थल धीरे-धीरे कांप रहा है। प्रस्वेद की बूंदें ललाट पर दीपक के उज्ज्वल प्रकाश में मोतियों की तरह चमक रही हैं।

बंसी रखकर साकी क्षण-भर बेगम के पास आकर खड़ी हुई। उसका शरीर कांपा, आंखें जलने लगीं, कंठ सूख गया। वह घुटने के बल बैठकर बहुत धीरे-धीरे अपने आंचल से बेगम के मुख का पसीना पोंछने लगी। इसके बाद उसने झुककर बेगम का मुंह चूम लिया।

फिर ज्योंही उसने अचानक आंख उठाकर देखा, खुद दीन-दुनिया के मालिक शाहजहां खड़े उसकी करतूत अचरज और क्रोध से देख रहे हैं।

साकी को सांप डस गया। वह हतबुद्धि की तरह बादशाह का मुंह ताकने लगी। बादशाह ने कहा, "तू कौन है और यह क्या कर रही थी ?"

साकी चुप खड़ी रही। बादशाह ने कहा, "जवाब दे !"

साकी ने धीमे स्वर में कहा, "जहांपनाह ! कनीज़ अगर कुछ जवाब न दे तो ?"

बादशाह सन्नाटे में आ गए—बांदी की इतनी हिम्मत !

उन्होंने फिर कहा, "मेरी बात का जवाब नहीं ? अच्छा, तुझे नंगी करके कोड़े लगाए जाएंगे।"

की ने अकंपित स्वर में कहा, "मैं मर्द हूं।"

बादशाह की आंखों में सरसों फूल उठी। उन्होंने अनिमेष नेत्रों से सलीमा की ओर देखा। वह बेसुध पड़ी सो रही थी। उसी तरह उसका भरा यौवन खुला पड़ा था। उनके मुंह से निकला—उफ़ ओह! और तत्काल उनका हाथ तलवार की मूठ पर गया। उन्होंने कहा, "दोज़ख के कुत्ते! तेरी यह मजाल!"

फिर कठोर स्वर से पुकारा, "मादूम!"

एक भयंकर रूपवाली तातारी औरत बादशाह के सामने अदब से खड़ी हुई। बादशाह ने हुक्म दिया, "इस मर्दूद को तहखाने में डाल दे, ताकि बिना खाए-पिए मर जाए।"

मादूम ने अपने कर्कश हाथों में युवक का हाथ पकड़ा और ले गई। थोड़ी देर बाद दोनों एक लोहे के मज़बूत दरवाज़े के पास खड़े हुए। तातारी बांदी ने चाबी निकाल दरवाज़ा खोला और कैदी को भीतर ढकेल दिया। कोठरी की गच कैदी का बोझ ऊपर पड़ते ही कांपती हुई नीचे धसकने लगी।

प्रभात हुआ। सलीमा की बेहोशी दूर हुई। चौंककर उठ बैठी। बाल सवारे, ओढ़नी ठीक की और चोली के बटन कसने को आईने के सामने जा खड़ी हुई। खिड़कियां बन्द थीं। सलीमा ने पुकारा, "साकी! प्यारी साकी! बड़ी गर्मी है, ज़रा खिड़की तो खोल दे। निगोड़ी नींद ने तो आज गज़ब ढा दिया। शराब कुछ तेज़ थी।"

किसी ने सलीमा की बात न सुनी। सलीमा ने ज़रा ज़ोर से पुकारा, ' . . .

...ई। वह खुद खिड़की खोलने ... सलीमा ने विस्मय से मन ... हुई?" ... नंगी तलवार ... ही उसने सिर झुका ...

... ?"

चिट्ठी बादशाह के पास भेज दी गई। बादशाह ने आगे होकर हा, "क्या लाई है ?"

बादी ने दस्तबस्ता अर्ज की, "खुदावन्द ! सलीमा बीबी की र्जी है।"

बादशाह ने गुस्से से होंठ चबाकर कहा, "उससे कह दे कि मर गए !" इसके बाद खत में एक ठोकर मारकर उन्होंने उधर से मुह र लिया।

बादी सलीमा के पास लौट आई। बादशाह का जवाब सुनकर लीमा धरती में बैठ गई। उसने बादी को बाहर जाने का हुक्म या, और दरवाजा बन्द करके फूट-फूटकर रोई। घंटों बीत गए; न छिपने लगा। सलीमा ने कहा—'हाय ! बादशाहों की बेगम ोना भी क्या बदनसीबी है ! इन्तजारी करते-करते आखें फूट जाए, मन्नतें करते-करते जबान घिस जाए, अदब करते-करते जिस्म टुकड़े-कड़े हो जाए, फिर भी इतनी-सी बात पर कि मैं जरा सो गई, नके आने पर जग न सकी, इतनी सजा ! इतनी बेइज्जती ! तब मैं गम क्या हुई ? औरत और बादियां सुनेंगी तो क्या कहेंगी ? इस इज्जती के बाद मुह दिखाने लायक कहा रही ? अब तो मरना ही ठीक है। अफसोस ! मैं किसी गरीब किसान की औरत क्यों न हुई !'

धीरे-धीरे स्त्रीत्व का तेज उसकी आत्मा में उदय हुआ। गर्व ोर दृढ़ प्रतिज्ञा के चिह्न उसके नेत्रों में छा गए। वह सापिन की रह चोट खाकर उठ खड़ी हुई। उसने एक और खत लिखा :

"दुनिया के मालिक ! आपकी बीबी और कनीज होने की वजह मैं आपके हुक्म को मानकर मरती हू। इतनी बेइज्जती पाकर एक लिका का मरना ही मुनासिब भी है। मगर इतने बड़े बादशाह को ौरतों को इस कदर नाचीज तो न समझना चाहिए कि एक अदना-ी बेवकूफी की इतनी कड़ी सजा दी जाए। मेरा कुसूर सिर्फ इतना ी था कि मैं बेखबर सो गई थी। खैर, सिर्फ एक बार हुजूर को ने की ख्वाहिश लेकर मरती हू। मैं उस पाक परवरदिगार के पास ाकर अर्ज करूगी कि वह मेरे शौहर को सलामत रखे।

—सलीमा"

खत को इस ढंग से मुखातिब करके ताजे फूलों के एक गुलदस्ते में इस तरह रख दिया कि किसीकी उसपर फौरन ही नजर पड़ जाए। इसके बाद उसने जवाहरात की पेटी से एक बहुमूल्य अंगूठी निकाली और कुछ देर तक आंखें गड़ा-गड़ाकर उसे देखती रही, फिर उसे चाट गई।

बादशाह शाम की हवाखोरी को नजरबाग में टहल रहे थे। दो-तीन खोजे घबराए हुए आए और चिट्ठी पेश करके अर्ज की, "हुजूर, गजब हो गया ! सलीमा बीबी ने जहर खा लिया है और वे मर रही हैं !"

क्षण-भर में बादशाह ने खत पढ़ लिया। झपटे हुए सलीमा के महल पहुंचे। प्यारी दुलहिन सलीमा जमीन में पड़ी है। आंखें ललाट पर चढ़ गई हैं। रंग कोयले के समान हो गया है। बादशाह से न रहा गया। उन्होंने घबराकर कहा, "हकीम को बुलाओ।" कई आदमी दौड़े।

बादशाह का शब्द सुनकर सलीमा ने उनकी तरफ देखा, और धीमे स्वर में कहा, "जहे-किस्मत !"

बादशाह ने नजदीक बैठकर कहा, "सलीमा ! बादशाह की बेगम होकर क्या तुम्हें यही लाजिम था ?"

सलीमा ने कष्ट से कहा, "हुजूर ! मेरा कुसूर बहुत मामूली था।"

बादशाह ने कड़े स्वर में कहा, "बदनसीब ! शाही जनानखाने में मर्द को भेस बदलकर रखना मामूली कुसूर समझती है ? कानों पर यकीन कभी न करता, मगर आंखोंदेखी को भी झूठ मान लूं ?"

तड़पकर सलीमा ने कहा, "क्या ?"

बादशाह डरकर पीछे हट गए। उन्होंने कहा, "सच कहो, इस वक्त तुम खुदा की राह पर हो, वह जवान कौन था ?"

सलीमा ने अचकचाकर पूछा, "कौन जवान ?"

बादशाह ने गुस्से से कहा, "जिसे तुमने साकी बनाकर पास रखा था।"

सलीमा ने घबराकर कहा, "हैं ! क्या वह मर्द है ?"

बादशाह बोले, "तो क्या तुम सचमुच यह बात नहीं जानतीं ?"

सलीमा के मुंह से निकला, "या खुदा !"

फिर उसके नेत्रों से आंसू बहने लगे। वह सब समझ गई। कुछ देर बाद बोली, "खाविंद ! तब तो कुछ शिकायत ही नहीं; इस कुसूर की तो यही सजा मुनासिब थी। मेरी बदगुमानी माफ फरमाई जाए। मैं अल्लाह के नाम पर पड़ी कहती हूं, मुझे इस बात का कुछ भी पता नहीं है।"

बादशाह का गला भर आया। उन्होंने कहा, "तो प्यारी सलीमा ! तुम बेकुसूर ही चलीं !" बादशाह रोने लगे।

सलीमा ने उनका हाथ पकड़कर अपनी छाती पर रखकर कहा, "मालिक मेरे ! जिसकी उम्मीद न थी, मरते वक्त वह मजा मिल गया। कहा-सुना माफ हो, और एक अर्ज लौंडी की मंजूर हो।"

बादशाह ने कहा, "जल्दी कहो सलीमा !"

सलीमा ने साहस से कहा, "उस जवान को माफ कर देना।"

इसके बाद सलीमा की आंखों से आंसू बह चले, और थोड़ी ही देर में वह ठंडी हो गई।

बादशाह ने घुटनों के बल बैठकर उसका ललाट चूमा, और फिर बालक की तरह रोने लगे।

गजब के अंधेरे और गर्मी में युवक भूखा-प्यासा पड़ा था। एकाएक घोर चीत्कार करके किवाड़ खुले। प्रकाश के साथ ही एक गम्भीर शब्द तहखाने में भर गया, "बदनसीब नौजवान ! क्या होश-हवास में है ?"

युवक ने तीव्र स्वर में पूछा, "कौन ?"

जवाब मिला, "बादशाह !"

युवक ने कुछ भी अदब किए बिना कहा, "यह जगह बादशाहों के लायक नहीं है। क्यों तशरीफ लाए हैं ?"

"तुम्हारी कैफियत नहीं सुनी थी, उसे सुनने आया हूं।"

कुछ देर चुप रहकर युवक ने कहा, "सिर्फ सलीमा को झूठी बदनामी से बचाने के लिए कैफियत देता हूं, सुनिए : सलीमा जब बच्ची

थी, मैं उसके बाप का नौकर था। तभी से मैं उसे प्यार करता था। सलीमा भी प्यार करती थी। पर वह बचपन का प्यार था। उम्र होने पर सलीमा पर्दे में रहने लगी, फिर वह शहंशाह की बेगम हुई; मगर मैं उसे भूल न सका। पांच साल तक पागल की तरह भटकता रहा। अंत में भेष बदलकर बांदी की नौकरी कर ली। सिर्फ उसे देखते रहने और खिदमत करके दिन गुजारने का इरादा था। उस दिन उज्ज्वल चांदनी, सुगंधित पुष्पराशि, शराब की उत्तेजना और एकांत ने मुझे बेबस कर दिया। उसके बाद मैंने आंचल से उसके मुख का पसीना पोंछा और मुख चूम लिया। मैं इतना ही गुनहगार हूं। सलीमा इसकी बाबत कुछ नहीं जानती।"

बादशाह कुछ देर चुप खड़े रहे। इसके बाद वे बिना ही दरवाजा बन्द किए धीरे-धीरे चले गए।

समझाना पड़ेगा। मुझे तु
रात को बड़ा भ-पूना, मगर
पड़ेगा।"

"मुझे मंजूर है।"

दोनों मित्र विदा हुए।

उसका नाम था हीरा।
डेरेदार, ठिकाने की वेश्या
कायदे की वेश्यावृत्ति-म
हिन्दी-उर्दू की भी कुछ शिक्षा
कमाकर जवानी में उतरी थी
तीन-चार यौवनों का सम्पूर्ण
बीच चौक में अपनी शान न
नवाबी ठाट से सजी थी। हीरा
थी, उसी रंग के जवाहरात
रंगी मोटर में बैठती। नौकर
की होती थी। सन्ध्या के समय
आंखें सड़कों पर बिछी रहतीं
पहुंचने की हिम्मत न करते
वेश्या जरूर थी, अस्मतफरोश
कितनी दुर्लभ! कितनी नफीस
चाहे जब हीरा उछलने लगती

हीरा की उम्र का सतरहवां
के समान स्वच्छ और पानीदार
खून टपक पड़ेगा; होंठ और
अमृत और हलाहल विष का अ

था। जो एक बार देखता मर जाता था, और क्षण-भर में ही जी जाता था। धवल दन्त-पंक्ति की बहार उन रस-भरे उत्फुल्ल होठों के अरुण वर्ण के बीच कैसी मोहक, कैसी प्यारी लगती थी! गर्दन और वक्षस्थल मानो इटली के किसी कारीगर की संगमरमर पर अमर करामात थी। बढ़िया ईरानी कालीन पर बैठकर बिजली के दहकते प्रकाश में, बिजली के पंखे के नीचे अपने महीन, सादे, उज्ज्वल परिधान में जब वह गाने बैठती थी, और उस हंस के समान शुभ्र कण्ठ से इन कव्वाली और गजलों के स्थान पर जब विशुद्ध स्वर, ताल, लय, मूर्छनायुक्त संगीत-लहरी का स्रोत बहता था, उस समय की बात क्या कही जाए! उस उमड़ते रस-समुद्र में पहले वह स्वयं डूबती, तब अर्धनिमीलित नेत्र, कम्पित कण्ठ-स्वर, फड़कते होंठ और बलखाती से अस्त-व्यस्त बिखरती हुई देह किस मर्द को मर्द बना रहने दे सकती थी!

ऐसी ही वह अप्रतिम रूप-गुण-सम्पन्ना, राजमहलों में भी दुर्लभ स्त्री-रत्न, वह वेश्या-पुत्री थी, जिससे निराश होकर राजेन्द्र आत्मघात की अभिलाषा मन में संचित कर रहे थे और उनके मित्र जिसे विजय कर लेने का बीड़ा उठा चुके थे।

ये दोनों ही मित्र नगर के गण्यमान्य, धनी तथा अपार सम्पत्तिवान व्यक्ति थे।

एक चरित्रवान व्यक्ति, जो स्त्रियों के सम्मुख अपने को पुरुष समझता हो, उस पुरुष की समझ में आ ही नहीं सकता था, जो प्रतिक्षण स्त्री-मात्र के लिए दास बना रहने का अभिलाषी था। और यही दोनों के जीवन की ऐसी विभिन्न दिशाएं थीं, जहां बहुधा दोनों मित्र टकराया करते थे।

इस बार रामेश्वर ने वेश्या के घर जाना स्वीकार करके राजेन्द्र को आश्चर्यचकित कर दिया। वह यह कौतूहल भी देखना चाहता था कि समस्त नगर की स्पर्धा और अभिलाषा की वस्तु हीरा को यह

कह सकता, इसे मन में ला सको, तो मैं दस हजार रुपये हारा।"

"देखता हूं, तुम्हें मानव का ज्ञान आ रहा है। अस्तु, यद्यपि किसी रण्डी का नाम मन में लाने के लिए इतना आतुर होना 'युवकत्व' को न शोभा देने की ही बात है, पर युवकत्व का अर्थ अब तुम्हें सप्रयोग समझाना पड़ेगा। मुझे तुम्हारी चुनौती स्वीकार है। मैं आज ही रात को वहां चलूंगा, मगर तुम्हें मेरी आज्ञा के सर्वथा अधीन रहना पड़ेगा।"

"मुझे मंजूर है।"

दोनों मित्र विदा हुए।

उसका नाम था हीरा। रूप की हाट में उसके चढ़ते दिन थे। डेरेदार, ठिकाने की वेश्या थी। उसकी मां ने गाने-बजाने, अदब-कायदे की वेश्यावृत्ति-सम्बन्धी शिक्षा के सिवा उसे अंग्रेजी औ हिन्दी-उर्दू की भी कुछ शिक्षा दी थी। लाखों की सम्पदा उसकी म कमाकर जवानी से उतरी थी। उसके बाद वह नायिका के पद प तीन-चार यौवनों का सम्पूर्ण सौदा कर चुकी थी। शहर की हवेल बीच चौक में अपनी शान नहीं रखती थी। नगर के बाहर की कोठ नवाबी ठाट से सजी थी। हीरा जिस रंग की पोशाक पहनकर उतरत थी, उसी रंग के जवाहरात से जड़े गहने पहनती और उसी रंग से रंगी मोटर में बैठती। नौकरों और ड्राइवरों की वर्दी भी उसी रंग की होती थी। संध्या के समय हीरा के रूप और ठाट पर नगर की आंखें सड़कों पर बिछी रहती थीं। साधारण जमींदार तक वहां पहुंचने की हिम्मत न करते थे, सर्वसाधारण की बात तो दूर है। वेश्या जरूर थी, अस्मतफरोश जरूर थी, परन्तु कितनी महंगी! कितनी दुर्लभ! कितनी नफीस कि शहर में प्राय: सभी की जबान पर चाहे जब हीरा उछलने लगती थी!

हीरा की उम्र का सतरहवां साल जा रहा था। उसका रंग मोती के समान स्वच्छ और पानीदार था; गालों की सुर्खी—मानो छूते ही खून टपक पड़ेगा; होंठ और आंखें मानो परस्पर स्पर्धा करती थीं। अमृत और हलाहल विष का आंखों से अटूट झरना झरता ही रहता

।जो एक बार देखता मर जाता था, और क्षण-भर में ही जी ९
ा था। धवल दन्त-पंक्ति की बहार उन रस-भरे उत्फुल्ल होठों
श्याम वर्ण के बीच कैसी मोहक, कैसी प्यारी लगती थी! गर्दन
र वक्षस्थल मानो इटली के किसी कारीगर की संगमरमर पर
र करामात थी। बढ़िया ईरानी कालीन पर बैठकर बिजली के
मंद प्रकाश में, बिजली के पंखे के नीचे अपने महीन, सादे, उज्ज्वल
शृंगार में जब वह गाने बैठती थी, और उन हंस के समान शुभ्र
कंठ से इन कव्वाली और गजलों के स्थान पर जब विशुद्ध स्वर,
ताल, लय, मूर्छनायुक्त संगीत-लहरी का स्रोत बहता था, उस समय
बात क्या कही जाए! उस उमड़ते रस-समुद्र में पहले वह स्वयं
थी, तब अर्धनिमीलित नेत्र, कम्पित कण्ठ-स्वर, फड़कते होंठ और
सता से अस्त-व्यस्त बिखरती हुई देह किस मर्द को मर्द बना
ने दे सकती थी!

ऐसी ही वह अप्रतिम रूप-गुण-सम्पन्ना, राजमहलों में भी दुर्लभ
स्त्री-रत्न, वह वेश्या-पुत्री थी, जिससे निराश होकर राजेन्द्र आत्म-
हत्या की अभिलाषा मन में संचित कर रहे थे और उनके मित्र जिसे
वश कर लेने का बीड़ा उठा चुके थे।

ये दोनों ही मित्र नगर के गण्यमान्य, धनी तथा अपार सम्पत्ति
स्वामी थे। दोनों की ही सज्जनता में कलाम न था। पर युवक
राजेन्द्र बाजार के पत्ते चाटने के शौकीन थे। उनके मित्र रामे-
श्वर उनसे उम्र में कुछ बड़े थे और विचारवान, गम्भीर तथा चरित्र-
वान व्यक्ति थे।

एक चरित्रवान व्यक्ति, जो स्त्रियों के सम्मुख अपने को पुरुष
समझता हो, उस पुरुष की समझ में आ ही नहीं सकता था, जो
प्रतिक्षण स्त्री-मात्र के लिए दास बना रहने का अभिलाषी था। और
यही दोनों के जीवन की ऐसी विभिन्न दिशाएं थीं, जहां बहुधा दोनों
मत टकराया करते थे।

इस बार रामेश्वर ने वेश्या के घर जाना स्वीकार करके राजेन्द्र
को आश्चर्यचकित कर दिया। वह यह कौतुक भी देखना चाहता
था कि समस्त नगर की स्पर्धा और अभिलाषा की वस्तु हीरा को वह

[illegible] और ऐसी कौन-सी वस्तु लेकर गया मैं करेगा, जो मैं न दे सका था ; और…और वह 'पुरुष' की कैसी विजय व्याख्या करेगा ? इसी विचार में एक प्रकार [illegible] राजेन्द्र पर लौटा।

उसी मन्द प्रकाश में हीरा वाद्यवृन्द-सहित बैठी थी। नाचते [illegible] दोनों मित्र थे। राजेन्द्र के अनुरोध से कोठे के द्वार बन्द कर दिए गए थे।

हीरा को देखकर रामेश्वर के चित्त में एक अपूर्व भाव उत्पन्न हुआ। हाय ! सर्प को यह सौन्दर्य ! उन्होंने क्षण-भर में उस रूप को हृदयंगत कर एक बार कमरे पर दृष्टि डाली और एक मसनद के सहारे उठंग बैठे।

संगीत-लहरी उठी और गिरी, जीवन आया और गया—राजेन्द्र लोटन कबूतर हो रहा था, मिनट-मिनट पर नोट फेंक रहा था ; पर रामेश्वर अचल-निर्विकल्प प्रतिमा की तरह हीरा के मुख पर दृष्टि दिए संगीत-सुधा पी रहे थे। उनके नेत्रों में कौतूहल नहीं, उन्माद नहीं, औत्सुक्य नहीं, विनोद नहीं, उदासीनता नहीं, मोह नहीं। साथ ही होंठ में हास्य नहीं, स्पन्दन नहीं।

बालिका वेश्या-पुत्री ने यह देखा, समझा—धीरे-धीरे वह इस वज्रपुरुष की ओर आकर्षित हुई। वह उसके होंठों में एक मुस्कान देखने की अभिलाषा लेकर, और भी यत्न, और भी कौशल, और भी मनोयोग से अपनी कलाओं का विस्तार करने लगी। उसके ललाट पर पसीना हो गया। वह थककर हांफने लगी। उसने लज्जित होकर गाना बन्द कर दिया—जीवन में उसे पहली बार ही ऐसा नर्व पुरुष दिखा, जो उसे देखकर मरा नहीं और सुनकर जिया नहीं !

वह अपने वस्त्र संभाल, चांदी की तश्तरी में पान लेकर उठी ; प्रथम रामेश्वर के सामने अदब से झुककर तश्तरी की। रामेश्वर ने पान उठाया और सौ रुपये का नोट तश्तरी में फेंक दिया।

क्षण-भर को हीरा अवाक् हुई। उसने एक ही क्षण में रामेश्वर को, नायिका को और तश्तरी को देखा। एक बार वह झुकी और आगे बढ़ी।

रामेश्वर उठ खड़े हुए। राजेन्द्र भी उठे। उस दिन फिर हीरा और नहीं गा सकी।

दो सप्ताह बीत गए। हीरा को नित्य ही गाना पड़ता, परन्तु उसका उल्लास और मग्न होना कहीं चला गया था। उसका मन उदास और चंचल रहता था। बहुधा वह गाते-गाते बहुत ही निरुत्साह हो जाती थी—कभी-कभी वह गाना बन्द कर एकदम ऊपर जाकर पड़ रहती थी। इस नई परिस्थिति का कारण वह स्वयं नहीं जानती थी, मानो कोई एक नई ठोकर उसके हृदय को लगी थी। किसी अलक्ष्य शक्ति से रामेश्वर की मूर्ति दिन-भर में लाखों बार उसके सम्मुख खड़ी हो जाती थी। हीरा का उस मूर्ति पर कितना क्रोध, कितनी विरक्ति और कितनी अवहेलना थी—परन्तु वह मूर्ति मानो उसके नेत्रों में तप्त शलाका की तरह घुस गई थी। वह कभी-कभी बहुत ही झुंझला उठती थी। वह सोचती थी, कैसा वह आदमी था—मानो गूंगा और बहरा, बिलकुल अन्धा, मूर्ख, गंवार! किन्तु···किन्तु वह नोट! नोट न था, रद्दी कागज का टुकड़ा था। तब क्या वह कुछ और ही था? क्या वह इस रूप को सचमुच ठुकरा गया? मेरे पसीने पर भी उसकी नज़र का एक बाल न हिला। वह एक भी बार न हंसा, न हिला, न बोला। वह मनुष्य न था, पत्थर था। निर्मम···हीरा सोचने लगी, क्या अब वह न आएगा? मैं उसे भाई ही नहीं, यही तो बात है! न मेरा रूप, न संगीत, न और कुछ ही उसे पसन्द आया, पर फिर वह नोट क्यों फेंक गया? और मैंने ही क्यों ले लिया? जिसे मैं पसन्द ही नहीं, जो सुन्दर—मेरी कला पर रीझा ही नहीं, उसका रुपया मैंने क्यों लिया? ओह! वह मुझे हरा गया, मेरा अपमान कर गया। हीरा गुस्से से होंठ चबाकर उठी, पूरे—कद-आदम—शीशे के सामने उसने एक बार अपने अनिन्द्य सौंदर्य की परछाईं को देखा, और फिर वह रोती हुई कुर्सी पर बैठ गई। उसने निश्चय कर लिया कि बदला लूंगी।

राजेन्द्र आते ही हीरा के अत्यन्त निकट बैठ गए। उन्होंने उसे उदास देखकर कहा, "यह क्या! क्या आज बादल बरसनेवाले हैं?"

हीरा ने सिर उठाकर राजेन्द्र को देखा, संभलकर बैठी और बोली, "आप [illegible], जो अपने को इतनी नि-गाहों में है ?"

राजेन्द्र उठ बैठे। उन्होंने कहा, "आज तो बहुत ही नाराज होती हो, क्या मेरी [illegible] हुई ?"

"बहुत खूब, अभी-अभी आपको नाराजी की भी आंच लग गई ?"

कुछ भी न समझकर राजेन्द्र जोर से हंस पड़े। हाय ! कितना पुरुषत्वहीन हास्य था वह ! वे और नजदीक खिसककर हीरा से सटकर बैठने लगे। हीरा ने दूर हटते हुए कहा :

"हां, आपके उन दोस्त का क्या हाल है ? फिर कभी तशरीफ नहीं लाए ? शायद गाना पसन्द नहीं आया। आजकल के लोग गुणों की कद्र कम करते हैं—समझते भी कम है।" पिछली पंक्ति कहते-कहते हीरा की आंखों में सौ रुपये का नोट आ खड़ा हुआ, वह स्वयं ही अपनी बात पर शंकित हो गई।

राजेन्द्र का उधर ध्यान न था। वे बोले, "उस दिन के बाद उन्होंने कुछ चर्चा ही नहीं चलाई। मगर गाना वे नहीं समझते, यह न कहना—वे स्वयं बहुत अच्छे गवैये हैं, सितार और दिलरुबा बजाने में शहर-भर में उनकी जोड़ का कोई नहीं। आज मैं उन्हें लाऊंगा।"

हीरा विकल हो उठी। आह ! उस दिन के बाद फिर चर्चा ही नहीं ! मुझे धिक्कार है ! यह रूप, यह यौवन, सब धिक्कार—धिक्कार ! हीरा इन तूफानी विचारों को ज़ब्त न कर सकी। वह उठ खड़ी हुई और सोचने लगी, तब उस आदमी को प्रतिक्षण स्मरण करके मैंने अपना ही अपमान किया। उसने घृणा-मिश्रित स्वर में कहा, "जिसकी मर्जी हो वह आए या न आए, हम लोग किसीको बुलाने तो नहीं जाते ?" राजेन्द्र फिर रात को उन्हें लाने का वादा करके चल दिए।

हीरा ने पक्का इरादा कर लिया कि आज वह उस मगरूर पुरुष का अवश्य अपमान करेगी। परन्तु ज्यों-ज्यों दिन ढलता गया, हीरा

गई। वह
उसने कई
बाधा और
धोला, कई इत्र लगाए और मुह धोया, पर किस रूप में, किस रंग में, किस साज में आज वह यौवन को प्रकाशित करे—वह निर्णय न कर सकी। उसने हठात् मा से पोशाक का प्रस्ताव किया।

बुढ़िया अवाक् रह गई, "पोशाक का क्या मतलब! आज क्या कहीं जाना है?"

हीरा झेंप गई। वह अपनी कोठरी में भाग गई।

संध्या हुई। अन्धकार के हृदय को विदीर्ण करके हीरा ने बिजली का प्रकाश कमरे में फैलाया और ताजे फूलों का एक बड़ा-सा गजरा गले में डाल, वह उस छकड़ा-भर रूप और यौवन को लेकर उस प्रकाश के हृदय में सचमुच हीरे ही के समान विराजमान हुई।

दोनों मित्रों ने घर में प्रवेश किया। मन्त्रमुग्धा सर्पिणी की तरह हीरा खड़ी हो गई। मित्र बैठ गए। हीरा खड़ी रही। रामेश्वर ने क्षण-भर उसके मुख की ओर देखकर कहा, "बैठिए!"

हीरा बैठ गई। गर्व और उल्लास उसके यौवन को अरक्षित छोड़ भागा। वह विनय और संकोच से संकुचित यौवन को अपनी वेश्या-वृत्ति के बल पर यथासम्भव चैतन्य करके गाने के आयोजन में लगी।

रामेश्वर ने बाधा देकर कहा, "कष्ट न कीजिए, मुझे आपकी अम्माजी से कुछ बातें एकान्त में करनी है। क्षमा कीजिएगा।"

हीरा अन्यमनस्का हो, उठकर बाहर चली गई। हाय रे आज का शृंगार!

नायका ने सुना, चौंकी और गम्भीर हुई। कुछ ही मिनट में एकान्त-वार्ता समाप्त हुई। हीरा दो हज़ार रुपये मासिक पर रामेश्वर की नौकर हुई।

बिना उससे पूछे ही उसका सौदा हो गया, यह सुनकर हीरा बहुत क्रुद्ध हुई। उसने धरती पर पैर पटककर कहा—वह पुरुष!

वह नीरस, गंवार, मूर्ख, बेहूदा पुरुष ! उसकी यह हिम्मत ! मैं उससे बदला लूंगी, मैं उसका हर तरह अपमान करूंगी । वह उसी क्रोध में भरी मालिक के पास गई । मालिका ने वेश्या-धर्म की कठोर मर्यादा का विश्वास दिला कर उसे शान्त किया । हीरा को उसी दिन मालिक की सेवा में चले जाना पड़ा ।

हीरा के लिए एक नये बंगले की व्यवस्था की गई । उसमें चार दासियां, दो दास और एक प्रबन्धक रख दिया गया । पोशाक और खाने-पीने की वस्तुओं की गिनती न थी । कमरों में बहुमूल्य वस्तुओं की सजावट का पार न था । शृंगार और ऐश्वर्य के नाते अटूट सम्पदा, जो कुछ वह खरीद सकती है, सब वहां प्रस्तुत था । हीरा की रुचि और अनुमान के अनुकूल आभूषण, मोटर और अन्य सामान प्रथम ही से उपस्थित कर दिए गए थे । उस राजमहल सदृश बंगले में आ कर हीरा चकित, भौंचक्की बनी खड़ी रही । यह सब कुछ हो सकता है, इसकी उसे कल्पना भी न थी । परन्तु इस समस्त वैभव के पीछे जो मूर्ति छिपी हुई है, वह···वह···निर्मम, रसहीन मूर्ति ? अरे ! ···हीरा सोचने लगी, क्या वह मूर्ख, बेतमीज और नीरस है ? ना, ना, यह तो सम्भव ही नहीं; यह सब तो कुछ और ही मालूम होता है । परन्तु चाहे जो कुछ भी हो, मैं उसका अपमान करूंगी । मैं कभी उसके अधीन न होऊंगी । संध्या हुई——बिजली के आलोक से बंगला इन्द्र-भवन हो गया, मानो अनगिनत आलोकित नक्षत्रों के नीचे हीरा छिप रही थी । उसने सहसा मोटर आने का शब्द सुना । उसने बल-पूर्वक अपनी प्रतिज्ञा को दुहराया——न बोलूंगी, न बोलूंगी, न बोलूंगी ।

स्वयं मान करना और औरों का मान-भंजन करना हीरा का व्यवसाय था । वह पुरुष, जो नारी-हृदय का नहीं, नारी-शरीर का भूखा है——हीरा के द्वार पर खड़ा होता और धरती तक झुकता है ! यह दृश्य हीरा के नेत्रों को स्वाभाविक था; पुरुष की वह तस्वीर हीरा की चिरपरिचिता थी, जो हीरा के लिए प्यासी छटपटा रही थी । किन्तु उसी पुरुष-छाया के नीचे पौरुष का कुछ और भी रूप रहता है, यह हीरा को मालूम न था ।

अपने अनुमान के अनुसार उससे भी अधिक, बहुत अधिक उन-कर दिया उस पशु-पुरुष को, जिसने उनके स्त्री-शरीर की जरा भी

[illegible]

... बढ़ा जा रहा है। हीरा क्रुद्ध सर्पिणी की तरह फुफकार मारकर, पैर पटक-पटककर ज़ोर से कमरे में घूमने लगी। समस्त ... शृंगार किया हुआ रह गया, पशु सामने ही न आया। परन्तु हीरा पराजित योद्धा की तरह विचलित हो गई। उसने दासी को बुलाकर पूछा :

"क्या बाबू साहब आए थे ?"

"जी हां !"

"किसलिए ?"

"सरकार को कुछ चाहिए तो नहीं, यह देखने।"

"कुछ कहते थे ?"

"कहते थे कि मालकिन को कोई कष्ट न हो और उनका हुक्म फौरन तामील किया जाए।"

हीरा ने गुस्से से होंठ चबाकर कहा, "हुक्म फौरन तामील किया जाए ?"

"जी हुजूर !"

"मेरा हुक्म है, यह शख्स बंगले में न घुसने पाए।"

... हुक्म दिया ... रोने लगी। ...

कई दिन बीत गए। रामेश्वर हीरा की आज्ञानुसार बंगले में नहीं आते। वे प्रतिदिन नियमित समय पर मोटर में आते और बंगले के कम्पाउण्ड के बाहर मोटर में ही बैठे-बैठे हीरा की कुशल ले जाते थे।

उस क्षण की बाट हीरा प्रातःकाल से सन्ध्या तक देखा करती।

[illegible] थी। उन्हें जाने
[illegible] हो जाती। प्राय
[illegible] लगी। अब वह विक-
[illegible] थी। प्रतिदिन नया शृंगार,
[illegible] पुष्प-पराग!
[illegible] आलोक को देखना
[illegible] और यौवन की हाट लगाई!

[illegible] को यह सब सहना असह्य हो गया। यह भी कोई बात है! वे आते हैं, [illegible] हैं, रानियों के ठाट और सुख दे रहे हैं। सब कुछ दे डालते हैं, मांगते कुछ नहीं। हाय! मैं इनका कब तक अपमान करूं? और कब तक? क्या इन्हें मुझसे कुछ भी नहीं लेना है? मेरे पास क्या इस देव-पुरुष को देने योग्य कुछ नहीं है? यह रूप, यह यौवन, यह शरीर, यह शृंगार—उफ्! नगर में इसके कितने दाम हैं? मगर दाम? दाम—दाम की बात याद करके वह सोचने लगी—दाम तो इन्होंने भी दिए हैं—इतना खर्च, इतना धन-व्यय, इतना यत्न! तब फिर यह किसलिए? इस सौन्दर्य को सुखाने या सड़ाने के लिए? हीरा विचार-सागर में डूबने-उतराने लगी पर थाह न मिली।

दस दिन और व्यतीत हो गए। हीरा के अस्वस्थ होने का समाचार पाकर रामेश्वर नगर के दो प्रमुख डाक्टरों को लेकर दौड़े। रामेश्वर बंगले के बाहर ही मोटर पर बैठे रहे। हीरा पलंग पर पड़ी थी। डाक्टरों ने आते ही यन्त्र संभाले।

हीरा ने उत्तेजित होकर कहा, "आप लोगों के कष्ट की जरूरत नहीं है, कृपा कर आप जाइए।"

डाक्टरों ने उसे समझाना चाहा। उसने झल्लाकर कहा, "वे—वे कहां हैं? हाय! वे कहां हैं?"

रामेश्वर ने धीरे-धीरे कमरे में प्रवेश किया। हीरा ने उधर से मुंह फेर लिया।

रामेश्वर ने कहा, "जरा आप इन्हें देख लेने दें।"

"आप इन्हें विदा करें।"

"किन्तु…"

"विदा कर दें।"

रामेश्वर ने डाक्टरों को विदा कर दिया।

रामेश्वर ने पूछा, "शायद आपकी तबीयत अब अच्छी है, ज़रा आराम करने से ठीक हो जाएगी।"

हीरा बोली नहीं। वह आंख भी न मिला सकी। उसके होंठ ज़रा फड़ककर रह गए।

रामेश्वर चलने को उद्यत हुए।

हीरा ने उद्विग्न होकर कहा, "ठहरिए!"

क्या पुरुष स्त्री को सम्पदा और ऐश्वर्य देकर पुरुषत्व से उऋण हो सकता है? स्त्री को पुरुष से जो कुछ चाहिए, उसके लिए भी क्या कोई पुरुष नारी को इतना तरसा सकता है? हीरा का कंठ अवरुद्ध था। वह टूटते शब्दों में, अश्रुधारा में डूबती हुई बोली, "आप… आप क्या थोड़ा विष मुझे नहीं दे सकते?" रामेश्वर ने करुणा, स्नेह और उदारता से कहा, "आप यह क्या कह रही हैं? आपके प्राणों के लिए मेरे प्राण, और आपके जीवन के लिए मेरा जीवन सभी हाज़िर है।"

"वही दो, वही दो, वही तो मुझे दो। ये [illegible] ठाट, कोठी, बंगले, अटारी, महल—सबमें आग लगा दो। इस [illegible] शरीर के लिए आपने इतना किया, पर [illegible] है—जीवन [illegible] [illegible] अपना प्राण और अपना यौवन। [illegible] उसकी प्यासी हूं, इतना क्यों तरसाते हो निर्दयी, निष्ठुर?"

हीरा ने आवेश में ये शब्द कहे। वह रामेश्वर पर झुक गयी, और [illegible] उनकी कमीज़ फाड़ डाली, फिर अचेत होकर धरती पर गिर गई।

रामेश्वर [illegible] न हुए। उन्होंने धीरे से हीरा को उठाकर कोच पर लिटा दिया। [illegible] [illegible] [illegible] हिलने को बोली। रामेश्वर ने [illegible] हटकर [illegible]

"[illegible] ! आपको क्या कष्ट है ?"

[illegible] के पैरों में आ पड़ी । वह रो रही थी । [illegible] था, और टूट गया था । अब हीरा नहीं रो रही थी, [illegible] रहा था ।

रामेश्वर ने कहा, "आप क्या चाहती हैं—कहिए तो ! मैं [illegible] भर आपकी सेवा करूंगा ।"

"मैं क्या चाहती हूं, यह आप पूछते हैं ? स्त्रियां पुरुषों से क्या चाहती हैं—यह आप पुरुष होकर नहीं जानते ? आप ऐसे निष्ठुर पुरुष···" हीरा चीख उठी । आवेश से उसके होंठ कांप रहे थे ।

रामेश्वर ने मधुर भाषा में कहा, "मैं अच्छी तरह जानता हूं कि स्त्रियां पुरुषों से क्या चाहती हैं । परन्तु आप स्त्री नहीं हैं, वेश्या हैं । यह दुखद सत्य मुझे कहना ही पड़ा । वेश्या को जो मूल्य देना होता है, मैं शक्ति-भर दे रहा हूं ।"

हीरा कुछ भी न समझी । वह बोली, "क्या वेश्याएं स्त्री नहीं होतीं ?"

"नहीं !"

"कैसे ?" हीरा ने गर्दन उठाकर पूछा ।

रामेश्वर कहने लगे, "स्त्री जगत् की एक पवित्र स्वर्गीय ज्योति है । वह पुरुष-शक्ति के लिए जीवन-सुधा है । स्त्री के बल पर पुरुष असंख्य उत्तरदायित्वों का भीषण से भीषण भार वहन करके भी जीवित रह सकता है । वह स्त्री दया, प्रेम, पवित्रता, दान, करुणा और कोमलता की मूर्ति होनी चाहिए । त्याग उनका स्वभाव, प्रदान उनका धर्म, सहनशीलता उनका व्रत और प्रेम उनका जीवन है । परन्तु वेश्या जगत् की एक विकृत वस्तु है । देखने में मोहक और कोमल, किन्तु वास्तव में हलाहल विष । अपहरण उनका व्यवसाय, छल उनका स्वभाव, पाप उनका जीवन और पतन उनका मार्ग है । स्त्री जिस वस्तु को शरीर के टुकड़े-टुकड़े होने पर भी किसीको अर्पण नहीं कर सकती, वेश्या उसे खुले बाज़ार टके सेर बेचती है । जानती हो, वह क्या वस्तु है ?"

"क्या वस्तु है ?"

"अस्मत। हाय ! वह अस्मत, जिसका वास्तविक मूल्य इस पृथ्वी पर है ही नहीं, और विधाता ने स्त्री समझकर वह दी थी। उसे बस, वेश्याएं—कोढ़ी, कलंकी, पतित—चाहे जिसे भी बेच देती हो। तांबे के टुकड़ों में इतनी शक्ति हम स्वार्थी पुरुष भी कभी नहीं अनुभव कर पाते।"

ऐसा कहकर रामेश्वर क्षण-भर चुप रहे। हीरा चुपचाप निश्चल पैरों में नीचा सिर किए पड़ी थी। रामेश्वर ने अतिशय करुण स्वर में हीरा के सिर पर प्यार से हाथ रखकर, किंचित् आकाश की ओर मुंह उठाकर कहा, "अभागिनी नारी ! इस शरीर का समर्पण तुम मलीन धन के बदले में चाहे जिस भी व्यक्ति को कैसे कर सकती हो ? हाय ! जैसे विष-पुष्प के सूंघते ही मृत्यु आती है, वैसे ही विष-पुष्प तुम हो। पुरुष, जो महान पौरुष के बल पर मनुष्य-समाज के भाग्य का निर्माता है, कैसे निकृष्ट होकर वेश्या का दास बन जाता है ! तुम वेश्या···"

हीरा ने मोती के समान दो आंसू टपकाकर कहा, "आप मुझे वेश्या कहें !"

रामेश्वर अटककर बोले, "तब क्या कहूं ?"

"मैं स्त्री हूं।"

रामेश्वर की आंखों में आंसू भर आए और टपक गए। वे चुपचाप कुछ देर तक हीरा के सिर पर हाथ धरे बैठे रहे। फिर बोले, "मैंने तुम्हें देखते ही समझ लिया था कि तुम स्त्री-रत्न हो, पर तुम्हारी चाहना उस वस्तु की न थी, जो किसी स्त्री की होनी चाहिए। वेश्या होना स्त्रीत्व से पतित होना है। वेश्या बनकर कोई स्त्री स्त्री ही रह ही नहीं सकती। मैंने यह सोचकर कि वेश्यावृत्ति करती तो अपनी ओर से नागरिक उदय होगा, इस [illegible] शरीर का वेश्या के लिए जो मूल्य देता था, देकर ले आया। मैंने निश्चय किया था। वेश्या-वृत्ति हो तो क्या, वेश्या क्यों न बांध दूंगा। पर क्या सचमुच तुम स्त्री बनना चाहती हो ?"

"अवश्य प्रभु···"

"[illegible] है क्या ?"

[illegible]।

[illegible] कहा, 'ओ-हो, ओ-हो !"

[illegible] कहा, 'मालिक मेरे ! क्या [illegible] होगा ?"

[illegible] पकड़ लिया। उसने कहा, "मैं [illegible] हूँ।"

[illegible] उन्होंने कहा, "छिः ! इसी ही के लिए गुरु है।"

मास्टर साहब

माला भरी बैठी थी। मास्टर साहब ने ज्योंही घर में कदम रखा, उसने विषदृष्टि से पति को देखकर तीखे स्वर में कहा, "यह अब तुम्हारे आने का समय हुआ है? इतना कह दिया था कि आज मेरा जन्मदिन है, चार मिलनेवालियां आएंगी, बहुत कुछ बन्दोबस्त करना है, जरा जल्दी आना। सो, उल्टे आज शाम ही कर दी।"

"पर लाचारी थी, प्रभा की मां! देर हो ही गई।"

"कैसे हो गई? मैं कहती हूं, तुम मुझसे इतना जलते क्यों हो? इस तरह मन में गांठ बांध रखने से फायदा? साफ क्यों नहीं कह देते कि तुम्हें मैं फूटी आंखों भी नहीं सुहाती?"

"यह बात नहीं है, प्रभा की मां, तनख्वाह मिलने में देर हो गई। एक तो आज इन्स्पेक्टर स्कूल में आ गए, दूसरे आज फीस का हिसाब चुकाना था। तीसरे कुछ आफिस का काम भी हेडमास्टर साहब ने बता दिया। करना पड़ा। फिर आज तनख्वाह मिलने का दिन नहीं था—कहने-सुनने से हेडमास्टर ने बन्दोबस्त किया।"

"तो उन्होंने बड़ा अहसान किया। अपनी करनी भी तुम्हें मालूम है। मैं पूछती हूं, देर क्यों कर दी—आज सबेरे आ ही जाते। देखूं, किसने कहा है।"

मास्टर साहब ने कोट अभी-अभी खूंटी पर टांगा ही था कि उसकी जेब से पर्स निकालकर आंगन में उलट दिया। दस-दस रुपए के चार नोट जमीन पर फैल गए। उन्हें एक-एक गिनकर माला ने नाक-भौं चढ़ाकर कहा, "चालीस ही हैं, बस?"

"चालीस ही तो पाता हूं, ज्यादा कहां से लाऊं?"

[illegible] ?"

[illegible]

[illegible] !"

[illegible] "आखिर मेरे !

[illegible] ?"

[illegible] पकड़ लिया।

[illegible]"

[illegible] "[illegible] ! इसी ही के लिए

[illegible]"

मास्टर साहब

माना भरी बैठी थी। मास्टर साहब ने ज्योंही घर में कदम रखा, उसने विषदृष्टि से पति को देखकर तीखे स्वर में कहा, "यह अब तुम्हारे आने का समय हुआ है ? इतना कह दिया था कि आज प्रभा का जन्मदिन है, चार मिलनेवालियां आएंगी, बहुत कुछ बन्दोबस्त करना है, जरा जल्दी आना। सो, उल्टे आज शाम ही कर दी।"

"पर लाचारी थी, प्रभा की मां ! देर हो ही गई।"

"कैसे हो गई ? मैं कहती हूं, तुम मुझसे इतना छिपाते क्यों हो? इस तरह मन में खोट गांठ रखने में फायदा ? साफ क्यों नहीं कह देते कि तुम्हें मैं फूटी आंखों भी नहीं सुहाती ?"

"यह बात नहीं है, प्रभा की मां, तनख्वाह मिलने में देर हो गई। एक तो आज इन्स्पेक्टर स्कूल में आ गए, दूसरे आज फीस का हिसाब बनाना था। तीसरे कुछ आफिस का काम भी हेडमास्टर साहब ने सौंप दिया। करना पड़ा। फिर आज तनख्वाह मिलने का दिन नहीं था—कहने-सुनने से हेडमास्टर ने बन्दोबस्त किया।"

"तो उन्होंने बड़ा अहसान किया। और करतो भी मुझसे बाहर है। मैं पूछती हूं, देर क्यों कर दी—आज गये भाड़ में सारे। रुपये कहां है।"

मास्टर साहब ने कोट अभी-अभी खूंटी पर टांगा ही था कि उसकी जेब से पर्स निकालकर आंचल में डाल लिया। दस-दस रुपये के चार नोट जमीन पर फेंक दिए। उन्हें एक-एक गिनकर माया ने त्यौरी चढ़ाकर कहा, "चालीस ही है, बस ?"

"चालीस ही तो पाता हूं ज्यादा कहां से दे सकूं ?"

"अच्छा," और घर से बाहर हो गए।

बहुत रात बीते जब वे लौटे तो घर में खूब चुहल हो रही थी। भामा की सखी-सहेलियां सजी-धजी, गा-बजा रही थीं। अभी उनका खाना पीना नहीं हुआ था। भामा ने बहुत-सा सामान बाजार से मंगा लिया था। पूड़ियां तली जा रही थीं और घी की सोंधी महक घर में फैल रही थी।

पति के लौट आने पर भामा ने ध्यान नहीं दिया। वह अपनी सहेलियों की आवभगत में लगी रही। मास्टर साहब बहुत देर तक अपने कमरे में पलंग पर लेटे भामा के आने और भोजन कराने की प्रतीक्षा करते रहे, और न जाने कब सो गए।

"रात को भूखे ही सो रहे तुम, खाना नहीं खाया?"

"कहां, तुम काम में लगी थीं। मुझे पड़ते ही नींद आई तो फिर आंख ही नहीं खुली।"

"मैं तो पहले ही जानती थी कि बिना इस दासी के लाए तुम खा नहीं सकते। रोज ही तो चाकरी बजाती हूं। एक दिन मैं तनिक अपनी मिलनेवालियों में फंस गई, सो रूठकर भूखे ही सो रहे। सो एक बार नहीं सौ बार सो रहो। यहां किसीकी धौंस नहीं सहनेवाले हैं।"

"लेकिन प्रभा की मां, इसमें धौंस की क्या बात है? मुझे नींद आ ही गई।"

"आ गई तो अच्छा हुआ, अब महीने के खर्च का क्या होगा?"

"ट्यूशन ही के बीस रुपये जेब में पड़े हैं, उन्हींसे काम चलाना होगा।"

"ट्यूशन के बीस रुपये! वे तो रात काम में आ गए। मैंने ले लिए थे।"

"वे भी खर्च कर दिए?"

"बड़ा कसूर किया, अब फांसी चढ़ा दो।"

"नहीं, नहीं, प्रभा की मां! मेरा मतलब था चालीस रुपये में तुम

[illegible] लेगी, [illegible] महीना कट जाएगा।"

"यह भी नसीब का रोना है। तकदीर की बात है, [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] क्या किया जाए! अपनी लाज तो ढकनी ही पड़ती है। [illegible] भूखे-नंगे रहो, पड़ोसियों के सामने तो नहीं रह सकते। [illegible] कोई नाटकिन-चमारिन तो थी नहीं। फिर [illegible] की औकात ही क्या है?"

मास्टर साहब चिन्ता में सिर खुजाने लगे : उन्हें कोई जवाब नहीं सूझा। महीने का खर्च चलेगा कैसे, यही चिन्ता उन्हें सता रही थी। अभी दूधवाला आएगा, धोबी आएगा। वे इस माह में जूता पहनना चाहते थे—बिलकुल काम लायक न रह गया था। परन्तु अब जूता तो एक ओर रहा, और आवश्यक खर्च की ही चिन्ता सवार हो गई।

पति को चुप देखकर भामा झटका देकर उठी। उसने कहा, "अब इस बार तो कसूर हो गया भई, पर अब किसीको नहीं बुलाऊंगी। इस अभागे घर में तो पेट के झोले को भर लिया जाए, तो ही बहुत है।"

उसने रात का बासी भोजन लाकर पति के सामने रख दिया। मास्टर साहब चुपचाप खाकर स्कूल को चलने लगे।

भामा ने कहा, "बिना कहे तो रहा नहीं जाता ; अब तेली, तम्बोली, दूधवाला आकर मेरी जान खाएंगे। क्या कहूं उनसे, बोलो तो? तुम्हें तो अपनी इज्जत का खयाल ही नहीं, पर मुझसे तो इन नीचों के तकाजे नहीं सहे जाते।"

मास्टरजी ने धीमे स्वर में नीची नजर करके कहा, "करूंगा प्रबन्ध, जाता हूं।"

"लेकिन, क्यों सहती हो बहिन? इन पुरुषों की प्रभुता का जुआ हमें अपने कंधे पर से उतार फेंकना होगा। हमें स्वतन्त्र होना होगा; हम भी मनुष्य हैं—पुरुषों की भांति। कोई कारण नहीं जो [illegible] उनके लिए घर-गिरस्ती करें, उनके लिए बच्चे पैदा करें और [illegible]

उनकी गुलामी करती हुई मर जाए।"

माया की आंखें चमकने लगीं। उसने कहा, "यही तो मैं भी सोचती हूं, श्रीमतीजी। आप ही कहिए, चालीस रुपये की नौकरी, फिर दुख-भोग भी बने रहना चाहते हैं। आप ही कहिए, दुनिया में एक से एक बढ़कर भोग हैं, क्या मनुष्य का दिल उन्हें भोगना न चाहेगा?"

"क्यों नहीं, फिर ये भोग बने किसके लिए हैं? मनुष्य ही तो इन्हें भोगने का अधिकार रखता है।"

"यही तो, पर पुरुष ही उन्हें भोग पाते हैं। वे ही शायद मनुष्य हैं, हम स्त्रियां जैसे मनुष्यता से भी हीन हैं।"

[illegible]

हो जाओ। इसमें हम न केवल स्वतन्त्रता का पाठ पढ़ते-पढ़ाते हैं, बल्कि स्त्रियों को स्वावलम्बी, रहने योग्य भी बनाते हैं। हमारा एक स्कूल भी है, जिसमें सिलाई, कसीदा और भांति-भांति की दस्तकारियां सिखाई जाती हैं। गायन-नृत्य के सीखने का भी प्रबन्ध है। हम जीवन चाहती हैं, सो हमारे संघ में तुम्हें भरपूर जीवन मिलेगा।"

"तो मैं, श्रीमतीजी, आपके संघ और स्कूल में आना ही तो चाहती हूं। जब वे स्कूल चले जाते हैं तो दिन-भर घर में पड़ी उनके आने का इन्तजार करती रहती हूं। सो भी इस आशा से नहीं कि वे मेरे लिए कुछ उपहार लेकर आते होंगे या मैं उनके संग बैठकर दो बोल हंस बोलूंगी। ईश्वर जाने कैसी रूखी तबीयत पाई है। हरदम थके हुए, परेशान-से और कुछ पूछो भी नहीं [illegible] धन। अभी हैं, उनकी माता, उन्हें वे रात को हंसते-बोलते हैं। कहिए यह कोई जीवन है? नरक, नरक! किसे मैं हूं जो यह सब सहती हूं।"

"मत सहो, मत सहो बहिन, अपने आत्मसम्मान और स्वाधीनता की रक्षा करो।"

"यही करूंगी श्रीमतीजी, यही करूंगी।"

"तो कल आना, हमारा वार्षिकोत्सव है। बहुत-सी बड़ी-बड़ी देवियां आएंगी—उनके भाषण होंगे, भजन होंगे, नृत्य होगा, गायन होगा, नाटक होगा, प्रस्ताव होंगे और फिर प्रीतिभोज होगा। कहो, आओगी न ?"

"अवश्य आऊंगी, अब जाती हूं।"

"अब जाओ फिर। तुम्हें देखकर चित्त प्रसन्न हुआ। याद रखो, तुम्हारी जैसी देवियों के पैरों पड़ी परतन्त्रता की बेड़ियां काटने के लिए हमने यह उद्योग किया है।"

"आप धन्य हैं, श्रीमतीजी ! नमस्ते।"

"नमस्ते।"

भामा ने बड़ी ही उत्सुकता से वह रात काटी और वह अपनी समझ में पूरी तैयारी के साथ सज-धजकर जब उस जलसे में गई तो हद दरजे चमत्कृत और लज्जित होकर लौटी। चमत्कृत हुई वहां के वातावरण से, व्याख्यानों से, कविताओं और नृत्य से, मनोरंजन-प्रकारों से उसने देखा, समझा—अहा, यही तो सच्चा जीवन है ! कैसा आनंद है, कैसा उल्लास है, कैसा विनोद है ! परन्तु जब उसने अपनी हीनावस्था का वहां आनेवाली प्रत्येक महिला से मुकाबला किया, तो लज्जित हुई। उसने दरिद्र, निरीह पति से लेकर घर की प्रत्येक वस्तु को अत्यन्त नगण्य, अत्यन्त क्षुद्र, अत्यन्त दयनीय समझा, और वह अपने ही जीवन के प्रति एक असह्नीय विद्रोह और असन्तोष-भावना लिए बहुत रात गए घर लौटी।

मास्टर साहब उसकी प्रतीक्षा में जागे बैठे थे। प्रभा पिता की कहानियां सुनते-सुनते थककर सो गई थी। भोजन तैयार कर, आप खा और प्रभा को खिला, पत्नी के लिए उन्होंने रख छोड़ा था।

भामा ने आते ही एक तिरस्कार-भरी दृष्टि पति और उस शयनागार पर डाली, जो उसके कुछ क्षण पूर्व देखे हुए दृश्यों से चकाचौंध हो गई थी। उसे सब कुछ बड़ा ही अशुभ, असह्नीय प्रतीत हुआ। वह बिना ही भोजन किए, बिना ही पति से एक शब्द बोले, बिना ही सोती हुई फूल-सी प्रभा पर एक दृष्टि [illegible] गई।

मास्टर साहब ने कहा, "और खाना ?"

"नहीं खाऊंगी।"

"कहां खाया ?"

"खा लिया।"

और प्रश्न नहीं किया। मास्टर साहब भी सो गए।

माया प्रायः नित्य ही महिला संघ में जाने लगी। उन्मुक्त वायु में स्वच्छन्द सांस लेने लगी, पढ़ी-लिखी, उन्नतशील कहानेवाली देवियों-महिलाओं के संपर्क में आई, जितना पढ़ सकती थी, पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं को पढ़ने लगी। उसने सुना—उन महामहिम महिलाओं में, जो सभाओं और जलसों में ठाटदार साड़ी धारण करके मनोनेत्रियों के आसन को सुशोभित करती हैं, चारों ओर स्त्री-पुरुष जिनका आदर करते हैं, जिन्हें प्रणाम करते, हंस-हंसकर झुककर जिनका सम्मान करते हैं, उनमें कोई घर को त्याग चुकी है, कोई पति को त्याग चुकी है; उनका गृहस्थ-जीवन नष्ट हो चुका है, वे स्वच्छन्द हैं, उन्मुक्त हैं, वे बाधाहीन हैं, वे कुछ घंटों ही के लिए नहीं, अपितु महीनों तक जहां चाहें रहें और जहां चाहें जा सकती हैं, उन्हें कोई रोकनेवाला नहीं, उनकी इच्छा में बाधा डालनेवाला नहीं है। उसे लगा, यही तो स्त्री का सच्चा जीवन है, वे गुलामी की बेड़ियों को तोड़ चुकी हैं, वे नारियां धन्य हैं।

एक दिन एक सभा में जब सभानेत्री महोदया, तालियों की गड़गड़ाहट में ऊंची कुर्सी पर बैठीं (उपस्थित प्रमुख पुरुषों और महिलाओं ने उन्हें आदर मोटर से उतारकर फूलमालाओं से लाद दिया था) तो माया के पास बैठी एक महिला ने मुंह बिचकाकर कहा, "जानती हो इनको! यहां जो ठाट है, वहां पति ने पीटकर घर से निकाल दिया है।"

"अरे! ऐसा क्यों है ?"

[illegible] पति के साथ मुझे [illegible] ! घर-गिरस्ती [illegible] करना। और घर-

बाहर आ सकती हैं!"

"तो फिर बोलीं, किस तरह स्त्रियां देशसेवा तो भी नहीं सकतीं।"

"ठीक कहती हो! जो अपने पति और बाल-बच्चों की सेवा नहीं कर सकती, अपनी घर-गिरस्ती को नहीं संभाल सकती, वह देश-सेवा क्या करेगी? देश के शांत जीवन में अशान्ति की आग अवश्य लगाएगी।"

भामा को ये बातें चुभ रही थीं। उससे न रहा गया। उसने सीधी होकर कहा, "क्या [illegible] लगाए हो बहिन! घर-गिरस्ती जाकर संभालो न, यहां वक्त बरबाद करने क्यों आई हो?"

महिला चुप तो हो गई पर उसने तिरस्कार और अवज्ञा की दृष्टि से एक बार भामा को और एक बार सभानेत्री को देखा।

भामा सिर्फ स्त्रियों ही के जलसों में नहीं आती-जाती थी, वह उन जलसों में भी भाग लेने लगी, जिनमें पुरुष भी होते। बहुधा वह स्वयंसेविका बनती, और ऐसे कार्यों में तत्परता दिखाकर वाह-वाही लूटती। उसकी लगन, तत्परता, स्त्री-स्वातन्त्र्य की तीव्र भावना के कारण इस जाग्रत् स्त्री-जगत् में उसका परिचय काफी बढ़ गया। वह अधिक विख्यात हो गई। लीडर स्त्रियों ने उसे अपने काम की समझा, उसका आदर बढ़ा। भामा इससे और भी प्रभावित होकर इस सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़ती गई और अब उसकी वह क्षुद्र-दरिद्र गिरस्थी, छोटी-सी पुत्री और समाज में अतिसाधारण-सा अध्यापक, उसका पति, सब कुछ हेय हो गया।

वह बहुत कम घर आती। बहुधा मास्टर साहब को खाना स्वयं बनाना पड़ता, चाय बनाना तो उनका नित्यकर्म हो गया। पुत्री प्रभा की सार-संभार भी उन्हें करनी पड़ने लगी। वे स्कूल जाएं, ट्यूशन करें, बच्ची को संभालें, भोजन बनाएं और घर को भी संभालें। यह सब नित्य-नित्य सम्भव नहीं रहा।

घर में अव्यवस्था और अभाव बढ़ गया। भामा और भी तीखी और निडर हो गई। वह पति पर इतना भार डालकर, उसकी यत्किंचित् भी सहायता न करके, उसकी सारी सम्पत्ति को अधिकृत करके

भा निरन्तर उससे क्रुद्ध और असन्तुष्ट रहने लगी। पति की क्षुद्र आय का अब सबसे बड़ा भाग उसकी साड़ियों में, चन्दों में, तांगे के भाड़े में और मित्र-मित्राओं के चाय-पानी में खर्च होने लगा। मास्टर साहब को मित्रों से ऋण लेना पड़ा। ऋण मास-मास बढ़ने लगा और

के कपड़े फट गए, उन्होंने और ट्यूशन कर लीं। वे रात-दिन पिसने लगे। छोटी-सी बच्ची चुपचाप अकेली घर में बैठी पिता और माता के आगमन की प्रतीक्षा करने की अभ्यस्त हो गई। बहुधा वह बहुत रात तक, सन्नाटे के आलम में, अकेली घर में डरी हुई, सहमी हुई बैठी रहती; कभी रोती, कभी रोती-रोती सो जाती, बहुधा भूखी-प्यासी।

"किन्तु रुपये तो अभी नहीं हैं, मांगने भी आना मुश्किल है, अगले महीने में…"

भामा गरज पड़ी, "अगले महीने में या अगले साल में? आखिर क्या मैं भिखारिन हूं? मैं भी इस घर की मालकिन हूं। ब्याही आई

…! इधर

"मुझे तुम्हारे कर्ज़ों से क्या मतलब? कमाना मर्दों का काम है या औरतों का? कहो तो मैं कमाई करूं जाकर?"

"नहीं, नहीं, यह मेरा मतलब नहीं। पर अपनी जितनी आमदनी है उतनी…"

"भाड़ में जाए तुम्हारी आमदनी! मुझे साड़ी चाहिए, और दस रुपये!"

"तो बन्दोबस्त करूंगा।" मास्टर साहब और नहीं बोले, छाता संभालकर चुपचाप चल दिए।

[illegible] घर न आ सकी। [illegible] हो चले थे। उसमें [illegible] आ गई थी। [illegible] पत्नी की मां, एक पति की [illegible]—एक आधुनिकतम महिला-उद्धा[illegible] [illegible], दरिद्र जीवन से सम्पूर्ण [illegible] पर पति से झगड़ा करने लगी। प्रभा को [illegible] ही पीटने लगी। तनिक-सी भी बात मन के [illegible] होने पर निकलकर घर से चली जाती और दो-दो दिन गायब रहती। उसकी बहुत-सी सखी-सहेलियां हो गई थीं, बहुत-से [illegible] बन गए थे जिनमें स्कूलों की मास्टरनियां, अध्यापिकाएं, विधवाएं, प्रौढ़ाएं और स्वच्छन्द जीवन का रस लेनेवाली अन्य अनेक प्रकार की स्त्रियां थीं। उनमें से प्रायः सभी ने स्त्रियों के उद्धार का व्रत ले रखा था।

इन सब बातों से अन्ततः एक दिन मास्टर साहब का समुद्र-सा गम्भीर हृदय भी विचलित हो गया। पत्नी के प्रति उत्पन्न रोष को वे यत्न करके भी न दबा सके। प्रभा दो दिन से ज्वर में बेहोश थी, और भामा दो दिन से गायब थी—किसी कार्यवश नहीं, क्रुद्ध होकर। प्रभा ने 'अम्मा-अम्मा' की रट लगा रखी थी। उसके होंठ सूख रहे थे, बदन तप रहा था। मास्टर साहब स्कूल नहीं जा सके थे। ट्यूशन भी नहीं, खाना भी नहीं। वे पुत्री के पास बैठे पानी से उसके होंठों को तर करते, 'अम्मा आ रही है' कहकर धीरज देते, फिर एक गहरी सांस के साथ हृदय के दुःख को बाहर फेंकते और अपने दांतों से होंठ दबा लेते और भामा के प्रति उत्पन्न क्रोध को दबाने की चेष्टा करते।

भामा आई तो उसने न रुग्ण पुत्री की ओर देखा, न भूख-प्यास से जर्जर चिंतित पति को। वह भरी हुई आकर अपनी कोठरी में द्वार बन्द करके पड़ गई।

अन्त में मास्टर साहब ने कोठरी के द्वार पर जाकर कहा, "प्रभा को बहुत तेज ज्वर है, प्रभा की मां, तनिक आओ तो।"

"मैं क्या वैद्य-डाक्टर हूं!" भीतर से भामा ने कहा।

"नहीं, वह तुम्हें बहुत याद कर रही है, तनिक उसके पास

बैठो।"

"तुम बैठे तो हो।"

"वह तुम्हें पुकार रही है, आओ।"

"मैं थक रही हूं, मेरी जान मत खाओ।"

"कैसी बात करती हो, प्रभा की मा! वह तुम्हारी बेटी है।"

"तुम्हारी भी तो है।"

"बच्चों की देखभाल तो मा ही कर सकती है, प्रभा की मा।"

"पर बच्चे मा के नहीं, बाप के हैं। उन्हें ही उनकी सभाल करनी चाहिए।"

"पर तुम जरा बच्चों के पास तो आओ।"

"भाड़ मे जाए बच्चो, मुझे जरा सोने दो, मेरा तबीयत ठीक नहीं है।"

"यह तुम क्या कह रही हो, प्रभा की मा!"

"तुम उसे नही समझ सकोगे। स्कूल की किताबो में वह बात नही लिखी।"

हो प्रभा की मा!' उन्होंने थूक सटका और चले गए।

सुबह बड़ी देर तक भी जब भामा अपनी कोठरी से बाहर नही आई तब मास्टर साहब, रात-भर की जागी हुई, फूली हुई, सुर्ख आखों की कोर मे वेदना और उदासी भरे, प्रभात की वेला मे झपकी लेती, कगाल बच्चो को भूनके से छोड़कर फिर पत्नी की कोठरी को गए। रात के गुस्से को भूलकर उन्होंने पुकारा, "प्रभा की मा, उठो तो तनिक, दिन बहुत चढ़ आया है।"

पर दूसरे ही क्षण उन्होंने देखा, कोठरी का द्वार खुला है और भामा वहां नहीं है, कोठरी सूनी है, बिछौना खाली है। भीतर जाकर देखा, एक पुर्जा लिखा रखा था। उसमें लिखा था:

"मेरी आखें खुल गई हैं, मैं अपने अधिकार को जान गई हूं। मैं भी आदमी हूं, जैसे तुम मर्द लोग हो, और मुझे भी मर्दों की ही भांति

[illegible] का अधिकार है। मैं तुम्हारे [illegible] को भुलाना [illegible] नहीं [illegible] स्वीकार करती, उनके नत-मस्तक [illegible], तुम्हारे सामने आज मानने से इनकार करती हूं। मैं जानती हूं और कहे जाती हूं कि तुम्हें मुझे बलपूर्वक अपने दुर्भाग्य से बांध रखने का कोई अधिकार नहीं। तुम्हारी मासिक रुपये की हैसि-यत [illegible] अपने को भागीदार नहीं बना सकती।"

मास्टर साहब की आंखें फट पड़ीं, मुंह फैला रह गया। वे वहीं चारपाई पर बैठकर दो-तीन बार उस पत्र को पढ़ गए। और तब बातों को भूलकर वे यही सोचने लगे—आखिर भामा यह सब लिख कैसे सकी? बिलकुल ग्रामोफोन की सी भाषा है, व्याख्यान के नपे-तुले शब्द, [illegible] युक्ति, सुगठित भाषा। ऐसा तो वे भी नहीं लिख सकते। भामा यह सब कहां से सीख गई? क्या उसने सत्य ही इन सब गम्भीर बातों पर, स्त्री-स्वातन्त्र्य पर, सामाजिक जीवन के इस असाधारण स्त्री-विद्रोह पर पूरा-पूरा विचार कर लिया है? क्या वह जानती है कि उस मार्ग पर जाने से उनपर क्या-क्या जिम्मेदारियां आएंगी? मैं तो उसे जानता हूं वह कमज़ोर दिमाग की स्त्री है, एक असहनशील पत्नी है, एक निर्मम मां है। वह इन सब बातों को समझ ही नहीं सकती। परन्तु वह यह सब लिख कैसे सकी? घर त्यागने का साहस उसमें हो सकता है, यह उसकी दिमाग़ी कमजोरी और असहनशीलतापूर्ण हृदय का परिणाम है; परन्तु उसके कारण इतने उच्च, इतने विशाल, इतने क्रान्तिमय हैं, यह भामा समझ नहीं सकती। वह सिर्फ भरी गई है, भुलावे में आई है। ईश्वर करे, उसे सुबुद्धि प्राप्ति हो, वह लौट आए...मेरे पास नहीं; मैं जानता हूं, मैं अच्छा पति नहीं, मैं उसकी अभिलाषाओं की पूर्ति नहीं कर सकता, मेरी क्षुद्र आमदनी उसके लिए काफी नहीं है। फिर भी प्रभा के लिए लौट ही आना चाहिए उसे। पता नहीं कहां गई, पर उसे तलाश करना होगा। उसके गुस्से को इतना सहा है, और भी सहना होगा। और उसने समझा हो या न समझा हो, उसका यह कहना तो सही ही है कि मुझे उसे बलपूर्वक अपने दुर्भाग्य से बांध रखने का कोई अधिकार ही नहीं है।

क्षण-भर के लिए मास्टर साहब स्तब्ध बैठे रहे। उनकी तनखाह के गोलमोल चालीस रुपये झन-झन करके उनके कानों में चालीस की गिनती कर गुम-गुम होने लगे और उनकी दरिद्रता, असहाय गृहस्थी विद्रूप कर ही-ही करके उनका उपहास करने लगी।

"मैं आज इस गुलामी की बेड़ियों को तोड़ आई हूं, श्रीमतीजी।"

"शाबाश, तुम्हारे साहस की जितनी तारीफ की जाए, थोड़ी है। मैं समझती हूं कि अब तुम अधिक आज़ादी से अपनी बहिनों और अपने देश की सेवा कर सकती हो।"

सिर्फ सब सामान की फेहरिस्त रखना, चीज़ों को सभालना और तैयार माल को बाज़ार में बेचना—यही काम तुम्हें करना होगा।"

"और सब तो ठीक है, पर बाज़ार में बेचना, यह मुझसे कैसे होगा? मैं तो कभी बाज़ार जाती नहीं, लोगों से बात करती नहीं।"

"तो क्या मैं समझूं, यह भीरुता, यह कमज़ोरी तुममें अभी बनी ही रहेगी?"

"पर श्रीमतीजी···"

"पर-वर कुछ नहीं। हरिया तुम्हारे साथ रहेगा। वह तुम्हारे कामों में खूब चट है। सिर्फ हथलपक है, जो माल बेचना है या खरीदता है, अपनी मुट्ठी भी गर्म करता है। अब तुम्हारी निगरानी में वह ऐसा नहीं कर सकेगा।"

"पर मैं काम कुछ जानती नहीं हूं, श्रीमतीजी! कहीं कोई भूल-चूक हो गई तो···"

"तो क्या हुआ, भूल-चूक भी इन्सान से ही होती है। फिर सब काम करते ही में तो आते हैं, कोई पेट से तो सब सीखकर पैदा नहीं होता।"

"तब ठीक है श्रीमतीजी, अब मेरे खाने-पीने का क्या होगा?"

"तुम्हें बीस रुपया माहवार मिलेगा। रहने को मकान स्कूल ही में मिलेगा। काम सीख लेने पर और कुछ और पढ़-लिख जाने पर

[illegible]

[illegible] मन बैठ रहा था। [illegible] नौकरी, [illegible] हाँ, माँ ! मैं [illegible]

[illegible] कोठरी से भी [illegible] कोठरी, [illegible] और सूनी। [illegible] फेंकी हुई अध- [illegible] से नहीं लगी थी। [illegible] पानी से भरा, एक कोने में रखा था।

[illegible] उसे अपना घर, [illegible] पर साफ-सुथरा, छोटी-सी बिटिया [illegible] और सदा शान्त-शिष्ट रहनेवाले पति की याद आने लगी। पर उसने दृढ़तापूर्वक आगे कदम बढ़ाने की ठान ली। कोठरी उसने झाड़-बुहार कर ठीक कर ली। हरिया से उसने कहा :

"लेकिन चारपाई, बिछौना, सामान—मेरे पास तो कुछ नहीं है।"

"आज-भर मेरी चारपाई ले लो; पैसे हों तो दो, मैं सामान ला दूं; कल बन्दोबस्त कर लेना।"

"लेकिन मेरे पास पैसे भी तो नहीं है।"

"तो तुमने बड़ी बीबी से मांगे क्यों नहीं ?"

भामा को उस नीच चपरासी का 'तुम, तुम' करके बातें करना बहुत बुरा लगा। उसकी चारपाई मंगनी लेना, उसीकी बगल की सूनी कोठरी में अकेली रहना और बिना साज-सामान गृहस्थी बसाना—उसे यह सब एक असह्य, अनहोनी-सी बात लगने लगी।

उसने सोचा, चलो, घर लौट चलूं। पर मन फिर मचल गया। उसने 'तुम' कहकर उस बात करनेवाले हरिया से 'तू' कहकर बात की। कहा, "चल जरा मेरे साथ बीबीजी के घर, मैं उनसे जरूरी सामान का बन्दोबस्त करने को कहूं।"

हरिया को यह तू-तड़ाक पसन्द नहीं आई। उसने धृष्टता से कहा, "मैं स्कूल का नौकर हूं, तुम्हारा नहीं, और रात-दिन की नौकरी भी नहीं करता। मैं इस समय कहीं नहीं आ-जा सकता।" वह भीतर अपनी कोठरी में चला गया।

मानिनी भामा तमाम रात भूखी-प्यासी, ठिठुरती उस कोठरी के कोने में भीतर से द्वार बन्द करके बैठी रही। एक-एक करके उसके सामने पति के प्यार, सहिष्णुता, अधीनता के चित्र खिंचने लगे। उसे ध्यान हुआ—उनकी यह दरिद्रता, उनकी अकर्मण्यता से नहीं है, देश के वातावरण से, लाचारी से और परम्परा से ही है। उसे रह-रहकर अपनी बच्ची की याद आने लगी, जो ज्वर में अपने सूखे होंठों से अम्मा को पुकार रही थी। उसे पति के अभ्यस्त मधुरतम सम्बोधन 'प्रभा की मां' की याद आ रही थी। झर-झर उसकी आंखों से आंसू बहते रहे, वह रोती रही। भूख प्यास से थकित, शिथिल, गन्दी अंधेरी कोठरी में बैठी वह मन ही मन कहने लगी—'यह हमारी, हम स्त्रियों की स्वाधीनता का पथ है।'

दूसरी कोठरी में हरिया और उसके यार-दोस्त चण्डू में दम लगा रहे थे, गन्दी बातें बक रहे थे, और बीच-बीच में भामा को लेकर बहुत-सी उचित-अनुचित बातें बक रहे थे।

"किन्तु श्रीमतीजी, भामा मेरी पत्नी है।"

"कह तो दिया, आप नहीं मिल सकते।"

"मगर मिलना बहुत जरूरी है। श्रीमतीजी, उसकी बच्ची बहुत बीमार है।"

"महाशय, वह आपसे मिलना नहीं चाहती, आपसे कोई सरोकार रखना नहीं चाहती। ऐसी हालत में आप उससे जबरदस्ती नहीं मिल सकते।"

"जबरदस्ती नहीं, श्रीमतीजी, मैं आपसे प्रार्थना कर रहा हूं।"

"आप नाहक हमारा सिर खाते हैं।"

"लेकिन उसने उचित नहीं किया है, उसे सोचना होगा और आपको भी उसे समझाना चाहिए। सोचिए तो सही, वह एक पति

की पत्नी ही नहीं, एक बच्चे की मां भी है।"

"वह बच्चा आजकल भाग रहा है, उसे आपकी शिक्षा का आवश्यकता नहीं।"

"है, श्रीमतीजी, है, उसे मेरी शिक्षा की सहायता की बहुत जरूरत है। वह बच्चा आजकल नहीं सो सकता।"

"तो आप चाहते क्या हैं?"

"जरा उसे यहां बुलाइए, मैं उससे बात करना चाहता हूं।"

"परन्तु मैंने कहा, वह आपसे बात करना नहीं चाहती।"

"नहीं, नहीं, बात करने में हानि नहीं है।"

"ओफ, आपने तो सिर खा डाला। मैं कहती हूं, आप चले जाइए।"

"मैं उसे ले जाने के लिए आया हूं।"

"उसे आप जबरदस्ती नहीं ले जा सकते।"

"मैं उसे समझाना चाहता हूं।"

"वह आपसे मिलने को तैयार नहीं।"

"मैं उसका पति हूं, श्रीमतीजी, वह मेरी पत्नी है, मेरा उसपर पूरा अधिकार है।"

"तो आप अदालत में जाइए, अपने अधिकार का दावा कीजिए।"

"छी, छी! श्रीमतीजी, आप महिलाओं की हितैषिका हैं, अ[illegible] यह कभी पसन्द नहीं करेंगी।"

"जी, मैं यह भी तो पसन्द नहीं करती कि पुरुष स्त्रियों [illegible] उनकी इच्छा के विरुद्ध अपनी आवश्यकताओं का गुलाम बनाएं।"

"कहां, हम तो उन्हें अपने घर-बार की मालकिन बनाक[र] अपनी इज्जत, प्रतिष्ठा, सब कुछ उन्हें सौंपकर निश्चिन्त रहते हैं जो कमाते हैं, उन्हींके हाथ पर धरते हैं, फिर प्रत्येक वस्तु और का[म] के लिए उन्हींकी सहायता के भिखारी रहते हैं।"

"विचित्र प्रकृति के व्यक्ति हैं आप, अब मुझीसे उलझ रहे हैं! आप यह व्याख्यान किसी पत्र में छपवा दीजिएगा। आपकी युक्तियों का मेरे लिए कोई मूल्य नहीं है।"

"किन्तु श्रीमतीजी, आप एक पति और उसकी पत्नी के बीच

प्रकार व्यवधान मत बनिए।"

"अच्छा, तो आप मुझे समझाना चाहते हैं ?"

...नहीं। हमारी छोटी-सी गरीब दुनिया है, शान्त छोटा-सा घर एक छोटे-से घोंसले के समान। हम लोग न ऊंचों के लेने में और ...

...और प्रतिस्पर्धा हैं। इन सबके बीच आप लोगों का व्यक्तिगत जीवन एक गौण वस्तु बन जाता है। पर हम लोग इन झंझटों से ...क-साफ हैं। कृपया हम जैसे निरीह प्राणियों को अपनी इस जीवन की घुड़दौड़ में न घसीटिएगा। दया कीजिए। मेरी पत्नी मेरे साथ ...र दीजिए, मैं उसे समझा लूंगा, उससे निपट लूंगा।"

"अच्छा, तो आप चाहते हैं कि मैं चपरासी को बुलाऊं या पुलिस को फोन करूं ?"

"जी नहीं, मैं चाहता हूं कि आप भामादेवी को छुट्टी दे दें। ...उन्हें अपने घर ले जाऊं।"

"यह नहीं हो सकता।"

"यह बड़ा अन्याय है, श्रीमतीजी !"

"आप जाते हैं, या चपरासी बुलाया जाए ?"

"चपरासी…"

"ओ चपरासी !"

देवीजी ने उच्च स्वर से पुकारा। अपनी टेढ़ी और घिनौनी मूंछों में हंसता हुआ हरिया आ खड़ा हुआ। अर्ध-उद्दण्डता से बोला, "क्या करना होगा मेम साहब ?"

मेम साहब के कुछ कहने से प्रथम ही मास्टर साहब 'कुछ नहीं भाई, कुछ नहीं' कहते हुए अपना छाता उठा आफिस से बाहर हो

गए। चलती बार श्रीमतीजी को नमस्ते करना भूले नहीं।

"सुना तुमने ? वह सुबह आया था दफ्तर में।"

"कौन ?"

"अरे वही बागड़बिल्ला मास्टर, तुम्हारा पति !"

"लेकिन तू तमीज से बात कर।"

"ये लो, तुमसे ? तुम क्या मेरी अफसर हो ?"

"तो तूने समझा क्या है ?"

"तुम बीस पाती हो, मैं भी बीस पाता हूं, तुमसे कम नहीं।"

"तो इसीसे तू मेरी बराबरी करेगा ?"

"कल इतना काम कर दिया, सारा सामान बाजार से ढोकर लाया और अब 'तू-तू' करके बातें करती हो ? ऐसी ही शाहजादी थीं, तो बीस रुपल्ली पर नौकरी कर और इस कोठरी में दिन काटने क्यों आई थीं, मारोगी ?"

"देख हरिया, ज्यादा बदतमीजी करेगा तो अच्छा नहीं होगा।"

"क्या करोगी, मारोगी ?"

"मैं कहती हूं, तू अपनी हैसियत में रह।"

"और तुम भी अपनी हैसियत में रहो। बहुत सहा, कल मैं मेम साहब से साफ कह दूंगा कि जिस-तिसकी गुलामी करना मेरा काम नहीं है। ऐसी तीन सौ साठ नौकरी मिल सकती हैं। कोई तुम्हारी तरह घर छोड़कर भगोड़ा नहीं हूं ; इज्जत रखता हूं।"

भामा का सारा मान बिखर गया। ओह, अभी सिर्फ दो ही दिन तो बीते हैं। इसी बीच में इतना कष्ट, इतना अपमान, इतनी वेदना, इतना सूनापन ! हे ईश्वर, क्या अभी भी मैं अपने घर लौट नहीं सकती ? क्या वे मुझे माफ नहीं कर सकते ? अरे, मैं कितना उनसे तीखी रहती थी ! कभी सीधे मुंह बात भी नहीं की, सेवा तो एक ओर रही। आज दो-दो कौड़ी के नीच आदमी मेरे मुंह लगते हैं। मैं एक गरीब मास्टर की बीवी ही सही, फिर भी एक इज्जतदार औरत तो हूं ; किसीका दिया तो नहीं खाती।

वे स्वयं लेने आए थे। कितना घबरा रहे होंगे ! प्रभा की क्या ...।

हालत होगी ! हाय, मैं उसे, पेट की बच्ची को, बुखार में तड़पती छोड़ आई ! एक बार उसकी ओर देखा तक भी नहीं। सच तो यह है कि मैंने न कभी अपने पति का ख्याल किया, न सन्तान का। मैं सदा अपने में असन्तुष्ट रही। अपने को देखा नहीं, सपने ही देखती रही।

वह उस नीच-कमीने नौकर से मुहज़ोरी करना रोक अपनी कोठरी में घुस गई। द्वार भीतर से बन्द कर लिए और फूट-फूटकर रोने लगी।

दिन बीते, रातें बीतीं, सप्ताह बीते।

महीने और साल बीते। तीन साल बीत गए। एक दिन दिवाली की रात को, मास्टर साहब अपने घर में दीये जला, प्रभा को खिला-पिला, बहुत-सी वेदना, बहुत-सी व्यथा हृदय में भरे बैठे थे। बालिका कह रही थी, "बाबूजी ! अम्मा कब आएगी ?"

"आएगी बेटी, आएगी !"

"तुम तो रोज़ यही कहते हो। तुम झूठ बोलते हो बाबूजी !"

"झूठ नहीं बेटी, आएगी।"

"तो वे मुझे छोड़कर चली क्यों गईं ?"

"......"

"आज दिवाली है बाबूजी !"

"हां बेटी।"

"तुमने कितनी चीज़ें बनाई थीं—पूरी, कचौरी, रायता, हलुआ···"

"हां, हां, बेटी, तुझे सब अच्छा लगा ?"

"हां, बाबूजी, तुम कितनी चीज़ें लाए हो, खिलौने लाए हो—मैंने सब यहां सजाए हैं।"

"बड़ी अच्छी चिड़िया है तू रानी।"

"यह सब मैं अम्मा को दिखलाऊंगी।"

"दिखाना।"

"देखकर वे हंसेंगी।"

"खूब हंसेंगी।"

"फिर मैं रूठ जाऊंगी।"

"नहीं, नहीं, रानी बिटिया नहीं रूठा करती।"

"तो वे मुझे छोड़कर चली क्यों गईं ?"

मास्टरजी ने इस से मुंह पर आंसू गिराया और पुत्री की दृष्टि बचाकर दूसरा पोंछ डाला। इसी समय बाहर खिड़की के पास किसी के धम्म से गिरने की आवाज आई।

मास्टरजी ने चौंककर देखा, गुनगुनाकर कहा, "क्या गिरा ? क्या हुआ ?"

वे उठकर बाहर गए, सड़क पर दूर खम्भे पर टिमटिमाती लालटेन के प्रकाश में देखा, कोई काली-काली चीज खिड़की के पास पड़ी है। पास जाकर देखा, कोई स्त्री है। निकट से देखा, बेहोश है। मुंह पर लालटेन का प्रकाश डाला, मालूम हुआ भामा है।

मास्टर साहब एकदम व्यस्त हो उठे। उन्होंने सहायता के लिए इधर-उधर देखा, कोई न था, सन्नाटा था। उन्होंने दोनों बांहों में भामा को उठाया और घर के भीतर ले आए। उसे चारपाई पर लिटा दिया।

बालिका ने भय-मिश्रित दृष्टि से मूर्छिता माता को देखा—कुछ समझ न सकी। उसने पिता की तरफ देखा।

"तेरी अम्मा आ गई बिटिया, बीमार है यह।" फिर भामा की नाक पर हाथ रखकर देखा और कहा, "उस कोने में दूध रखा है ; ला तो जरा।"…

दूध के दो-चार चम्मच कण्ठ में उतरने पर भामा ने आंखें खोलीं। एक बार उसने आंखें फाड़कर घर को देखा, पति को देखा, पुत्री को देखा और वह चीख मारकर फिर बेहोश हो गई।

मास्टर ने नब्ज देखी, कम्बल उसके ऊपर डाला। ध्यान से देखा, शरीर सूखकर कांटा हो गया है, चेहरे पर लाल-काले बड़े-बड़े दाग हैं, आंखें गढ़े में धंस गई हैं, सामने के दो दांत टूट गए हैं, आधे बाल सफेद हो गए हैं, कपड़े गन्दे, चीथड़े, पैर कीचड़ और गन्दगी में लथ-पथ और…और…और वे दोनों हाथों से माथा पकड़कर बैठ गए।

प्रभा ने भयभीत होकर कहा, "क्या हुआ बाबूजी ?"

"कुछ नहीं बिटिया !" उन्होंने गहरी सांस ली। भामा को

अच्छी तरह कम्बल उढ़ा दिया।

इसी बीच भामा ने फिर आंखें खोलीं। होश में आते ही वह उठने लगी। मास्टरजी ने बाधा देकर कहा, "उठो मत, प्रभा की मां, बहुत कमजोर हो। क्या थोड़ा दूध दूं?"

भामा जोर-जोर से रोने लगी। रोते-रोते हिचकियां बंध गईं।

मास्टरजी ने घबराकर कहा, "यह क्या नादानी है! सब ठीक हो जाएगा। सब ठीक…"

"पर मैं जाऊंगी, ठहर नहीं सकती।"

"भला यह भी कोई बात है, तुम्हारी हालत क्या है यह तो देखो!"

भामा ने दोनों हाथों से मुंह ढक लिया। उसने कहा, "तुम क्या मेरा एक उपकार कर दोगे? थोड़ा जहर मुझे ले दोगे? मैं वहां सड़क पर जाकर खा लूंगी।"

"यह क्या बात करती हो, प्रभा की मां! हौसला रखो, सब ठीक हो जाएगा।"

"हाय, मैं कैसे कहूं?"

"आखिर बात क्या है?"

"यह पापिनी एक बच्चे की मां होनेवाली है, तुम नहीं जानते?"

"जान गया, प्रभा की मां! पर घबराओ मत; सब ठीक हो जाएगा।"

"हाय मेरा घर!"

"अब इन बातों की इस समय चर्चा मत करो।"

"तुम क्या मुझे क्षमा कर दोगे?"

"दुनिया में सब कुछ सहना पड़ता है, सब कुछ देखना पड़ता है।"

"अरे देवता, मैंने तुम्हें कभी नहीं पहचाना!"

"कुछ बात नहीं, कुछ बात नहीं। एक नींद सुख से सो लो, प्रभा की मां।"

"आह मरी, आह पीर!"

"भा, अच्छा! प्रभा बिटिया, तू जरा मां के पास बैठ, मैं

[illegible] आराम करो। प्रभा की मां, घबराना नहीं। पास ही एक दाई रहती है [illegible], थोड़ा ठहरना।"

और वे [illegible], जल्दी-जल्दी घर से निकलकर, दिवाली की जलती हुई अनगिनत दीप-पंक्तियों को लगभग अनदेखा कर, [illegible] अंधेरी गली की ओर दौड़ चले।

"[illegible] !"

"[illegible] है, प्रभा की मां।"

"[illegible], [illegible] ! ओ पतितपावन, ओ अशरण-शरण, ओ दीनदयाल, [illegible] !"

"तुम पागल हो गई हो, प्रभा की मां !"

"पागल हो जाऊंगी। तीन साल में दुनिया देख ली, दुनिया समझ डाली ; पर इस अन्धी ने तुम्हें न देखा, तुम्हें न समझा।"

"यह तुम फालतू बकबक करती रहोगी तो फिर ज्वर हो जाने का भय है। बिटिया प्रभा, अपनी मां को थोड़ा दूध तो दे।"

"मैं भैया को देखूंगी बाबूजी।"

भामा ने पुत्री को छाती से लगाकर कहा, "मेरी बच्ची, तू अपने बाप की बेटी है—इस पतित मां को छू दे जिससे वह पाप-मुक्त हो जाए।"

"नाहक बिटिया को परेशान मत करो, प्रभा की मां।"

"हाय, पर मैं तुम्हें मुंह कैसे दिखाऊंगी !"

"प्रभा की मां, दुनिया में सब कुछ होता है। तुमने इतना कष्ट पाया है, अब सब समझ गई हो। उन सब बातों को याद करने से क्या होगा ? जो होना था हुआ, अब आगे की सुध लो। हां, अब मुझे तनख्वाह साठ रुपये मिल रही है, प्रभा की मां, और ट्यूशन से भी तीस-चालीस पीट लाता हूं। और एक चीज देखो, प्रभा ने खुद पसन्द करके अपनी अम्मा के लिए खरीदी थी, उस दिवाली को।"

वे एक नवयुवक की भांति उत्साहित हो उठे, बक्स से एक रेशमी साड़ी निकाली और भामा के हाथ में देकर कहा, "तनिक देखो तो।"

भामा ने हाथ बढ़ाकर पति के चरण छुए। उसने [illegible] [illegible]

'मुझे साड़ी नहीं, गहना नहीं, सुख नहीं, सिर्फ तुम्हारी शुभ दृष्टि चाहिए। नारी-जीवन का तथ्य मैं समझ गई हूं, किन्तु अपना नारीत्व खोकर। वह घर की सम्राज्ञी है, और उसे खूब सावधानी से अपने घर को चारों ओर से बन्द करके अपने साम्राज्य का स्वच्छन्द उपभोग करना चाहिए, जिससे बाहर की वायु उसमें प्रविष्ट न हो, फिर वह साम्राज्य चाहे जैसा भी—लघु, तुच्छ, विपन्न, असहाय—क्यों न हो।"

मास्टर साहब ने कहा, "प्रभा की मा, तुम तो मुझसे भी ज्यादा पण्डिता हो गई! कैसी-कैसी बात सीख ली तुमने, प्रभा की मा!" वे हो हो करके हंसने लगे।

उनकी आंखों में अमल-धवल उज्ज्वल अश्रु-बिन्दु झलक रहे थे।

नवाब ननकू

सर्दी के दिन और शनीचर की रात, कल इतवार। न दफ्तर जाने की फिक्र, न किसी काम की चिन्ता। बस, बेफिक्री से खाना खाकर जो रजाई में घुसे तो अम्बरी तम्बाकू का कश खींचते-खींचते ही अण्टागफील हो गए।

मगर उस मीठी नींद में शुरू ही में विघ्न पड़ गया। नीचे कोई कर्कश स्वर में चिल्ला रहा था, "बाबू साहब, अजी बाबू साहब !"

उस वक्त आराम में यों खलल पड़ने से तबीयत झल्ला उठी। क्या मजे की झपकी आई थी ! मैंने उठकर खिड़की से सिर निकालकर कहा, "कौन है भई इस वक्त ?"

"अजी हम हैं, नवाब साहब ! गजब करते हैं आप भाई साहब ! अभी लम्हा-भर हुआ है सूरज छिपे, और आपके लिए आधी रात हो गई। चीखते-चीखते गला फट गया। मुहल्ला-भर सिर पर उठा डाला।"

बड़ा गुस्सा आया उस नवाब के बच्चे पर। जी में आया, कच्चा ही चबा जाऊं। मगर जब्त करके कहा, "कहिए नवाब साहब, इस वक्त कैसे ?"

"अजी दरवाजा तो खोलिए, या गली में खड़े ही खड़े राग अलापूं।"

मन ही मन ताव-पेंच खाता नीचे उतरा और कुण्डी खोली। नवाब साहब चुपचाप पीछे-पीछे जीना चढ़कर ऊपर आए। आते ही मसनद पर बेतकल्लुफी से उठंग गए। कहने लगे, "खुदा की मार इस सर्दी पर, हड्डियां तक ठण्डी पड़ गईं। मगर उस्ताद, खूब मजे में आप मीठी नींद ले रहे थ।"

मैंने कहा, "आपके मारे कोई सोने पाए तब तो ! कहिए, इस वक्त कैसे तकलीफ की ?"

नवाब साहब ने बेतकल्लुफी से हँसकर कहा, "योंही, बहुत दिन से भाभी साहिबा के हाथ का पान नहीं खाया था, सोचा—पान भी खा आऊं और सलाम भी करता आऊं।"

गुस्सा तो इतना आ रहा था कि मर्दूद को धकेल दूं नीचे। मगर मैंने गुस्सा पीकर कहा, "पूरे नामाकूल हो तुम। कल इतवार था। कल यह सलाम की रस्म पूरी नहीं कर सकते थे, जो इस वक्त मेरे आराम में खलल डाला ?"

नवाब साहब खिलखिलाकर हँस पड़े। जेब से सिगरेट का बक्स और दियासलाई निकालकर एक होंठों में दबाई, दूसरी मेरी ओर बढ़ाते हुए कहा, "खैर, सिगरेट लो पिओ और गुस्सा थूक दो। हां, चालीस रुपये मेरे हवाले करो और यह रखो सम्भालकर।"

उन्होंने बगल से एक पोटली निकालकर मेरे आगे सरका दी।

मैंने कहा, 'यह क्या बला है ? और इस वक्त रुपयों के बिना कौन कयामत बर्पा हो रही थी ?"

नवाब साहब को भी गुस्सा आ गया। कहने लगे, "कयामत नहीं बर्पा हो रही थी, तो मैं योंही झख मारने आया हूं इस वक्त ? हजरत, यह मेरी भी नींद का वक्त था।"

"मगर इस वक्त रुपये का तुम क्या करोगे ?"

"फेंक दूंगा सड़क पर, तुम्हें मतलब ?"

"रुपये नहीं हैं।"

"रुपये न होने की खूब कही, बुलाऊं भाभी को ?"

"भाभी तुम्हारी क्या तोप से उड़ा देगी ! बुलाओ चाहे जिसको, रुपये नहीं हैं।"

"समझ गया, बेहयाई पर कमर कसे हुए हो। लाओ, चुपके से रुपये दे दो। अभी मुझे सदर तक दौड़ना होगा।"

"सदर तक क्यों ?"

"एक बोतल व्हिस्की और गजक लेने, और क्यों !"

"अच्छा, तो हजरत को शराब के लिए रुपये चाहिए !"

"जी हां, शराब के लिए, और कबाब के लिए भी। निकालो जल्दी से।"

"कह तो दिया, रुपये नहीं हैं।"

"सुन भी लिया, मगर हमने तो सुना ही नहीं।"

"नहीं सुना तो जहन्नुम में जाओ।"

"कहीं भी हम जाएं तुम्हारी बला से, लाओ तुम रुपये दो।"

"रुपये नहीं दूंगा, अब तुम सरकते हो यहां से नवाब।"

"ये खूब! रुपये तो मैं गढ़े-गढ़े अभी लगा तुमने।"

"क्या तुम्हारा कर्ज चाहिए हुजूर?"

"कर्ज ही तो मांगता हूं।"

"मैं कर्ज नहीं देता।"

"देखता हूं कैसे नहीं दोगे, बुला लो भाभी को भी अपनी हिमायत पर।" नवाब ने गुस्से में आस्तीन चढ़ानी शुरू की।

मुझे बुरी तरह हंसी आ गई। कहा, "क्या मारपीट भी करने पर आमादा हो?"

"मारपीट! तुम मारपीट की कहते हो? मैं तुम्हें गोली न मार दूं तो नवाब ननकू नहीं।"

मैंने हंसकर कहा, "गोली मार दोगे तो फिर रुपया कहां से वसूल करोगे नवाब साहब?"

"बस, इसी बात को सोचकर तो रह जाता हूं, निकालो रुपये!"

"लेकिन नवाब, तुम तो कभी नहीं पीते थे, आज यह क्या बात है?"

"तो क्या मैं अपने लिए मांगता हूं? मैंने कभी पी है?"

"फिर किसके लिए?"

"राजा साहब के लिए।"

"अच्छा—यह बात है! अब समझा! कोई नई चिड़िया आई है क्या?"

"राजेश्वरी आई है बनारस से।"

"तो तुम क्यों उस शराबी के लिए झख मारते फिरते हो?"

"तब कौन झख मारे? तुम चाहते हो, राजा साहब खुद तुम्हारे

[illegible] पर आकर चालीस-चालीस रुपल्ली के लिए ज़लील होते रहे ?"

"वे कुछ भी करें, तुम्हें क्या ? जो जैसा करेगा, भोगेगा। जिसने लाखों की जमीन-जायदाद जर-जवाहरात सब शराब और रण्डी-बाज़ी में फूंक दिए, तुम उनसे क्यों हमदर्दी रखते हो ?"

"क्या मैं हमदर्दी करता हूं ?"

"तब !"

"मैं मुहब्बत करता हूं उनसे भाई, उनकी इज्जत करता हूं।"

"किसलिए—आखिर सुनूं तो ?"

"किसलिए ! सुनो, पहले तो वे मेरे बड़े भाई, दूसरे ऐसे दाना, ऐसे प्रेमी, ऐसे बात के धनी, ऐसे दिलवाले ''कि दुनिया में चिराग लेकर ढूंढो तो मिल नहीं सकते।"

"शराबी और रण्डीबाज भी क्यों नहीं कहते ?"

"वह तुम कहो, वे शराब पीते हैं और रण्डियों में आशनाई करते हैं—इसमें किसी का क्या लेते हैं ? उन्होंने अपनी लाखों की जायदाद उन्हें दे दी जिन्हें उन्होंने प्यार किया। आज उनका हाथ खाली है मगर दिल बादशाह है। वे जैसे-भी बादशाह रहेंगे। मैं उन्हें पसन्द करता हूं, प्यार करता हूं, इज्जत करता हूं। मैं नहीं बर्दाश्त कर सकता कि वे दुनिया के आगे हाथ फैलाएं।"

"और तुम उनके लिए भीख मांगते फिरते हो।"

"किसने मैंने भीख मांगी है, कहो तो ?" नवाब ने तैश में आकर कहा।

"यह अभी तुम चालीस रुपये मांग रहे हो।"

"और यह क्या है ?"

नवाब ने सामने की पोटली की ओर इशारा किया।

उसे तो मैं भूल ही गया था। मैंने देखा—[illegible] के साथ [illegible] पड़ा है।

नवाब ने कहा, 'देखना यार, दो बड़े-बड़े हैं जो मैं बेच दूं; तुमसे तो मैं चालीस ही मांग रहा हूं।"

"यह क्या राजा साहब ने दिया है ?"

"[illegible] ? [illegible] है। [illegible] बात [illegible]।

मुस्कराकर राजा साहब ने कहा, 'नवाब, हाथ में इस वक्त कुछ नहीं है, [illegible] के लिए कुछ खाने-पीने का बन्दोबस्त कर दो और उनको [illegible] में [illegible] थी और लाचारी से भीख मांगी थी। ब इतनी ही सी बात है।"

"अच्छा, तुम चुपके से घर आए। यह लहंगा उठाया और यह आ धमके।"

"जी हां, और तुम्हारी नींद हराम कर दी। बहुत हुआ अब, बस अब लाओ रुपये दो।"

"मैंने चुपके से दस-दस के चार नोट नवाब के हाथ पर रख दिए। मेरी आंखों में आंसू आ गए, और मैंने यह लहंगा उसी तरह लपेटकर नवाब की ओर बढ़ाते हुए कहा, "इसे लेते जाओ।"

नवाब ने आपे से बाहर होकर चारों नोट फेंक दिए। लाल होकर कहा, "अच्छा, तो हजरत मुझे भीख देने की जुर्रत करते हैं ?"

"नहीं भाई, ऐसा क्यों सोचते हो ! मगर यह लहंगा मैं नहीं रख सकता।"

"तो तुम्हारे रुपये भी नवाब नहीं ले सकता ! आज राजा कामेश्वरप्रसादसिंह खाली हाथ हैं, और नवाब ननकू अपनी अम्मीजान का लहंगा गिरवी रखने पर लाचार है। मगर आप यह मत भूलिए कि वे दोनों सलीमपुर के राजा महाराज नन्दनसिंह के नुतफे से पैदा हुए हैं, जो तीन बार सोने से तुले थे, और जिन्होंने ग्यारह हाथी ब्राह्मणों को दान दिए थे; जिनकी दी हुई जागीर को सैकड़ों शरीफजादों की आल-औलाद आज भोग रही है; इलाके-भर में जिनके पेशाब से चिराग जलते थे।"

मैंने खड़े होकर खुशामद करते हुए कहा, "वह सब ठीक है नवाब साहब, मगर ये रुपये तुम मेरी तरफ से राजा साहब को नजर करना।"

हरगिज नहीं, राजा साहब कभी किसीकी नजर कबूल नहीं करते। तुम यह लहंगा गिरवी रखकर चालीस रुपये देते हो तो दो।"

"लाचार मैंने हामी भर ली। लहंगे को उसी तरह लपेटकर रख लिया और नवाब रुपये जेब में रखकर उठ खड़े हुए।

मैंने कहा, "यह क्या नवाब, भाभी का पान बिना खाए और
बिना सलाम किए चले जाओगे ?"

"हरगिज नहीं !" नवाब ने बैठते हुए कहा, "बुलाओ तो
है।"

...

वे नवाब से हमेशा नापसन्द करती थीं। उन्होंने आकर कहा, "इस वक्त
ऐसी जल्दी क्यों हुई है ?"

"यह इन नवाब साहब से पूछो।"

"यह कहें।"

...

दो बीड़े बढ़िया पान से लाइए।"

पत्नी चली गईं और एक तश्तरी में कई बीड़े पान लेकर लौटीं।
उनमें से दो बीड़े उठाकर नवाब ने हाथ में लिए, अदब से मेरी पत्नी
के सामने खड़े हुए और जमीन तक झुककर कहा, "सलाम बड़ी
भाभी, आपका यह गुलाम नवाब ननकू आपको सलाम करता है।
आपकी दुआ की इल्तजा रखता है।"

पत्नी मुस्कराईं। उन्होंने कुछ झेंपते हुआ कहा, "कभी बच्चों
को तो भेजते नहीं नवाब साहब ! एक बार भेजो।"

"जो हुक्म बड़ी भाभी, सलाम।"

नवाब साहब ने और एक सलाम झुकाई और चले गए।

मेरी नींद बहुत रात तक गायब रही। मैं अन्दाजा न लगा सका
कि यह व्यक्ति संसार के सब मनुष्यों से कितना ऊंचा है।

कमरे में एक ओर अंगीठी जल रही थी। राजा साहब पलंग पर
लेटे थे और एक खिदमतगार धीरे-धीरे उनके पांव सहला रहा था।
राजेश्वरी नीचे फर्श पर बैठी छालियां काट रही थी। चांदी का
पानदान सामने खुला रखा था। राजा साहब गंगा-जमुनी काम की

गुड़गुड़ी पर अम्बरी तम्बाकू पी रहे थे। और धीरे-धीरे राजेश्वरी से बातें कर रहे थे।

राजेश्वरी भी उस आलम को पार कर चुकी थी। बदन उसका कुछ भारी हो गया था और माथे पर की लटों में चांदी की चमक अपनी बहार दिखा रही थी। फिर भी उसकी पानीदार आंखें और मृदु मुस्कान में अभी भी मोह का नशा भरा था।

राजेश्वरी ने कहा, "सरकार ने भी नज़रें फेर लीं, मुद्दत हुई एक पैगाम तक न भेजा। सुनती रहती थी, हुजूर के दुश्मनों की तबीयत खराब रहती है। आखिर जी न माना, बेहया बनकर चली आई।"

"मुझे निहाल कर दिया तुमने इस वक्त आकर राजेश्वरी, दिल बाग-बाग हो गया। क्या कहूं, बहुत याद करता हूं तुम्हें, मगर..."

"हुजूर की नज़रे-इनायत पर मैंने हमेशा फख्र किया है; और मरते दम तक करूंगी।"

"तुम जिओ राजेश्वरी, ईश्वर तुम्हें खुश रखे। यह मूज़ी बीमारी—क्या कहूं, अब तो हिलने-डुलने से भी लाचार हो गया हूं। पर यह सब उस भगवान की दया है। फिर मुझे अपनी लाचारी का क्या गम है, जब तुम दुनिया की तमाम खुशी लेकर यहां आ जाती हो।"

राजेश्वरी ने चार बीड़े पान बनाकर राजा साहब को अदब से पेश किए। राजा साहब ने मुस्कराकर पान लेकर मुंह में रखे।

खिदमतगार ने आकर अर्ज की, "हुजूर, कुंवर साहब सलाम के लिए हाजिर हुए हैं।"

"आएं वे।" राजा साहब ने धीरे से कहा।

कुंवर साहब ने झुककर राजा साहब को सलाम किया और पैताने की ओर अदब से खड़े हो गए।

राजा साहब ने कहा, "चाची को सलाम नहीं किया बेटे?"

कुंवर साहब ने आगे बढ़कर राजेश्वरी को सलाम किया, और दो कदम पीछे हट गए।

राजेश्वरी खड़ी हुई। आगे बढ़कर कुंवर साहब के पास पहुंची, उनके मुंह पर प्यार से हाथ फेरा, और दो अशर्फियां निकालकर

उनकी मुट्ठी में जबरन थमा दीं।

कुंवर साहब ने पिता की ओर देखा।

राजा साहब ने कहा, "ले लो, और चाची को फिर मुकर्रर सलाम करो।"

कुंवर साहब ने झुककर फिर सलाम किया। राजेश्वरी ने दोनों हाथ उठाकर आशीर्वाद दिया। राजा साहब ने इशारा किया और कुंवर साहब चले गए।

औलाद पर बरकत देगा, जिसने अपनी जिन्दगी में सबको दिया ही है, लिया किसीसे भी कुछ नहीं।"

राजा साहब ने हाथ बढ़ाकर राजेश्वरी का हाथ पकड़ लिया। बहुत देर तक कमरे में सन्नाटा रहा। दो पुराने निश्छल पानीदार दिल मन ही मन एक-दूसरे को यत्न से संचित स्नेह से अभिषिक्त करते रहे।

आखिर में राजा साहब ने एक ठण्डी सांस भरी और गुड़गुड़ी में एक कश लगाया।

नवाब ननकू हांफते हुए आ बरामद हुए। उनकी नाक पर की ऐनक नाक की नोक पर खिसक आई थी। आते ही उन्होंने खिदमतगार को एक डांट दी, "अरे कमबख्त बदनसीब, अंगीठी में और कोयले क्यों नहीं डाले, यह बुझ रही है। नवाब साहब जब तक हुक्म न दें, ये नवाब के बच्चे कोई काम नहीं करेंगे! राजा साहब का जेरा हो गया तो याद रख, कच्चा चबा जाऊंगा। उठ जल्दी, कोयले डाल!"

खिदमतगार चुपके से उठ गया। नवाब ने हीं-हीं हंसते हुए कहा, "देखा राजेश्वरी भाभी, ये खिदमतगार साले नवाब ननकू के आगे बन्दर की तरह नाचते हैं। मगर मुंह पर कहता हूं—बिगाड़ दिया है राजा साहब ने। नौकरों को बहुत मुंह लगाना भी तो अच्छा नहीं।"

"लेकिन नवाब, उन गरीबों को छः-छः महीने तनख्वाह नहीं मिलती है. बेचारे मुफ्लिसी के मारे पड़े हैं।"

"तो इसमें क्या ? उनके बाप-दादों ने इतना खाया है कि सात पीढ़ी के लिए काफी है।"

"मगर उन्होंने किल्लत भी तो की है।"

"तो खमियाजे भी पा गए हैं।"

"अच्छा कहो जी, राजेश्वरी के लिए कौन चीज लाए हो ?"

"देखिए, और दाद दीजिए नवाब को।"

नवाब ने सोलह थान निकाले; और भी बहुत-सा सामान।

"अरे, यह इतनी सौगात किसलिए जी नवाब साहब ?" राजेश्वरी ने कहा।

"जी, जैसे आप निछावर के बराबर तो खाती ही हैं ? फिर आईं कितने दिन बाद हैं राजेश्वरी भाभी ! जानती हैं, राजा साहब कितना याद करते हैं ! जब राजेश्वरी जबान पर चढ़ती है, आंखें गीली हो जाती हैं। अम्मीजान कहती थीं, बड़े महाराज का भी यही हाल था, जरा-सी बात पर दिल भारी कर लेते थे।"

"वे देवता थे नवाब साहब !"

"और ये ?"

"ये, इन्हें पहचाना किसने है अभी।"

"दुनिया ऐसों को कभी न पहचान पाएगी।"

खिदमतगार अंगीठी टंच करके रख गया। नवाब साहब ने खुश होकर कहा, "यह बात है रामधन ! मगर देखो, मैंने तुम्हें गाली एक दी है—और ये दो रुपये इनाम देता हूं।"

नवाब ने दो रुपये निकालकर रामधन की ओर बढ़ा दिए।

रामधन ने नवाब के पैर छूकर कहा, "हुजूर, आपकी गालियां खाकर ही तो जी रहा हूं। रुपया-पैसा सरकार का दिया बहुत है।"

"मगर यह भी तो लो, महरिया को एक बढ़िया-सी चुनरी ला देना।"

"वह उस दिन हवेली गई थी सरकार, तो बेगम साहिबा ने ...ने

क्या-क्या लाद दिया था, गट्ठर भर लाई थी।"

नवाब ने तैश में आकर कहा, "अबे रुपये लेता है या मतिख़ सता है, क्या लगाऊं धौल?"

रामधन ने रुपये लेकर उन्हें और राजा साहब को सलाम किया।

राजा साहब ने हंसकर कहा, "देखा राजेश्वरी, नवाब का इनाम ने का तरीका!"

नवाब खिलखिलाकर हंस पड़े। उन्होंने कहा, "झपाके से तश्त-रया ला, गिलास ला, पेग ला; जल्दी कर।"

क्षण-भर ही में सब सरंजाम जुट गया। राजा साहब तकिये के हारे उठंग गए। शराब का दौर शुरू हुआ। नवाब ने गिलास में डा और शराब भरकर कहा, "राजेश्वरी, राजा साहब की तन्दुरुस्ती और बरकत के लिए।" तीनों ने हंसती हुई आंखें मिलाईं और शराब की चुस्कियां लेने लगे।

राजेश्वरी ने कहा, "इस सर्दी में बहुत धाक-धप की नवाब साहब!"

"मान गईं न आप नवाब को! लीजिए इसी बात पर दूसरा पेग।"

"नहीं नवाब, मैं तो कभी पीती ही नहीं। मुद्दत हुई, जब से महाराज की तबीयत नासाज़ रहने लगी। आज मुद्दत बाद मुंह से लगा रही हूं।"

"तो पूरी कसर निकालिए राजेश्वरी भाभी! नवाब को इस ही रात में उस साले ठेकेदार से बहुत मगजपच्ची करनी पड़ी। साला यही रद्दी माल पटील रहा था। मैंने कहा—वह बोतल निकाल जो उस दिन हमारे सरकार की खिदमत में गई थी। और ये कबाब, सच कहता हूं राजेश्वरी भाभी, कस्बे में दूसरा नहीं बना सकता।"

"वाकई बहुत अच्छे बने हैं, मगर आप तो खाते ही नहीं नवाब साहब!"

"वाह, खिलाने में जो मज़ा है वह खाने में कहां! देखा था अम्मी को, यही एक शौक उन्हें मरते दम तक रहा—एक से एक बढ़कर चीज़ें बनाना और खिलाना।"

"मुझे याद है नवाब, मैं जब बहुत बच्ची थी, अम्मा के साथ आती थी, छोटी-सी ही न थी—गोद में जाती थी। कितना खिलाती थीं, क्या कहूं!"

"मगर अब अम्मी तो है नहीं, नवाब उनका नालायक लड़का है, उसने विरासत में अम्मी की बहुआदत पाई है। लीजिए, यह पैग तो पीना होगा।"

"मगर उधर तो देखो नवाब, महाराज ने सिर्फ होंठों से छूकर गिलास रख दिया है, पी कहां?"

"क्या कहूं राजेश्वरी! तकलीफ देती है, पी नहीं सकता। डाक्टरों ने भी मना कर दिया है। मगर तुम पिओ राजेश्वरी, आज मैं बहुत खुश हूं। लाओ नवाब, राजेश्वरी को एक पैग मैं भरकर दूं।"

"और हुजूर, एक नवाब को भी।"

"अरे, यह कब से? तुम तो कभी पीते ही नहीं थे।"

"आज ही से अभी-अभी एक पैग पिया है मैंने।"

राजा साहब ने दो पैग भरकर तैयार किए। गिलास में भरकर कहा, "लो राजेश्वरी, और तुम भी नवाब।"

"वाह हुजूर, यों नहीं, जरा-सा जूठा कर दीजिए कि यह जाम पाक तबर्रुक हो जाए।" नवाब ने कहा।

राजा साहब हंस दिए, उन्होंने हाथ पकड़कर नवाब को खींचकर छाती से लगा लिया। फिर आंखों में आंसू भरकर कहा, "ननकू, मेरे प्यारे भाई! हमारी मां दो थीं, मगर वालिद एक थे। फिर भी तुम मेरे सगे भाई हो, ऐसे, जैसा दूसरा मिलना मुश्किल है। और ननकू, मैं सिर्फ तुम्हारे प्यार की बदौलत ही जी रहा हूं।" उन्होंने प्याला होंठों से छुआकर नवाब को दिया और नवाब गटागट पी गए। उनकी आंखों में आंसू और होंठों में हंसी बिखर रही थी।

नवाब ने कहा, "राजेश्वरी भाभी, बहुत दिन से सूने-सूने दिन जा रहे थे। आज तो कुछ जंच जाए।"

"मगर नवाब, गले में अब सुर तो रहे ही नहीं।"

"बेसुरा ही सही।"

महाराज ने हंसकर कहा, "राजेश्वरी, अगर नवाब को बहुत

मेहनत करनी पड़ी है, उसकी बात रख लो।"

"जो हुक्म, मगर मेरी एक अर्ज़ है।"

"कहो।"

"नवाब साहब को जो तबर्रुक बख्शा गया है, वही लौंडी को भी इनायत हो।"

"ओह, अच्छा ठहरो, सब्र करो।"

नवाब ने इशारा किया। रामधन तबला, हारमोनियम ले गया।

हारमोनियम नवाब खींच बैठे और रामधन ने चारों ओर तकिये लगाकर राजा साहब को आराम से बिठाकर तबले उनकी गोद में, रज़ाई में लपेटकर रख दिए। अम्बरी तम्बाकू की एक नई चिलम चढ़ा दी। तबले पर एक हल्की चोट देते हुए राजा साहब ने कहा, "राजेश्वरी, अभी उंगलियों पर लकवे का असर नहीं है। काम दे रही हैं।"

राजेश्वरी की प्रौढ़ स्वर-लहरी ने वातावरण में एक प्यास उत्पन्न कर दी। वह वैसी न थी, जैसी वासना और यौवन की आंधी के झोंकों में मिली रहती है। वहां तीन प्रेमी, विश्वस्त, पुराने और पके हृदय, अपने भौतिक आनन्द की चरम अनुभूति ले रहे थे। वे लोग आप ही अपनी कला पर मुग्ध थे; आप ही अपनी तारीफ़ कर रहे थे; आप ही अपने में पूर्ण थे।

"तो हुज़ूर, अब कब?"

"जब मर्ज़ी हो राजेश्वरी।"

"तबीयत होती है कि कुछ दिन कदमों में रहूं।"

"मैं भी चाहता तो बहुत हूं राजेश्वरी, पर तुम्हारी तकलीफ़ का ख़याल करके चुप रह जाता हूं। देखती हो, मकान कितना गन्दा है, सिर्फ़ दो ही ख़िदमतगार हैं। इन्हें भी महीनों तनख्वाह नहीं मिलती,

पर पड़ा हूं। मुझे इन तकलीफों की आदत नहीं हो।"

"मगर हुजूर, क्या मैं उन खिदमतगारों से भी गई-बीती हूं?"

"नहीं, नहीं, राजेश्वरी, मैं तुम्हें जानता हूं।"

"मगर हुजूर, अपने को नहीं जानते। मेरी यह कोठी, जायदाद नौकर-चाकर सब किसकी बदौलत है? हुजूर ने जो पान खाकर थूक दिया, उसीकी बदौलत। अब हुजूर गरीब हो गए तो पुराने खादिम क्या बेगाने हो जाएंगे?"

राजेश्वरी की आंखें भर आईं। कुछ ठहरकर उसने कहा, "शर्म के मारे मैं खिदमतगारों को नहीं लाई, और इस टुटहे इक्के पर आई हूं। मैं कैसे बर्दाश्त कर सकती थी कि मालिक जब इस हालत में हों, उनकी बांदियां ठाठ दिखाएं!"

"नहीं, नहीं, राजेश्वरी, यह बात नहीं। पर मैं अपनी आंखों से तुम्हें तकलीफ पाते देख नहीं सकता। कभी देखा ही नहीं।"

"इसीसे हुजूर, मुझे अभी जबरदस्ती भेज रहे हैं, मेरी नहीं सुनते!"

"इसीसे राजेश्वरी!"

"और इस लौंडी का कभी कोई तोहफा भी नहीं कबूल करते। उस बार जब जनाना महल नीलाम हो रहा था, मैंने कितनी आरज़ू की थी कि मुझे रुपया चुकता कर लेने दीजिए। पुरखों की यादगार है। सब रियासत गई। अगर रहने का महल···आप मेरे आंसुओं से भी तो नहीं पसीजे हुजूर, आप बड़े बेदर्द हैं!"

राजेश्वरी फूटकर रो पड़ी और राजा साहब के सीने पर गिर गई। राजा साहब उसके सिर पर हाथ फेरते रहे। फिर कहा, "तुम भी बच्ची हो गई हो राजेश्वरी। अब भला वह उतना बड़ा महल मैं क्या करता? अकेला पंछी। फिर उसमें अब खुल गया जनाना अस्पताल। कितने लोगों का भला होता है! बोर्ड ने खामखाह मेरा नाम अस्पताल के साथ जोड़ दिया है।"

"जी हां खामखाह ही! वह लाखों की स्टेट जो कौड़ियों में दे दी! और अब हुजूर इस किराये के मकान में बहुत खुश हैं?"

"बहुत खुश, राजेश्वरी, बहुत खुश! न ऊधो का लेन न माधो

दा देन। लेकिन बहुत देर हो रही है, राजेश्वरी ! गाड़ी पकड़नी है, स्टेशन काफी दूर है, और रास्ता बड़ा खराब है। तुम्हारा इक्का आ गया।"

"धक्के दीजिए आप मुझे, बुढ़िया जो हो गई हूं, अब आप यही तो करेंगे।"

राजा साहब बसयत होकर पलंग से आधे उठ गए। राजेश्वरी को खींचकर छाती से लगा लिया। फिर प्यार से उसके गंगा-जमुनी बालों की लटों को उंगलियों में लपेटते हुए कहा, "बुड्ढा-बुढ़िया कौन होता है राजेश्वरी ? मेरी आंखों में तुम वही, नये केले के पत्ते से रूपवाली, अछूते यौवन और अपार प्यारवाली, मेरे दिल और दिमाग की तरावट, राजेश्वरी हो। तुम या मैं भले ही बूढ़े हो जाएं, लेकिन इन आखों में झांककर जिसने तुम्हें देखा है वह बूढ़ा नहीं, और तुम्हारे भीतर बैठकर जो एक-एक मोती तुम्हारी आखों में सजाता जा रहा है, वह भी बूढ़ा नहीं।"

राजेश्वरी धीरे से राजा साहब के मुंह के बिलकुल पास फर्श पर बैठ गई। रामधन अम्बरी तम्बाकू चढ़ाकर गुड़गुड़ी रख गया। राजा साहब चुपचाप तम्बाकू पीने लगे। तम्बाकू की खुशबू ने कमरे को मस्त कर दिया।

राजेश्वरी ने कहा, "हुज़ूर वादा-वफा हो।"

राजा साहब ने भौंहें सिकोड़कर राजेश्वरी की ओर देखकर कहा, "वादा ?"

"जी।"

"क्या...?"

"तम्बाकू।"

"ओह, भूली नहीं राजेश्वरी !"

"भूलने की एक कही ! कल से आस लगाए हूं। नवाब के सामने फिर नहीं कहा।"

राजा साहब कुछ देर गुड़गुड़ी पीते रहे। फिर कहा, "ज़रा और पास आओ तो राजेश्वरी।"

राजेश्वरी बिलकुल राजा साहब के मुंह के पास खिसक गई।

राजा साहब ने गुड़गुड़ी की नोंक को गुलाब उसके होंठों में लगाकर कहा, "एक कश खींचो तो राजेश्वरी।"

"लेकिन, लेकिन हुज़ूर..."

"मेरी खुशी होगी, खींचो एक कश।"

राजा साहब की आंखों में प्यार का सारा ही रस उमड़ आया। राजेश्वरी ने आनन्द-विभोर होकर गुड़गुड़ी से कश खींचा।

"खुश हुईं अब राजेश्वरी ?"

"ओह हुज़ूर, कहीं खुशी से मेरी छाती न फट जाए। हुज़ूर ने गुड़गुड़ी खास इनायत करके मेरी सात पीढ़ियों को तार दिया।"

राजा साहब ने खिदमतगार से कहा, "रामधन, चिलम ठण्डी कर दे और गुड़गुड़ी उस अखबार में लपेटकर इनके में रख आ।"

राजेश्वरी का मुंह सूख गया। उसने कहा, "यह आप क्या कर रहे हैं ?"

"मेरा दिल बाग-बाग है, तुम दुखाओ मत।"

"मगर हुज़ूर..."

"मैं हुक्म देता हूं—मत बोलो।"

राजेश्वरी का सिर नीचे को झुक गया। उसने खड़ी होकर झुककर राजा साहब को सलाम किया और रोती हुई चली गई। राजा साहब चित अपने पलंग पर पत्थर की मूर्ति की भांति निश्चल-निर्वाक् पड़े रहे।

"यह क्या तमाशा है, रामधन ! महाराज मिट्टी की गुड़गुड़ी में तम्बाकू पी रहे हैं ! गुड़गुड़ी खास क्या हुई ?" नवाब ने कमरे में आते ही हैरान होकर पूछा।

रामधन चुपचाप खड़ा रहा। उसे बाहर जाने का इशारा करते हुए राजा साहब ने मुस्कराकर कहा, "यहां आओ नवाब, मैं बताता हूं।"

नवाब ननकू एकदम पलंग के पास जा खड़े हुए। राजा साहब ने हंसकर कहा, "बैठो।"

"मगर मैं पूछता हूं, गुड़गुड़ी खास क्या हुई ?"

"बैठो तो कहूं।"

नवाब ने बैठकर कहा, "कहिए।"

राजा साहब ने रजाई से हाथ बाहर निकालकर नवाब का हाथ पकड़ लिया। कहा, "नाराज न हो नवाब, राजेश्वरी को दे दी।"

"क्या उसने मांगी थी ?"

"नहीं, मगर उसे खाली [illegible] जाने देता ! तुम देखते ही [illegible] बची थी।"

[illegible] र बोले, "मगर आप मिट्टी [illegible] गुड़गुड़ी लाता हूं।"

"कहां से ?"

"घर से ?"

"कहां पाई ?"

"अम्मीजान की है, बड़े महाराज ने बख्श दी थी। मेरे पास यह अब तक पाक धरोहर थी। अब आज काम आएगी।"

राजा साहब ने कहा, "बड़े महाराज ने जो चीज बख्श दी, वह मैं वापस कैसे ले सकता हूं।"

"तो अब हुजूर, नवाब को जीने न देंगे।"

राजा साहब हंस दिए। फिर मीठे स्वर में बोले, "खैर, इस बात पर पीछे गौर कर लिया जाएगा। पर मिट्टी की गुड़गुड़ी में तम्बाकू बहुत मीठा लगता है, नवाब ! हां, यह कहो, रात सामान कैसे जुटाया था ? मैं जानता हूं, तुम्हारे पास छदाम न था।"

"जुट गया योंही। नवाब हूं, कोई अदना आदमी नहीं।"

"मगर सच-सच कहो।"

"झूठ से क्या फायदा ! चालीस रुपये बाबू साहब से लिए थे।"

"बड़ी तकलीफ दी उन्हें। अब ये रुपये दिए कैसे जाएं ?"

"जल्दी नहीं है सरकार, रहन पर लाया हूं, योंही नहीं। अब हाथ खुला होगा, दे देंगे।"

"रहन क्या रखा ?"

"एक अदद था।"

"क्या अदद, बताओ।"

"अब आप भी भांजी कहते हैं, आपका मतलब ?"

"तुम्हें मेरी कसम, नवाब।"

"ओह !"

"कहो, कहो।"

"अम्मी का लहँगा था।"

बाबा साहब निश्चल पड़ गए। उनकी आंखों की दोनों कोरों से आंसू बह रहे थे, और उनका कांपता हुआ हाथ नवाब के दोनों हाथों में था।

सूनी

उसका नाम मत पूछिए। आज दस वर्ष से उस नाम को हृदय से और उस सूरत को आंखों से दूर करने को पागल हुआ फिर रहा हूं, पर वह नाम और वह सूरत सदा मेरे साथ है। मैं डरता हूं, वह निडर है; मैं रोता हूं, वह हंसता है, मैं मर जाऊंगा, वह अमर है।

मेरी-उसकी कभी की जान-पहचान न थी। दिल्ली में हमारी गुप्त सभा थी। सब दल के आदमी आए थे, वह भी आया था। मेरा उसकी ओर कुछ ध्यान न था। वह मेरे पास ही खड़ा एक कुत्ते के पिल्ले से किलोल कर रहा था। हमारे दल के नायक ने मेरे पास आकर सहज गम्भीर स्वर में धीरे से कहा, "इस युवक को अच्छी तरह पहचान लो, इससे तुम्हारा काम पड़ेगा।"

म—

कच्चे

दूध के समान स्वच्छ आंखें मेरे मुख पर डालकर कहा, "काश! मैं इसका सहोदर भाई होता!" मैं ठठाकर हंस पड़ा। वह मुस्कराकर रह गया। कुछ बातें हुईं। उसी दिन वह मेरा मित्र बन गया।

दिन पर दिन बीतते गए। अछूते प्यार की धाराएं दोनों हृदयों में उमड़कर एकधार हो गईं। सरल, अकपट व्यवहार पर दोनों एक-दूसरे पर मुग्ध होते गए। वह मुझे अपने गांव ले गया, किसी तरह न माना। गांव के एक किनारे स्वच्छ अट्टालिका थी। वह गांव के जमींदार का बेटा था, इकलौता बेटा। हृदय और सूरत का एक-सा।

उसकी माँ ने दो दिन में ही मुझे बेटा कहना शुरू कर दिया। अपने सोलह दिनों में मैंने दस-बीस दिन माता का स्नेह पाया; फिर चला आया। अब तो बिना उसके मन न लगता था। दोनों के प्राण दोनों में अटके रहे। एक दिन उन्मत्त प्रेम के आवेश में उसने कहा था, 'क्यों? अगर भगवान से जो तुम दोनों में से एक स्त्री बन जाए, तो मैं तो तुमसे ब्याह ही कर लूं।'

नायक से कई बार पूछा, "क्यों तुमने मुझे उससे मित्रता करने को कहा था?" वे सदा यही कहते, "समय पर जानोगे।" गुप्त सभा की भयंकर गंभीरता सब लोग नहीं जान सकते! नायक मूर्तिमान भयंकर गंभीर थे।

उस दिन भोजन के बाद उसका पत्र मिला। वह मेरी पॉकिट में अब भी सुरक्षित है। पर किसी को दिखलाऊंगा नहीं। उसे देखकर दो सांस सुख से ले लेता हूं, आंसू बहाकर हल्का हो जाता हूं। पुराने रोगी को जैसे कोई दवा खुराक बन जाती है, मेरी वेदना को भी यह चिट्ठी खुराक बन गई है।

चिट्ठी पढ़ भी न पाया था, नायक ने बुलाया। मैं सामने सरल स्वभाव से खड़ा हो गया। बारहों प्रधान हाजिर थे। सन्नाटा भीषण सत्य की तस्वीर खींच रहा था। मैं एक ही मिनट में गम्भीर और दृढ़ हो गया। नायक की मर्मभेदिनी दृष्टि मेरे नेत्रों में गड़ गई, जैसे तप्त लोह के तीर आंख में घुस गए हों। मैं पलक मारना भूल गया, मानो नेत्रों में आग लग गई हो। पांच मिनट बीत गए। नायक ने गम्भीर वाणी से कहा, "सावधान! क्या तुम तैयार हो?"

मैं सचमुच तैयार था। मैं चौंका नहीं। आखिर मैं उसी सभा का परीक्षार्थी सभ्य था। मैंने नियमानुसार सिर झुका दिया। गीता की रक्तवर्ण रेशमी पोथी धीरे से मेज पर रख दी गई। नियमपूर्वक मैंने दोनों हाथों से उठाकर उसे सिर पर चढ़ा लिया।

नायक ने मेरे हाथ से पुस्तक ले ली। क्षण-भर सन्नाटा रहा। नायक ने एकाएक उसका नाम लिया और क्षण-भर में छः नली

रिवाल्वर को मेज पर रख दिया।

यह छः अक्षरों का शब्द उस रिवाल्वर की छहों गोलियों की तरह मस्तिष्क में घुस गया ; पर मैं कम्पित न हुआ। प्रश्न करने और कारण पूछने का निषेध था। नियमपूर्वक मैंने रिवाल्वर उठाकर छाती पर रखा और उस स्थान से हटा।

तत्क्षण मैंने यात्रा की। वह स्टेशन पर हाजिर था। अपने पत्र और मेरे प्रेम पर इतना भरोसा उसे था। देखते ही लिपट गया। घर गए, चार दिन रहे। वह क्या करता है, क्या कहता है, मैं इस-सुन नहीं सकता था। शरीर सुन्न हो गया था, आत्मा दृढ़ थी, हृदय धड़क रहा था ; पर विचार स्थिर थे।

चौथे दिन प्रातःकाल जलपान करके हम स्टेशन की ओर चले। तांगा नहीं लिया, जंगल में घूमने जाने का विचार था। बातों की बढ़-चढ़कर आलोचना होती चलती थी। उस मस्ती में वह मेरे मन की उद्विग्नता भी न देख सका। धूप और गर्मी बढ़ने लगी। मैंने कहा, "चलो, कहीं छाह में बैठें।" घनी कुंज सामने थी, वहीं गए। बैठते ही जेब से दो अमरूद निकालकर उसने कहा, "सिर्फ दो ही पके थे, घर के बगीचे के हैं। वहीं बैठकर खाने के लिए लाया था ; एक तुम्हारा एक मेरा।" मैंने चुपचाप अमरूद लिया और खाया। एकाएक मैं उठ खड़ा हुआ। वह आधा अमरूद खा चुका था। उसका ध्यान उसीके स्वाद में था। मैंने धीरे से रिवाल्वर निकाला, घोड़ा चढ़ाया और कम्पित स्वर से उसका नाम लेकर कहा, "अमरूद फेंक दो और भगवान का नाम लो—मैं तुम्हें गोली मारता हूं।"

उसे विश्वास न हुआ। उसने कहा, "बहुत ठीक, पर इसे खा तो लेने दो।" मेरा धैर्य छूट रहा था। मैंने रूखे कंठ से कहा, "अच्छा खा लो।" खाकर वह खड़ा हो गया—सीना तानकर। फिर उसने कहा, "अब मारो गोली।" मैंने कहा, "हंसी मत समझो, मैं तुम्हें गोली ही मारता हूं, तुम भगवान का नाम लो।" उसने हंसी में ही भगवान का नाम लिया और फिर वह नकली गम्भीरता धारण करके खड़ा रहा। मैंने एक हाथ से आंखें ढककर कहा, "रिवाल्वर को देखना! इसी

मत घबराओ, मैं तुम्हें गोली मारता हूं।"

मेरी आंखों में नन्हे बच्चे दूध के समान स्वच्छ आंखें मिलाकर उसने कहा, "मारो।"

क्षण-भर भी विलम्ब करने से मैं कर्तव्यच्युत हो जाता। पल-पल में साहस डूब रहा था। दनादन शब्द गूंज उठे। वह कटे वृक्ष की तरह गिर पड़ा। दोनों गोलियां छाती को पार कर गईं।

मैं भागा नहीं, भय से इधर-उधर मैंने देखा भी नहीं, रोया भी नहीं। मैंने उसे गोद में उठाया। मुंह की धूल पोंछी। रक्त साफ किया। आंखों में इतनी ही देर में कुछ का कुछ हो गया था। देर तक उसे गोद में लिए बैठा रहा, जैसे मां सोते बच्चे को जागने के भय से निश्चल लिए बैठी रहती है।

फिर मैं उठा। ईंधन चुना, चिता बनाई और जलाई—अन्त तक वहीं बैठा रहा।

बारहों प्रधान हाजिर थे। उसी स्थान पर जाकर मैं खड़ा हुआ। नायक ने नीरव हाथ बढ़ाकर रिवाल्वर मांगा। रिवाल्वर दे दिया। कार्यसिद्धि का संकेत सम्पूर्ण हुआ। नायक ने खड़े होकर वैसे ही गंभीर स्वर में कहा, "तेरहवें प्रधान की कुर्सी हम तुम्हें देते हैं।" मैंने कहा, "तेरहवें प्रधान की हैसियत से मैं पूछता हूं कि उसका अपराध मुझे बताया जाए।"

नायक ने नम्रतापूर्वक जवाब दिया, "वह हमारे हत्या-सम्बन्धी षड्यन्त्रों का विरोधी था। हमें उसपर सरकारी मुखबिर होने का सन्देह था।" मैं कुछ कहने योग्य न रहा। नायक ने वैसी ही गंभीरता से कहा, "नवीन प्रधान की हैसियत से तुम यथेच्छ एक पुरस्कार मांग सकते हो।"

अब मैं रो उठा। मैंने कहा, "मुझे मेरे वचन फेर दो। मुझे मेरी प्रतिज्ञाओं से मुक्त कर दो, मैं उसीके समुदाय का हूं। तुम लोगों में नंगी छाती पर तलवार के घाव खाने की मर्दानगी न हो तो तुम अपने को देशभक्त कहने से इन्कार कर दो। तुम्हारी इन कायर हत्याओं को मैं घृणा करता हूं। मैं हत्याओं का साथी, सलाही और मित्र नहीं रह सकता। तुम तेरहवीं कुर्सी को जला दो।"

नायक को क्रोध न आया। बारहों प्रधान पत्थर की मूर्ति की तरह बैठे रहे। नायक ने उसी गम्भीर स्वर में कहा, "तुम्हारे इन शब्दों की सजा मौत है; पर नियमानुसार तुम्हें क्षमा पुरस्कार में दी जाती है।"

मैं उठकर चला आया। देश-भर घूमा, कहीं ठहरा नहीं। भूख, प्यास, विश्राम और शान्ति की इच्छा ही मर गई दीखती है। बस, अब वही पत्र मेरे नेत्र और हृदय की रोशनी है। मेरा वारंट निकला [illegible] ही उस [illegible] चाहता [illegible] आँखें-मों ही मैं उसे देख और याद रख सकता हूं।

● ● ●

हमारा उत्कृष्ट कथा-साहित्य

[illegible] :	यशपाल	ज्वालामुखी :	मन्मथनाथ
[illegible] :	नागार्जुन	दिशाहीन	
भूल :	गुरुदत्त	सच और झूठ	
वनवासी	"	पत्थर की नाव	,
ममता	"	स्वप्नमयी :	विष्णु प्रभा
मैं न मानूं	"	चन्द हसीनों के खतूत	'उग्र'
परिवर्तन	"	जुहू	"
मैली चांदनी :	गुलशन नंदा	बुधुआ की बेटी	"
पराई डाल का पंछी :	अमरकांत	फागुन के दिन चार	"
आभा :	आचार्य चतुरसेन	नीना :	अमृता प्रीतम
धर्मपुत्र	"	अशू	"
पतिता	"	बन्द दरवाज़ा	"
मोती	"	हीरे की कनी	"
हृदय की परख	"	रंग का पत्ता	"
हृदय की प्यास	"	नागमणि	"
वासना के स्वर :	उपेन्द्रनाथ 'अश्क'	ग़द्दार :	कृश्न चन्दर
		एक गधे की वापसी	"
शोले :	भैरवप्रसाद गुप्त	एक गधे की आत्मकथा	"
बड़े सरकार	"	प्यास	"
मंजिल	"	सपनों का क़ैदी	"
रम्भा	"	धन गांव की रानी	"
त्यागपत्र :	जैनेन्द्रकुमार	एक चादर मैली-सी :	
प्रतीक्षा :	राजेन्द्र यादव		[illegible] बेदी
सरहदों के बीच :	कमलेश्वर	लम्बी [illegible]	

वसुन्धरा : शैलेश मटियानी	चार अध्याय : रवीन्द्रनाथ ठाकुर
आनी आखों का सपना .	उजड़ा घर ,,
शाहिन औं पुष्प	नीरजा ,,
एक रहस्य, एक सत्य : नानकसिंह	देवदास : शरत्चन्द्र चट्टोपाध्याय
रजनी : बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय	चरित्रहीन ,,
आनन्द मठ ,,	शेष प्रश्न ,,
दुर्गेशनन्दिनी ,,	विराज बहू ,,
देवी चौधरानी ,,	गृहदाह ,,
विषवृक्ष ,,	मझली दीदी : बड़ी दीदी ,,
कपालकुण्डला ,,	श्रीकान्त ,,
इन्दिरा ,,	चन्द्रनाथ ,,
दो बहनें : रवीन्द्रनाथ ठाकुर	दत्ता ,,
जुदाई की शाम ,,	परिणीता ,,
बहूरानी ,,	सुभदा ,,
काबुलीवाला ,,	पथ के दावेदार ,,
गोरा ,,	विप्रदास ,,
आंख की किरकिरी ,,	ब्राह्मण की बेटी ,,
कुमुदिनी ,,	अंतिम परिचय ,,
घर और बाहर ,,	लेन-देन ,,
मिलन ,,	

प्रत्येक पुस्तक का मूल्य एक रुपया

•

[illegible]

हिन्द ... प्राइवेट लिमिटेड
जी० ... दरा, दिल्ली—३२

- हिन्द पॉकेट बुक्स सभी अच्छे पुस्तक-विक्रेताओं, समाचारपत्र-विक्रेताओं, रेलवे बुक-स्टालों तथा रोडवेज बुक-स्टालों से मिल सकती हैं।
- देश-विदेश के प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें—उपन्यास, कहानी, कविता, नाटक, उर्दू शायरी, ज्ञान-विज्ञान, हास्य-व्यंग्य, स्वास्थ्य, स्त्रियोपयोगी एवं जीवनोपयोगी साहित्य हिन्द पॉकेट बुक्स में प्रकाशित किया जाता है। हिन्द पुस्तकें उच्चकोटि के लेखकों, आकर्षक गेटअप, सुन्दर छपाई, सस्ते दाम के लिए भारत-भर में प्रसिद्ध हैं। प्रत्येक पुस्तक का मूल्य केवल एक रुपया है। केवल कुछ पुस्तकों का मूल्य दो रुपये प्रति है, परन्तु उनकी पृष्ठ-संख्या २५० से भी ऊपर है।
- यदि आपको हिन्द पॉकेट बुक्स प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई हो तो हमें लिखें। पांच पुस्तकें एकसाथ मंगाने पर डाक-व्यय फ्री की सुविधा भी दी जाती है। यदि आप चाहते हैं कि आपको हिन्द पॉकेट बुक्स की सूचना निरन्तर मिलती रहे तो अपना नाम, व्यवसाय और पूरा पता कार्ड पर लिखकर हमें भेज दें। हम आपको नये प्रकाशनों की सूचना देते रहेंगे।

हिन्द पॉकेट बुक्स प्राइवेट लिमिटिड
जी० टी० रोड, शाहदरा, दिल्ली—३२

• हिन्द पॉकेट बुक्स सभी अच्छे पुस्तक-विक्रेताओं, न्यूज़-एजेन्टों, रेलवे बुकस्टालों तथा प्रमुख दुकानों से मिल सकती हैं।

• इस योजना के अन्तर्गत लेखकों की पुस्तकें—उपन्यास, कहानी, [illegible], [illegible], ज्ञान विज्ञान, [illegible], स्वास्थ्य, मनोविज्ञान एवं जीवनी [illegible] हिन्द पॉकेट बुक्स में प्रकाशित [illegible] है। हिन्द पुस्तकें उच्चकोटि के लेखकों [illegible] सुन्दर कवर, [illegible] छपाई [illegible] के लिए [illegible] में प्रसिद्ध हैं। प्रत्येक पुस्तक का मूल्य केवल एक रुपया है। केवल कुछ पुस्तकों का मूल्य दो रुपये प्रति है, परन्तु उनकी पृष्ठ संख्या ३५० से भी ऊपर है।

• यदि आपको हिन्द पॉकेट बुक्स प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई हो तो हमें लिखें। पाँच पुस्तकें इकट्ठा मंगाने पर डाक-व्यय की भी छूट दी जाती है। यदि आप चाहते हैं कि आपको हिन्द पॉकेट बुक्स की सूचना नियमित मिलती रहे तो अपना नाम, व्यवसाय और पूरा पता एक कार्ड पर लिखकर हमें भेज दें। हम आपको नये प्रकाशनों की सूचना देते रहेंगे।

हिन्द पॉकेट बुक्स प्राइवेट लिमिटेड
जी० टी० रोड, शाहदरा, दिल्ली-३२